RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 12 अंक 7
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 9 नवंबर, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



आडवाणी 96 साल के हुए
राष्ट्रीय-11

# दिल्ली में कृत्रिम बारिश कराने की योजना

- दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने आईआईटी कानपुर के वैज्ञानिकों के साथ क्लाउड सीडिंग तकनीक पर बैठक की
- वायु प्रदूषण के चलते स्कूलों की दिसंबर में होने वाली शीतकालीन छुट्टियां अब 9-18 नवंबर तक होंगी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



नई दिल्ली में बुधवार को घनी धुंध के बीच सड़कों पर चलते वाहन। फोटोः रंजन डिमरी

**राष्ट्रीय** राजधानी और एनसीआर में वायु गुणवत्ता गिरती जा रही है, दिल्ली सरकार 20-21 नवंबर के आसपास क्लाउड सीडिंग नामक तकनीक के माध्यम से कृत्रिम बारिश कराने की योजना बना रही है। प्रदूषण के कारण दिल्ली सरकार ने स्कूलों में दिसंबर में होने वाली जाड़े की छुट्टियों का समय बदल कर 9 से 18 नवंबर तक शीतकालीन अवकाश की घोषणा कर दी।

साथ ही ओला और उबर जैसी एप्लिकेशन-आधारित वाणिज्यिक कैब के प्रवेश पर भी प्रतिबंध लगा दिया, जो दिल्ली में पंजीकृत नहीं हैं और ऑड-ईवन कार के कार्यान्वयन को भी स्थगित कर दिया। राशनिंग योजना तब तक जारी रहेगी जब तक सुप्रीम कोर्ट वायु प्रदूषण को रोकने में इसकी प्रभावशीलता की समीक्षा नहीं करता है और उस संबंध में आदेश जारी नहीं करता। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बुधवार को कहा कि दिल्ली सरकार राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण से निपटने के लिए इस महीने क्लाउड सीडिंग के जरिए कृत्रिम बारिश कराने की योजना बना रही है। राय ने आईआईटी-कानपुर के वैज्ञानिकों के साथ एक बैठक की, जिन्होंने बताया कि क्लाउड सीडिंग की कोशिश तभी की जा सकती है जब वातावरण में बादल हों या नमी हो। मंत्री ने पत्रकारों से कहा, विशेषज्ञों का अनुमान है कि 20-21 नवंबर के आसपास ऐसे हालात बन सकते हैं।

हमने वैज्ञानिकों से बृहस्पतिवार तक एक प्रस्ताव तैयार करने को कहा है जिसे उच्चतम न्यायालय को सौंपा जाएगा। राय ने इस बात पर जोर दिया कि इस तकनीक के इस्तेमाल के लिए केंद्र और राज्य सरकारों दोनों से मंजूरी प्राप्त करना समय के हिसाब से संवेदनशील मामला है। कृत्रिम बारिश पर शोध करने वाले आईआईटी-कानपुर के वैज्ञानिकों ने 12 सितंबर को मंत्री के सामने एक प्रस्तुति दी थी। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने बताया कि कृत्रिम बारिश कराने का प्रयास केवल तभी किया जा सकता है जब बादल हों या नमी उपलब्ध हो। उन्होंने कहा कि इस संबंध में भारत में कुछ कोशिशें की गई हैं जो तेलंगाना, तमिलनाडु और कर्नाटक में की गई थी। वैश्विक स्तर पर कृत्रिम बारिश पर शोध किया जा रहा है... मूल आवश्यकता बादल या नमी की होती है। भारत में कृत्रिम बारिश पर शोध किया जा रहा है लेकिन अभी तक इसमें कोई खास प्रगति नहीं हुई है। क्लाउड सीडिंग में संघनन को बढ़ावा देने के लिए पदार्थों को हवा में फैलाया जाता है जिसके नतीजतन बारिश होती है। क्लाउड सीडिंग के लिए उपयोग किए जाने वाले सबसे आम पदार्थों में सिल्वर आयोडाइड, पोटेशियम आयोडाइड और सूखी बर्फ (ठोस कार्बन डाइऑक्साइड) शामिल हैं।

इस तकनीक का उपयोग दुनिया के विभिन्न हिस्सों में किया गया है, मुख्य रूप से वहां जहां पानी की कमी या सूखे की स्थिति होती है। अमेरिका, चीन, ऑस्ट्रेलिया और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) क्लाउड सीडिंग तकनीक का इस्तेमाल करने वाले देशों में शामिल हैं। क्लाउड सीडिंग की प्रभावशीलता और पर्यावरण पर इसके प्रभाव को लेकर शोध और चर्चा जारी है। प्रतिकूल मौसम संबंधी स्थितियों के साथ-साथ वाहनों से निकलने वाला धुआं, पराली जलाने, आतिशबाजी और अन्य स्थानीय प्रदूषण स्रोतों की वजह से हर साल सर्दियों में दिल्ली-एनसीआर में वायु गुणवत्ता खतरनाक स्तर में पहुंच जाती है। दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति के विश्लेषण के मुताबिक, राष्ट्रीय राजधानी में एक से 15 नवंबर तक प्रदूषण (शेष पेज 9)

# पराली जलाने की घटनाओं में आई तेजी

- सेटेलाइट की पकड़ में आने से बचने के लिए पंजाब और हरियाणा के किसान रात मे जला रहे फसलों के अवशेष

**राजेश कुमार।** नई दिल्ली



पंजाब के कपूरथला में खेत में पराली जलाता किसान।

**पंजाब,** हरियाणा और उत्तर प्रदेश में धान की कटाई जोरों पर होने के कारण पराली जलाने की घटनाओं में वृद्धि देखी गई है, लेकिन उपग्रहों द्वारा रिकॉर्ड किए गए खेत की आग के आधिकारिक आंकड़ों में यह वृद्धि प्रतिबिंबित नहीं होती है। ऐसी खबरें हैं कि पंजाब और हरियाणा में किसान परिक्रमा कर रहे उपग्रहों द्वारा पता लगाने से बचने के लिए रात में पराली जलाने का समय निर्धारित कर रहे हैं। पूछताछ से पता चला कि खेत में आग लगने की सभी घटनाओं का पता नहीं चल पाता क्योंकि सैटेलाइट इमेजिंग चौबीसों घंटे नहीं की जाती है।

तकनीकी कारणों से रात के समय लगने वाली आग का उपग्रहों द्वारा भी पता नहीं चल पाता है। लुधियाना में 70,286 किसानों में से 56,229 (80 प्रतिशत) ने धान की फसल काट ली, लेकिन केवल 993 खेतों में आग लगने की सूचना मिली और अब तक केवल 118 किसानों पर जुर्माना लगाया गया, जो स्पष्ट रूप से इंगित करता है कि बड़ी संख्या में पराली जलाने की घटनाओं का पता नहीं चल पा रहा है। ऐसा इन तीनों राज्यों के लगभग सभी जिलों में हो रहा है। किसान उस खामी का फायदा उठा रहे हैं, जहां रोजाना पराली जलाने की गिनती रात 8 बजे तक अपडेट की जानी चाहिए, इस समय के बाद आग लगा दी जाती है।

सैटेलाइट इमेजिंग भी चौबीसों घंटे नहीं की जाती है, जिससे कुछ आग पर किसी का ध्यान नहीं जाता है। हरियाणा में, हरियाणा अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र खेत में आग का पता लगाने के लिए उपग्रह इमेजिंग का उपयोग कर रहा है। हालाँकि, यह इमेजिंग चौबीसों घंटे आयोजित नहीं की जाती है। इसके अलावा, रडार और सैटेलाइट घने बादलों के कारण पराली जलाने का पता नहीं लगा पाते हैं। अधिकारियों के अनुसार, पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में किसानों द्वारा धान की कटाई सर्दियों के दौरान उपग्रहों द्वारा पता लगाए गए मामलों से अधिक है। आग का पता लगाने के लिए उपयोग किया जाने वाला डेटा नासा के विज़बिल इन्फ्रारेड इमेजिंग रेडियोमीटर सूट और मॉडरेट रेजोल्यूशन इमेजिंग स्पेक्ट्रोरेडियोमीटर से प्राप्त होता है।

सुओमी नेशनल पोलर-ऑर्बिटिंग पार्टनरशिप (एसएनपीपी) उपग्रह पर लगे सेंसर का रिज़ॉल्यूशन 375 मीटर वर्ग है, जिसका अर्थ है कि यह 375×375 वर्ग मीटर के क्षेत्र में आग का सटीक पता लगा सकता है, जो लगभग 17 क्रिकेट मैदानों के आकार के बराबर है। इस क्षेत्र में एक भी आग को पूरे क्षेत्र के लिए जिम्मेदार माना जाएगा, और इसी तरह, इस क्षेत्र में कई आग को एक आग के रूप में गिना जाएगा। भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान द्वारा संचालित कंसोर्टियम फॉर रिसर्च ऑन एग्रोइकोसिस्टम मॉनिटरिंग एंड मॉडलिंग फ्रॉम स्पेस, जो पराली जलाने की (शेष पेज 9)

# नीतीश ने बयान पर मांगी माफी प्रधानमंत्री मोदी ने साधा निशाना

- कहा- जदयू के वरिष्ठ नेता की टिप्पणी पर इंडिया गठबंधन के किसी नेता ने नहीं जताई आपत्ति

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/पटना/भोपाल



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने बुधवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर हमला बोलते हुए कहा कि विपक्षी गुट ने दुनिया के सामने भारत का अपमान किया है। जदयू के वरिष्ठ नेता का नाम लिए बिना मोदी ने कहा कि उनकी अपमानजनक टिप्पणियों पर इंडिया गठबंधन के किसी भी नेता ने आपत्ति नहीं जताई।

मध्य प्रदेश के गुना में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए पीएम ने कहा कि उन्हें कोई शर्म नहीं है...क्या वे इतने नीचे गिर जाएंगे। इससे पहले दिन में नीतीश ने जनसंख्या वृद्धि को नियंत्रित करने के लिए महिलाओं की शिक्षा के महत्व पर एक दिन पहले की गई टिप्पणी के लिए बिहार विधानसभा के दोनों सदनों के साथ-साथ बाहर भी माफी मांगी। जदयू के वरिष्ठ नेता पर उनके इंडिया गठबंधन सहयोगियों के साथ-साथ भाजपा, जो लंबे समय से नीतीश की सहयोगी थी, सहित हर तरफ से हमले का सामना करना पड़ा।

पीएम मोदी ने कहा कि एक राजनेता जो इंडिया गठबंधन के ध्वजवाहक के रूप में कार्य कर रहा है और वर्तमान केंद्र सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए कई खेल खेल रहा है; इस नेता ने विधानसभा के अंदर महिला (शेष पेज 9)

# महुआ मामले में स्वीकार की जा सकती है रिपोर्ट

- लोकसभा की आचार समिति की बैठक आज

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**लोकसभा** की आचार समिति बृहस्पतिवार को बैठक करेगी जिसमें तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ लगे रिश्वत लेकर सवाल पूछने के आरोप के मामले में एक मसौदा रिपोर्ट स्वीकारी जा सकती है। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने मोइत्रा के खिलाफ लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से शिकायत की थी। उन्होंने मोइत्रा पर उपहार के बदले व्यवसायी दर्शन हीरानंदानी के इशारे पर अडाणी समूह को निशाना बनाने के लिए लोकसभा में सवाल पूछने का आरोप लगाया था। इस 15 सदस्यीय समिति में भाजपा के सात, कांग्रेस के तीन और बसपा, शिवसेना, वाईएसआर कांग्रेस पार्टी, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी और जनता दल (यूनाइटेड) के एक-एक सदस्य हैं। समिति द्वारा मोइत्रा के खिलाफ आरोपों पर गंभीर रुख अपनाने की संभावना है, खासकर तब जब पिछली बैठक में विपक्षी सदस्यों के साथ गुस्से में बाहर निकलने से पहले तृणमूल कांग्रेस की सांसद ने समिति के प्रमुख विनोद कुमार सोनकर पर अशोभनीय और व्यक्तिगत सवाल पूछने का आरोप लगाया था।

ऐसे संकेत मिले हैं कि विपक्षी सदस्यों के असहमति नोट दिए जाने की संभावना के बीच समिति लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को अपनी रिपोर्ट में तृणमूल कांग्रेस सांसद के खिलाफ कार्रवाई की सिफारिश कर सकती है। कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक इसके सदस्य एन उत्तम कुमार रेड्डी और वी वैथिलिंगम असहमति नोट सौंपेंगे। कांग्रेस कोटे से समिति की (शेष पेज 9)



### विश्व कप क्रिकेट

- **परिणामः** इंग्लैंड ने नीदरलैंड को 160 रन से हराया
- **आजः** न्यूजीलैंड और श्रीलंका

## क्विक न्यूज

### ज्ञानवापी विवाद में सुनवाई अब एक दिसंबर को होगी

**प्रयागराज, वाराणसी।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बुधवार को ज्ञानवापी मस्जिद और काशी विश्वेश्वर नाथ मंदिर विवाद मामले में सुनवाई टाल दी। कोर्ट ने दोनों पक्षकारों की सहमति के बाद अब इस मामले में एक दिसंबर को सुनवाई करने का आदेश पारित किया है। वहीं वाराणसी की जिला अदालत ने ज्ञानवापी परिसर स्थित व्यास जी के तहखाने की चाबियों को डीएम को सौंपने के मामले में बुधवार को सुनवाई करते हुए आदेश को 18 नवंबर के लिए सुरक्षित रख लिया। अंजुमने इंतजामिया मसाजिद और सुन्नी वक्फ बोर्ड की ओर से दाखिल याचिका पर मुख्य न्यायमूर्ति प्रीतिंकर दिवाकर की पीठ सुनवाई कर रही थी।

# भारत ऑर्गेनिक्स उपलब्ध कराएगा जैविक उत्पाद

- केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने नई सहकारी संस्था एनसीओएल का भारत ऑर्गेनिक्स ब्रांड किया जारी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



नेशनल कोऑपरेटिव ऑर्गेनिक्स लिमिटेड का भारत ऑर्गेनिक्स ब्रांड जारी करने के दौरान विचार व्यक्त करते अमित शाह

**सहकारिता** मंत्री अमित शाह ने बुधवार को नव सृजित नेशनल कोऑपरेटिव ऑर्गेनिक्स लिमिटेड (एनसीओएल) का भारत ऑर्गेनिक्स ब्रांड जारी किया। उन्होंने कहा कि यह भारत और विदेशों में सबसे भरोसेमंद ब्रांड बनकर उभरेगा।

मंत्री ने कहा कि खुद को सबसे भरोसेमंद ब्रांड के रूप में स्थापित करने के लिए सरकार देशभर में राष्ट्रीय पादप संरक्षण संगठन (एनपीपीओ) द्वारा अनुमोदित प्रयोगशालाओं की संख्या मौजूदा 34 से बढ़ाएगी। शाह ने एनसीओएल का लोगो, वेबसाइट और ब्रोशर भी जारी किया। साथ ही उन्होंने पांच सहकारी समितियों को एनसीओएल सदस्यता प्रमाणपत्र प्रदान किए। एनसीओएल का मुख्यालय गुजरात में है। इसकी स्थापना मल्टी स्टेट कोऑपरेटिव सोसायटी एक्ट 2002 के तहत इस साल 25 मार्च को की गई थी। इसका मुख्य प्रवर्तक राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड है। शाह ने यहां सहकारी समितियों के जरिए जैविक उत्पादों को बढ़ावा देने पर एक राष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा, एनसीओएल जैविक उत्पादकों के लिए एक मंच है।

आज हम भारत ऑर्गेनिक्स ब्रांड के तहत छह उत्पाद जारी कर रहे हैं और दिसंबर तक ऐसे 20 उत्पाद लाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि छह जैविक उत्पाद अरहर दाल, चना दाल, चीनी, राजमा, बासमती (शेष पेज 9)



# सांप तस्करी मामला: एल्विश से 3 घंटे में 25 सवाल पूछे

## वकीलों के साथ थाने पहुंचा, 3 बार पानी मांगा, आरोपों से किया इनकार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

सांप तस्करी और रेव पार्टी मामले में बिग बॉस विनर एल्विश यादव मंगलवार रात 2 बजे नोएडा के सेक्टर-20 थाने पहुंचा। एल्विश अपने साथ 7 वकील लेकर पहुंचा। थाने में करीब 3 घंटे तक एल्विश मौजूद रहा। इस दौरान पुलिस ने एल्विश से 25 सवाल पूछे।


एल्विश यादव

सूत्रों के मुताबिक, इस दौरान वह काफी डरा नजर आया। रेव पार्टी, सांप का नशा, सांप तस्कर राहुल से कनेक्शन से जुड़े हुए सवाल उससे पूछे गए। ज्यादातर आरोपों को एल्विश ने नकार दिया। कहा कि उसका इससे कोई कनेक्शन नहीं है।

इस पूछताछ के दौरान एल्विश ने 3 बार पानी मांगा, 1 कप चाय भी पी। तड़के 5 बजे एल्विश थाने से बाहर आया और हरियाणा चला गया। एल्विश से पूछताछ के दौरान डीसीपी भी मौजूद रहे हैं। एल्विश को बुधवार को भी पूछताछ के लिए बुलाया गया है। इससे पहले, मंगलवार को नोएडा पुलिस ने एल्विश यादव को नोटिस भेजा था।

इस नोटिस में लिखा था, कोतवाली सेक्टर-49 की एक एफआईआर में आपका नाम शामिल है। जितनी जल्दी हो सके, कोतवाली सेक्टर-20 में उपस्थित होकर अपना बयान दर्ज कराएं और जांच में सहयोग करें। सूत्रों के मुताबिक, नोएडा पुलिस की तरफ से नोटिस जारी होने के बाद एल्विश ने पुलिस से संपर्क किया था। उसने पुलिस से देर रात का टाइम पूछताछ के लिए रखने की कहा था। इस पर नोएडा पुलिस सहमत हो गई।

रात 2 बजे तय समय के मुताबिक, वह थाने पहुंचा। सांप तस्करी से जुड़ा केस सेक्टर-49 में दर्ज हुआ था। हालांकि, एफआईआर दर्ज होने के तीन बाद ही इस थाने के प्रभारी को लाइन हाजिर कर दिया था। इसके बाद केस को सेक्टर-20 थाने में ट्रांसफर कर दिया गया।

अब इस केस की जांच इंस्पेक्टर कैलाश नाथ कर रहे हैं। मंगलवार रात उन्होंने ही एल्विश से पूछताछ की। वकील साथ में होने की वजह से वो बीच-बीच में हनक भी दिखाता रहा। इंस्पेक्टर ने पहले उससे पार्टी और उसके दोस्तों राहुल के कनेक्शन के बारे में पूछा। फिर वेनम और सांप के अरेंजमेंट के बारे में सवाल किए। एल्विश ने सभी से इंकार किया।

एल्विश भले ही रेव, स्नेक वेमन अरेजमेंट के कनेक्शन से इनकार कर रहा हो, लेकिन सूत्रों के मुताबिक पुलिस को सांप तस्कर राहुल और एल्विश के बीच बातचीत के रिकॉर्ड मिले हैं।

सीडीआर यानी कॉल डेटा रिकॉर्ड में दोनों के बीच ज्यादातर बार 1 से 2 मिनट बातचीत हुई। पुलिस अब यह जांच कर रही है कि जिन-जिन तारीख को एल्विश और राहुल के बीच बातचीत हुई, क्या उन तारीख या उसके आसपास एल्विश ने कोई पार्टी ज्वाइन की या कोई पार्टी ऑर्गेनाइज की।

अगर ऐसा है, तो दोनों के बीच कनेक्शन बिल्टअप हो जाएगा। पुलिस के एक सीनियर अधिकारी ने यह भी बताया कि ज्यादातर कॉल वॉट्सऐप से की गई। अब तक की पुलिस जांच में सामने आया कि राहुल बिचौलिया है।

यानी सांप, सपेरे, ट्रेनर, वेनम लाने की जिम्मेदारी उसकी होती थी। पार्टी ऑर्गनाइजर कोई भी हो, राहुल से संपर्क करने पर उनको वह सब मिलेगा जो उन्हें रेव पार्टी में चाहिए। वन विभाग ने सांपों को छोड़ने की अर्जी अदालत में पेश की थी। अदालत के आदेश पर सभी सांप जगल में छोड़ दिए गए।

वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जहरीले सांपों को सूरजपुर स्थित जंगल में छोड़ दिया गया है। बरामद नौ सांपों की सोमवार को वन विभाग के चिकित्सकों ने मेडिकल जांच की थी।

### 5 कोबरा की विष ग्रंथि निकाली गई

*वन विभाग ने तस्करों के पास से जिन 9 सांप को बरामद किया। उसकी मेडिकल रिपोर्ट आ चुकी है। 5 कोबरा की विष ग्रंथि निकाली गई थी। जबकि 4 सांप विषैले नहीं थे। वन्यजीव संरक्षण कानून के मुताबिक, सांप की विष ग्रंथि निकलना क्रूरता है। 7 साल तक की सजा का प्रावधान है। कोर्ट की अनुमति के बाद सूरजपुर स्थित जंगल में भी सभी सांप को छोड़ दिया गया है। वन विभाग के मुताबिक, वन्यजीव संरक्षण अधिनियम में किसी को भी सांपों के साथ खेलने उसे पालने का अधिकार नहीं है। कुछ विशेष समुदाय के लोगों को इससे रियायत दी गई है। लेकिन इसके लिए उन्हें लाइसेंस लेना होता है। सांपों के साथ खेलने पर भी सजा का प्रावधान है। नोएडा पुलिस ने भी इसे आधार बनाकर जांच को रफ्तार दी है। इसीलिए एल्विश की मुश्किलें बढ़ना तय है। वहीं, इस मामले में वन मंत्री अरुण सक्सेना ने कहा है कि दोषियों को बक्शा नहीं जाएगा।*

# दबंगों ने पहले पीटा फिर कुत्ते से कटवाया

- थाना फेज-2 में मुकदमा दर्ज कर पुलिस कर रही जांच

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा के याकूबपुर गांव में कुछ दबंग लोगों ने तीन लोगों को पहले बुरी तरह पीटा उसके बाद अपने पालतू कुत्ते को उन पर छोड़ दिया। कुत्ते ने उन लोगों पर हमला कर उन्हें बुरी तरह जख्मी कर दिया। घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया। इस मामले में थाना फेज-2 मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

इलाहाबास गांव के रहने वाले पंडित चुन्नी लाल शर्मा ने बताया कि मेरा बेटा मोहित शर्मा, पोता तुषार शर्मा और मेरा भाई कमल शर्मा मंगलवार की रात इलाहाबास से याकूबपुर गांव जा रहे थे। कुछ दिन पहले नोएडा प्राधिकरण ने याकूबपुर गांव की सड़कें बनवाई थी। इसी सड़क को कुछ दबंग ग्रामीणों ने गांव की आने जाने वाली सड़क को बांस.बल्ली से बंद कर रखा था। बास बल्ली हटाकर वो आगे बढ़े तो गांव के 4 से 5 दबंगों ने उन पर लाठी डंडों से हमला कर दिया। उनको बहुत बुरी तरह मार पीट कर अधमरा कर दिया। मारपीट के बाद भी वो शांत नहीं हुए तो आरोपियों ने उन पर अपना पालतू कुत्ता छोड़ दिया। कुत्ते ने पीड़ितों को कई जगह पर काटा।

दबंग हमलावरों और उनके कुत्ते से बचने के लिए उन लोगों ने आवाज लगाई। उनकी आवाज सुनकर उनके ताऊ लच्छुराम शर्मा पहुंचे और उनको किसी तरह दबंगों और कुत्ते से बचाया। उनको इलाज के लिए अस्पताल में ले गए। पीड़ित ने स्थानीय पुलिस को शिकायत देते हुए अपनी आप बीती सुनाई।

### तांत्रिक के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई, संपत्ति कुर्क

**नोएडा।** विशेष अदालत के आदेश पर नॉलेज पार्क थाने की पुलिस ने तांत्रिक फैजान की एक करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति को गैंगस्टर अधिनियम के तहत कुर्क किया।

तांत्रिक ने इलाज का झांसा देकर एनआरआई से तीन करोड़ की ठगी की थी। पुलिस के प्रवक्ता ने बताया कि बीटा-दो थाने में एनआरआई संजय शर्मा की पत्नी ने शिकायत दर्ज कराई थी और आरोप लगाया था कि तांत्रिक ने अपने साथियों के साथ मिलकर एनआरआई संजय शर्मा से तीन करोड़ रुपए की ठगी की।

# पराली जलाने वालों पर सैटेलाइट से निगरानी, 18 नए मामले सामने आए

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद सहित दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण लोगों का दम घोंट रहा है। प्रदूषण की रोकथाम के लिए तमाम तरह के प्रतिबंध लगाए जा रहे हैं।

जिले में भी पराली, कूड़ा, फसल अवशेष जलाने वालों पर सैटेलाइट से निगरानी रखी जा रही है। इतना ही नहीं सैटेलाइट के अलावा क्षेत्र में टीमें भ्रमण कर रही हैं ताकि कहीं कोई घटना होने पर तत्काल एक्शन लिया जा सके। अब तक जिले में 18 मामले पकड़ जा चुके हैं जिसमें तीन घटनाएं नगर निगम से हैं जिसमें निगम कर्मचारी कूडा जलाते सैटेलाइट की पकड़ में आ गए।

इसके अलावा पराली जलाने के 5 मामले, गन्ने की पत्ती जलाने चार मामले निगम द्वारा कूड़ा जलाए जाने के छह मामले, हापुड के तीन मामले पकड़ में आए।

छह स्थानों पर सैटेलाइट ने मामला पकड़ा लेकिन जिला प्रशासन को वहां की लोकेशन की सटीक जानकारी नहीं मिल सकी।

## संक्षिप्त समाचार

### मस्तिष्क की जटिल सर्जरी करके बचाई जान




**नोएडा।** गाड़ी चलाते समय सड़क के डिवाइडर से टकराने के बाद गंभीर सिर की चोट से पीड़ति महिला की जटिल सर्जरी करके डॉक्टरों ने जान बचाई है। फोर्टिस हॉस्पिटल ग्रेटर नोएडा के डॉक्टरों ने एक जटिल सर्जरी की। अस्पताल लाई गई महिला की आंख की पुतली में कोई हलचल नहीं होने और मस्तिष्क के दाहिने तरफ एक बड़ा थक्का बन जाने के बावजूद डॉक्टरों ने अपनी कुशलता से उसकी जान बचा ली। ग्रेटर नोएडा के फोर्टिस हॉस्पिटल के न्यूरोसर्जरी के कंसल्टेंट डॉ. प्रशांत अग्रवाल ने कहा, जब हमने मरीज की जांच की, तो उसको सांस लेने में तकलीफ हो रही थी। सीटी स्कैन में यह पता चला कि उसके मस्तिष्क के दाहिने तरफ एक रक्त का बड़ा थक्का जमा था। फोर्टिस हॉस्पिटल, ग्रेटर नोएडा के फैसिलिटी डायरेक्टर प्रमित मिश्रा ने हमारे डॉक्टरों ने जीवन रक्षक सर्जरी की और मरीज की जान बचाई।

### कुमार विश्वास के काफिले पर हमले करने का आरोप

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में कवि कुमार विश्वास के काफिले पर हमला हुआ है। बुधवार को कुमार विश्वास गाजियाबाद से अलीगढ़ जा रहे थे, तभी हिंडन नदी के पास एक कार चालक ने उनके स्कॉट में शामिल गाड़ी में टक्कर मार दी। टक्कर मारने वाले की पहचान डॉक्टर पल्लव वाजपेई के रूप में हुई है। डॉक्टर का आरोप है कि कुमार विश्वास के सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें बुरी तरह से पीटा है। फिलहाल, दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ गाजियाबाद के इंदिरापुरम थाने में शिकायत की है। कवि कुमार विश्वास गाजियाबाद के वसुंधरा इलाके में रहते हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है। वहीं इस मामले में डॉक्टर पल्लव का कहना है, मैं हॉस्पिटल जा रहा था। रास्ते में पुलिस की गाड़ी आई। उसने ओवरटेक करने के लिए हाथ से इशारा किया, तो मैंने साइड देकर जाने दिया। इसके बाद पीछे से काले रंग की एक गाड़ी आई। उसमें सवार लोग बहस करने लगे। कहने लगे कि मुझे गाड़ी चलानी नहीं आती। उन्होंने मेरी गाड़ी रुकवाई। बहस, हाथापाई और फिर मारपीट करके वो चले गए।

### जीवन में नयापन देती है दीपावली: वीके सिंह

**गाजियाबाद।** ब्रह्माकुमारीज द्वारा दीपावली महोत्सव में मुख्य अतिथि सांसद एवं केंद्रीय राज्य मंत्री जनरल डॉ. वीके सिंह ने दीपावली महोत्सव की शुभकामनाएं दी। उन्होनें कहन कि पुराने की सफाई तथा जीवन में खुशियां व आनंद का अनुभव करते हुए पूरा भारत जैसे प्रकाशमान हो जाता है। ब्रह्माकुमारीज में आकर मन की दिव्यता बढ़ जाती है। रूपा, दीपांशी बहन, भावना बहन आदि ने सारी व्यवस्था देखी। इस अवसर पर पूर्व पार्षद संजीव त्यागी, आरडब्ल्यूए के पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन ब्रह्माकुमार रमेश भाई ने किया। कर्नल बिष्ट, अनिल त्यागी, विजय तोमर, बालेश्वर, डा वरुण, ओम प्रकाश ने कार्यक्रम में भाग लिया।

### जय श्रीराम के नारे पर बवाल, कॉलेज ने दी सफाई

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के थाना वेव सिटी स्थित सुंदरदीप कॉलेज में सोमवार को जय श्री राम नारा लगाने पर विवाद हो गया था। दरअसल, कॉलेज में फ्रेशर पार्टी थी जिसके बाद छात्र जब बाहर निकल रहे थे तो उन्होंने जय श्री राम का नारा लगा दिया। इस पर कॉलेज के सिक्योरिटी इंचार्ज ने आपत्ति जाहिर की थी। सिक्योरिटी इंचार्ज और छात्रों के विवाद का वीडियो भी सामने आया था। इस बवाल को लेकर मौके पर पुलिस भी पहुंची थी और कुछ हिंदू संगठन भी इस मामले में एक्टिव हुए थे। मामला बढ़ता देख कॉलेज प्रशासन साइलेंट मोड पर चला गया था। अब कॉलेज के सिक्योरिटी इंचार्ज राय का एक वीडियो सामने आया है। जिसमें उसका कहना है कि उसकी कोई गलत मंशा नहीं थी और अगर किसी को उसकी बात से ठेस पहुंची है तो वह माफी चाहता है। वही इस मामले में छात्र कालेज प्रबंधन या किसी अन्य की तरफ से पुलिस को कोई सूचना नहीं दी गई है। आपको बता दें कि गाजियाबाद के ही एबीईएस कॉलेज में भी प्रोग्राम के दौरान जय श्री राम का नारा लगाने पर दो टीचरों ने छात्रा को रोक दिया था। इसके बाद बवाल बड़ा था और कॉलेज प्रशासन को दोनों टीचरों को सस्पेंड करना पड़ा था।

# कम पैसों में नौकरी के लिए विदेश भेजने के नाम पर 200 लोगों से ठगी, आरोपी फरार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

इराक और अजरबैजान में निर्माण कंपनी में नौकरी दिलाने का झांसा देकर 200 से अधिक लोगों के साथ ठगी करने का मामला जनपद के फेस-वन थाने में सामने आया है।

पुलिस उपायुक्त हरीश चंदर ने बताया कि पीड़ितों से शिकायत ले ली गई है और मामले की जांच की जा रही है। पुलिस को दी गई शिकायत में पीड़ितों ने बताया कि उन्होंने सोशल मीडिया पर विज्ञापन देखा जिसमें कम पैसों में विदेश में नौकरी लगवाने की बात कही गई थी। शिकायत के मुताबिक, उन्होंने विज्ञापन में दिए गए नंबर पर फोन किया जो अरुण कुमार नाम के व्यक्ति ने उठाया और बताया कि नोएडा के सेक्टर दो स्थित एडीएम इंटरप्राइजेज बिल्डिंग में उसका ऑफिस है।

पीड़ितों ने शिकायत में बताया कि वीजा और सभी दस्तावेज कंपनी की तरफ से बनवाए जाने की बात कही गई और इसके लिए उनसे 50 से 80 हजार रुपए खातों में ट्रांसफर करवाए गए। शिकायत में कहा गया कि आरोपियों ने नौकरी के इच्छुक लोगों को सात नवंबर को नोएडा सेक्टर-दो स्थित ऑफिस बुलाया गया और यहीं टिकट समेत अन्य दस्तावेज देने की बात कही गई। मंगलवार को जब विदेश जाने के लिए 30 से अधिक लोग कंपनी के ऑफिस पहुंचे तो वहां ताला लगा हुआ था।

इसके बाद उन्हें ठगी का पता चला। जिसके बाद पीड़ितों ने फेस-वन थाने में आरोपियों के खिलाफ शिकायत दी। पीड़ितों में से एक गोरखपुर निवासी पवन कुमार मौर्य ने बताया कि वह इसी ऑफिस में पहले आरोपी से मिल चुका था।

ठगी के शिकार लोगों में अधिकांश उत्तर प्रदेश, बिहार और उत्तराखंड के बताए जा रहे हैं। शिकायत में कहा गया कि आरोपियों ने 200 से अधिक लोगों से विदेश में नौकरी लगवाने के नाम पर ठगी की है।

# बिल्डर-बायर्स विवाद को हल करने के लिए नौ सदस्यीय समिति गठित

- शिकायतों के जल्द निस्तारण के लिए पहल

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा में बिल्डर या एओए और फ्लैट बायर्स के विवादों को हल करने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने बड़ी पहल की है। बिल्डर या एओए की तरफ से फ्लैट बायर्स को ट्रांसफर मेमोरंडम के लिए एनओसी जारी न करने, सोसाइटी में एओए का गठन, सोसाइटी का आईएफएमएस फंड का हस्तांतरण जैसे विवादित मसलों को हल कराने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की तरफ से एक समिति का गठन किया गया है।

यह समिति आगामी 21 नवंबर व 12 दिसंबर और अगले साल 3 जनवरी को बैठक करेगी। ग्रेटर नोएडा में करीब 200 सोसाइटियां विकसित हुई हैं। विवादों को शीघ्र निस्तारित करने के लिए प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने एसीईओ की अध्यक्षता में नौ सदस्यीय समिति का गठन किया है। प्राधिकरण के एसीईओ सौम्य श्रीवास्तव इस समिति के अध्यक्ष बनाए गए हैं।

शेष 8 सदस्य नामित किए गए हैं, जिनमें ओएसडी बिल्डर्स, महाप्रबंधक नियोजन, महाप्रबंधक परियोजना, महाप्रबंधक वित्त, प्रभारी विधि, प्रबंधक बिल्डर्स और क्रेडाई की तरफ से नामित दो सदस्य शामिल हैं। यह समित विवादों को बैठक कर सुलझाएगी। इसके लिए समिति तीन बार बैठक करेगी।

# हत्या के आरोप में भाई समेत चार गिरफ्तार

- मां से मारपीट करने पर था नाराज

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

गौतमबुद्ध नगर के थाना जारचा क्षेत्र में तीन दिन पूर्व एक युवक की हत्या करने के बाद उसका शव नहर में फेंकने के आरोप में पुलिस ने बुधवार को मृतक के भाई सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया।

प्रभारी निरीक्षक ज्ञान सिंह ने बताया कि छह नवंबर को थाना जारचा क्षेत्र में एक नहर में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला था। सिंह ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पता चला कि युवक की गला दबाकर हत्या की गई थी। उन्होंने कहा कि मृतक की बुलेट मोटरसाइकिल मौके पर पाई गई थी। थाना प्रभारी ने बताया



कि जांच के दौरान मृतक की पहचान आशुतोष उर्फ अंशु (उम्र करीब 30 साल) के रूप में हुई जो ग्राम धूम मानिकपुर का रहने वाला था।

उन्होंने बताया कि बीती रात को पुलिस ने इस मामले में हत्या की धारा में मामला दर्ज करके मृतक के भाई राहुल, उसके दोस्त दीपक, सुनील तथा निशु को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला कि मृतक शराब पीने का आदी था। पुलिस ने कहा कि वह शराब पीकर अपने भाई और मां के साथ अक्सर मारपीट करता था और घटना वाले दिन भी उसने दोनों से मारपीट की थी। पुलिस ने कहा कि मृतक के भाई राहुल ने अपनी मां को मौसी के घर भेज दिया तथा अपने तीन साथियों की मदद से आशुतोष की गला दबाकर हत्या कर दी और शव को ठिकाने लगाने के उद्देश्य से उसे नहर में फेंक दिया।

### बदमाशों से मुठभेड़ में एक को लगी गोली

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में मंगलवार की रात को बदमाशों और पुलिस के बीच मुठभेड़ हो गई। जिसमें एक बदमाश पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया। वहीं दूसरा अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया।

गोली लगे बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। एसीपी कविनगर अभिषेक श्रीवास्तव के मुताबिक पकड़ा गया बदमाश पीयूष उर्फ बिट्टू है। इसने थाना कवि नगर क्षेत्र के गोविंदपुर मिलकर में 3 तारीख की रात को लाइब्रेरी से पढ़कर घर आ रही छात्रा से मारपीट करके मोबाइल लूट लिया था। पुलिस के मुताबिक बिट्टू पर एक दर्जन से अधिक मुकदमे कायम है। पुलिस के साथ मुड़भेड़ में जहां पीयूष गोली लगने से घायल हुआ है।

# गैंगस्टर टोनी और पिंकी गैंग के बीच गैंगवार

- शालीमार गार्डन पुलिस बदमाशों के सामने हुई लाचार

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

बदमाशों के सामने कमिश्नरेट विशेषकर ट्रांस हिड़न जोन की पुलिस कितनी बेबस हो गई है इसका जीता जागता प्रमाण उस समय मिल गया कि जब बेखौफ बदमाशों के दो गुटों के बीच पप्पू कॉलोनी में हुई गैंगवार के दौरान घंटों तक फायरिंग हुई।

इस दौरान जहां दोनों गैंग के दर्जनों अपराधियों के बीच जमकर मारपीट व पत्थरबाजी हुई, वहीं इस दुस्साहसिक गैंगवार के दौरान दोनों गैंग के तीन बदमाश गोली लगने से व कई पत्थर लगने से घायल हुए। गौरतलब है कि 6/7 की रात हुई इस गैंगवार के दौरान जहां दोनों गैंग एक दूसरे के खुन के प्यासे होकर घंटों तक फायरिंग व पत्थरबाजी करते रहे वहीं इतनी सनसनीखेज एवं संगीन



वारदात की या तो शालीमार गार्डन थाना पुलिस को सूचना नहीं मिली या फिर पुलिस ने सूचना होने के बाद भी मौके पर पहुंचना गंवारा नहीं किया।

बाहराल इस सनसनीखेज पराधिक घटना के घंटों बाद जागी शालीमार गार्डन पुलिस ने अपने हल्का प्रभारी एसआई मंगल सिंह की तहरीर पर दोनों गैंग के दो दर्जन से अधिक बदमाशों को नामजद करके पचास से अधिक अपराधियों के खिलाफ अपराधिक धारा 307, 336, 147, 148, 149 व 7 क्रिमिनल एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज करके चा अभियुक्तों का गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक घनास्थल से 315 व 32 बोर के दर्जनों कारतूस भी बरामद हुए। इस संदर्भ में एसीपी शालीमार गार्डन सूर्यबली मौर्य ने बताया दिल्ली एनसीआर में गैंग स्थापित करके संगीन वारदातों को अंजाम देने वाले टोनी उर्फ जावेद व निवासी न्यू सीमापुरी व पिंकी पत्नी आजाद निवासी न्यू सीमापुरी दिल्ली गैंग के बीच अपराधिक साम्राज्य पर वर्चस्व को लेकर रविवार से झड़पें शुरू हो गई थी।

इन झड़पों की शुरूवात उस समय हुई कि जब जावेद गैंग ने पिंकी गैंग के तीन सदस्यों को बुरी तरह पीट दिया। उक्त घटना के कुछ समय बाद ही पिंकी गैंग ने भी जावेद गैंग के चार-पांच बदमाशों को पीट दिया। उसके बाद दोनों गैंग के दर्जनों हथियारबंद बदमाश पप्पू कॉलोनी में एक दूसरे के सामने गोलियां एवं पत्थर चलाने लगे। मौर्य ने बताया कि इस गोली बारी में जहां दोनों गैंग के तीन अपराधियों गोली लगी वहीं कई अन्य पत्थर लगने से चोटिल हो गये। पुलिस ने दोनों गैंग के कई अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है।

सांकेतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank

**शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005.

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कपिल राणा/ अंजना राणा/ LBMRT00002921251/ LBMRT00002893889 | प्लॉट नंबर डी-79, यूरोपेन स्टेट कॉलोनी, राजस्व गाँव नंगलाताशी कासमपुर, कांकेर खेड़ा, परगना, तहसील और जिला मेरठ, उत्तर प्रदेश/ नवंबर 04, 2023 | मई 18, 2023 रु. 38,69,095/- | नोएडा/ मेरठ |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

**दिनांक : नवंबर 09, 2023**
**स्थान : नोएडा**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लि.**

सांकेतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank

**शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005.

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | प्राची साहू/ रीना साहू/ LBDEL00005981614/ LBGHZ00006050549 | फ्लैट नंबर सी 101, पहली मंजिल, टॉवर सी, मयूर विहार, ''रेज़िज़ोन रेजीडेंसी'', क्लेमेंट टाउन, सहस्त्रधारा रोड, देहरादून/ नवंबर 02, 2023 | जनवरी 25, 2023 रु. 99,51,132/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 2. | संजय कुमार/ प्रेरणा/ LBDEL00004408225 | दुकान/कार्यालय नंबर 01, ग्राउंड फ्लोर, सत्यम शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, प्लॉट नंबर सीएस-06, सेक्टर अल्फा-2, ग्रेटर नोएडा गौतम बुद्ध नगर/ नवंबर 04, 2023 | दिसंबर 19, 2022 रु. 47,14,079/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 3. | मनीष कपूर/ प्रीति कपूर/ LBNOD00005462665/ LBNOD00005918659 | फ्लैट नंबर 104, ग्राउंड फ्लोर, ब्लॉक नंबर 35, सेक्टर-ओमिइक्रोन 1 जिला गौतम बुद्ध नगर, यूपी नोएडा-201307/ नवंबर 04, 2023 | जून 21, 2023 रु. 38,87,137/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

**दिनांक : नवंबर 09, 2023**
**स्थान : दिल्ली/एनसीआर**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लि.**

सांकेतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank

**शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005.

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मनोज कुमार/ किरणबाला/ LBROH00005340250/ LBXBA00005905375 | खेवट नंबर 670/579 खतौनी नंबर 1234, खाता नंबर 905, खसरा नंबर 775, 776 मौजा बहादुरगढ़ भगत सिंह कॉलोनी, रोहतक, हरियाणा/ नवंबर 04, 2023 | जून 14, 2023 रु. 18,12,304/- | रोहतक/ दिल्ली/ बहादुरगढ़ |
| 2. | रजनीश जोशी/ वंदना देवी/ LBROH00001523658 | खसरा नंबर 2107, मौजा बहादुरगढ़ बैक साइड दयानंद नगर एम.सी. सीमा के भीतर, हरियाणा/ नवंबर 04, 2023 | जून 07, 2023 रु. 3,94,904/- | रोहतक/ दिल्ली/ बहादुरगढ़ |
| 3. | राजीव आहूजा/ रेखा रानी/ वर्षा रानी/ LBPNP00004952659/ LBPNP00004952664/ LBNOD00005332938 | मकान नंबर 842, वार्ड नंबर 7 का हिस्सा, एम. सी. सीमा के अंदर, पानीपत हरियाणा/ नवंबर 04, 2023 | मई 03, 2023 रु. 34,42,719/- | पानीपत/ दिल्ली |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

**दिनांक : नवंबर 09, 2023**
**स्थान : दिल्ली/ एनसीआर**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लि.**

# कनॉट प्लेस में बंद पड़ा स्मॉग टावर फिर से चालू

## दिल्ली सरकार ने टावर के निरीक्षण के लिए भेजी टीम

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राजधानी के कनॉट प्लेस में लंबे समय से बंद पड़े स्मॉग टावर को फिर से चालू कर दिया गया है। बढ़ते प्रदूषण पर रोकथाम के उपायों के तहत इसे फिर से शुरू किया गया है। वहीं, दिल्ली सरकार ने बुधवार को कनॉट प्लेस स्थित स्मॉग टॉवर का निरीक्षण करने के लिए एक टीम भेजी। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बताया कि इसी परिप्रेक्ष्य में डीपीसीसी को भी निर्देश दिया गया है कि वो बृहस्पतिवार तक कनाट प्लेस स्थित स्माग टावर को पूरी क्षमता के साथ शुरू करे। साथ ही रियल टाइम सोर्स अपोर्शन्मेंट अध्ययन को दोबारा शुरू किया जाए और उसकी रिपोर्ट सार्वजनिक करे। इसके अलावा बृहस्पतिवार से खुले में आग जलाने के खिलाफ भी विशेष अभियान चलाया जाएगा।

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को इस स्मॉग टावर को जल्द ही ठीक कराने के लिए सरकार को निर्देश दिए थे। कोर्ट का कहना था कि दिल्ली में वायु प्रदूषण का स्तर गंभीर श्रेणी में बना हुआ है। ऐसे में इसका चालू रहना जरूरी है। दिल्ली और इसके आस-पास के इलाकों में बुधवार को सुबह वायु गुणवत्ता फिर से गंभीर श्रेणी में दर्ज की गई। पड़ोसी राज्यों में पराली जलाने से फैल रहा धुआं राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण में एक-तिहाई योगदान दे रहा है।

एक अधिकारी ने बताया, दिल्ली सरकार के अधिकारियों की एक टीम को स्मॉग टावर के निरीक्षण के लिए भेजा गया है, जो सुनिश्चित करेगी कि टावर फिर से, तत्काल काम करे। इससे पहले दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने दावा किया था कि दिसंबर में डीपीसीसी के अध्यक्ष का प्रभार संभालने वाले कुमार ने स्मॉग टावर परियोजना पर काम कर रही आईआईटी-बॉम्बे और दूसरी एजेंसियों को दी जाने वाली धन राशि पर सरकार को सूचित किए बिना रोक लगा दी थी। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने 23 अगस्त, 2021 को कनॉट प्लेस में 24 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले स्मॉग टॉवर का उद्घाटन किया था। राज्य सरकार ने अगले दो वर्षों तक इसके प्रभाव का अध्ययन करने के लिए आईआईटी-बॉम्बे के विशेषज्ञों की एक टीम बनाई थी। राय ने स्मॉग टॉवर के आंकड़ों को साझा करते हुए कहा था कि पिछले साल इस वायु शोधक ने 50 मीटर के दायरे में वायु प्रदूषण को 70 से 80 प्रतिशत तक और 300 मीटर दायरे में वायु प्रदूषण को 15 से 20 प्रतिशत तक कम कर दिया था।

अधिकारियों ने पूर्व में कहा था कि 20 करोड़ रुपए की लागत से बना यह स्मॉग टावर करीब एक हजार क्यूबिक मीटर प्रति सेकंड की दर से एक किलोमीटर के दायरे में हवा को शुद्ध कर सकता है। अधिकारियों ने मंगलवार को कहा था कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में प्रदूषण स्रोतों को पता लगाने के लिए किए जा रहे अध्ययन को रोकने और एक स्मॉग-रोधी टावर बंद कराने के आरोप में डीपीसीसी के अध्यक्ष अश्वनी कुमार को निलंबित करने की उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना से सिफारिश की है।


कनॉट प्लेस के बाद पड़े स्मॉग टावर फिर शुरू हुए। फोटो: रंजन डिमरी।

## जहरीली हवा का प्रकोप जारी एक्यूआई गंभीर श्रेणी में

**नई दिल्ली।** दिल्ली और इसके आस-पास के इलाकों में वायु गुणवत्ता बुधवार को फिर से गंभीर श्रेणी में दर्ज की गई। राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण में से एक-तिहाई के लिए पड़ोसी राज्यों में पराली जलाने की वजह से निकलने वाला धुआं जिम्मेदार है। दिल्ली में 24 घंटे का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 426 दर्ज किया गया। यह प्रतिदिन शाम 4 बजे दर्ज किया जाता है। यह मंगलवार को 395 था। मैदानी इलाकों के कई शहरों में हवा की गुणवत्ता खतरनाक बताई गई है। पड़ोसी गाजियाबाद (384), गुरुग्राम (385), नोएडा (405) और ग्रेटर नोएडा (478) में भी वायु गुणवत्ता खराब दर्ज की गई। डिसीजन सपोर्ट सिस्टम के आंकड़ों के अनुसार, पड़ोसी राज्य विशेष रूप से पंजाब और हरियाणा में पराली जलाने की वजह से निकले धुएं में बिगड़ी वायु गुणवत्ता में 38 प्रतिशत की हिस्सेदारी रही।


प्रदूषण के परेशान विदेशी सैलानी मास्क लगाये हुए।

## शैली ओबरॉय ने मशीन से पानी का किया छिड़काव

**नई दिल्ली।** महापौर शैली ओबरॉय ने पश्चिमी दिल्ली के पंजाबी बाग प्रदूषण हॉटस्पॉट का निरीक्षण किया। यहां उनहोंने वाटर स्प्रिंकिंग मशीन द्वारा पानी का छिड़काव किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि भारी प्रदूषण वाले क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर डस्ट सप्रेसैंट पाउडर के साथ पानी का छिड़काव किया जाये। साथ ही खुले में कूड़ा जलाने और सीएंडडी अपशिष्ट नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही निर्माण गतिविधियों पर भी कड़ाई से रोक लगाई जाये। महापौर ने कहा कि दिल्ली नगर निगम और दिल्ली सरकार प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए मिलकर



काम कर रही है। उन्होंने नागरिकों से अपील की प्रदूषण के खिलाफ इस लड़ाई में निगम का सहयोग करें।

## प्रदूषण के मुद्दे पर राजनीति नहीं होनी चाहिए : नायडू

**नई दिल्ली।** पूर्व उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने बुधवार को कहा कि केंद्र, दिल्ली सरकार और पड़ोसी राज्यों को शहर में वायु प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए आम सहमति से एक फार्मूला विकसित करना चाहिए और इस मुद्दे पर कोई राजनीति नहीं होनी चाहिए। समस्या से निपटने के लिए तत्काल उपाय करने का अनुरोध करते हुए उन्होंने कहा कि यह बहुत गंभीर मुद्दा है क्योंकि यह युवाओं के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है। पूर्व राष्ट्रपति ने मीडिया से बातचीत में कहा वायु प्रदूषण की समस्या को गंभीरता से लिया जाना चाहिए क्योंकि दिल्ली भारत की राजधानी है और इसमें कोई राजनीति नहीं होनी चाहिए। हालांकि यह मूल रूप से दिल्ली सरकार का कर्तव्य है, लेकिन यह केंद्र और राज्यों की भी जिम्मेदारी है।



## ऐप-आधारित टैक्सियों पर प्रतिबंध

**नई दिल्ली। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बुधवार को कहा कि राज्य सरकार के परिवहन विभाग को उच्चतम न्यायालय के आदेशों के अनुसार ऐप-आधारित टैक्सियों पर प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया गया है। हालांकि, अधिकारियों ने बताया कि विस्तृत आदेश से ही यह स्पष्ट हो पाएगा कि प्रतिबंध इस सप्ताह से लागू होगा या सम-विषम के दौरान प्रभावी रहेगा। परिवहन विभाग के अधिकारियों ने कहा कि प्रतिबंध सिर्फ सम-विषम के दौरान लागू करने की योजना है।**

**कैब उद्योग से जुड़े सूत्रों ने कहा कि उन्हें परिवहन विभाग से कोई आधिकारिक सूचना नहीं मिली है, लेकिन उन्होंने दावा किया कि इन कैब की आवाजाही**



**पर प्रतिबंध लगाने से यात्रियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा और सार्वजनिक परिवहन के अन्य साधनों पर भी भार बढ़ेगा। अधिकारियों ने कहा कि परिवहन विभाग इस मुद्दे पर एक विस्तृत आदेश जारी करेगा और इससे चीजें स्पष्ट हो जाएंगी।**

## यमुना पर मेट्रो फेज-4 के पुल का निर्माण सितंबर तक होगा पूरा

### यह अत्याधुनिक पुल सिग्नेचर ब्रिज की तरह दिखने में आकर्षक होगा : विकास



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक विकास कुमार ने कहा है कि कैंटिलीवर निर्माण तकनीक का उपयोग करके यमुना पर बनाए जा रहे पहले मेट्रो पुल के एक हिस्से का निर्माण पूरा हो चुका है और इसके सितंबर तक पूरा होने की उम्मीद है। यह पुल यमुना पर पांचवां मेट्रो पुल है और इसका निर्माण दिल्ली मेट्रो की चल रही चरण चार परियोजना के तहत किया जा रहा है। यह अत्याधुनिक पुल सिग्नेचर ब्रिज के समान दिखने में आकर्षक होगा। जुलाई में यमुना का जलस्तर बढ़ने पर जब नदी उफान पर थी तब निर्माणाधीन पुल का काम कुछ दिनों के लिए रोक दिया गया था। कुमार ने कहा, स्थिति यह है कि लगभग 50 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। यह पुल 290 मीटर के दो हिस्सों में है, इसकी कुल लंबाई 580 मीटर है। इसके एक हिस्से का काम पूरा हो गया है।

दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने पुल पर प्रारंभिक कार्य 2020 में शुरू किया था, जो चरण चार परियोजना के तहत बनाए जा रहे मजलिस पार्क-मौजपुर गलियारे का हिस्सा है। डीएमआरसी वर्तमान में इस परियोजना के तहत 45 स्टेशन तक फैले तीन प्राथमिकता वाले गलियारों के 65.2 किलोमीटर पर निर्माण कार्य कर रहा है। यमुना पर नया पुल दो मौजूदा पुलों वजीराबाद पुल और सिग्नेचर ब्रिज के बीच बनाया जा रहा है। यह पुल पिंक लाइन के सूरघाट और सोनिया विहार स्टेशन को जोड़ेगा।

डीएमआरसी ने कहा, यह कैंटिलीवर निर्माण विधि का उपयोग करके बनाया जाने वाला यमुना पर पहला मेट्रो पुल होगा। कैंटिलीवर एक कठोर संरचनात्मक तत्व है जो क्षैतिज रूप से फैला हुआ है और केवल एक छोर पर समर्थित होता है। डीएमआरसी ने कहा कि इस परियोजना की योजना बनाने और उसे क्रियान्वित करने में कई चुनौतियां आई हैं।

बरसात के मौसम को देखते हुए हमने ज्यादातर काम समय पर कर लिया। हालांकि, कुछ चीजें थीं जो पीछे रह गईं, इसलिए हमें (हाल ही में) बाढ़ के दौरान काम रोकना पड़ा। इसलिए, काम में देरी हुई।

## पिंक लाइन पर 2 घंटे प्रभावित रही मेट्रो सेवा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

मेट्रो की पिंक लाइन में सफर करने वाले यात्रियों को बुधवार को सुबह दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

दरअसरल मजलिस पार्क से मौजपुर की ओर जाने वाली लाइन पर तकनीकी खामी आने से मेट्रो सेवा प्रभावित रहीं। जिसके चलते मायापुरी से लाजपत नगर के बीच अप ट्रैक के माध्यम से सुबह 8:25 बजे से सुबह 10:09 बजे तक सिंगल लाइन पर धीमी गति से परिचालन किया गया। जिससे ट्रेने थोड़े विलंब से चल रही थी। डीएमआरसी के अनुसार, पिंक लाइन के शेष खंड पर मजलिस पार्क से मायापुरी और लाजपत नगर से मौजपुर तक ट्रेन सेवाएं इस अवधि के दौरान अप और डाउन दोनों ट्रैक के माध्यम से सामान्य रूप से चल रही थीं। यात्रियों को सूचित करने के लिए स्टेशन परिसर और ट्रेनों के अंदर केंद्रीकृत घोषणाएं की गईं। खराब ट्रेन को सुबह 10:09 बजे दुर्गाबाई देशमुख मेट्रो स्टेशन पर स्टेबलिंग लाइन में ले जाया गया और उसके बाद, अप और डाउन ट्रैक के माध्यम से पूरी पिंक लाइन पर सामान्य ट्रेन सेवाएं फिर से शुरू कर दीं गईं। दरअसल, दिल्ली मेट्रो ने अपने नेटवर्क पर 20 अतिरिक्त ट्रेन यात्राएं चलाना शुरू कर दिया है क्योंकि दिल्ली, एनसीआर के कई हिस्सों में हवा की गुणवत्ता गंभीर श्रेणी में पहुंच गई है।

## दिवाली पर आखिरी मेट्रो रात दस बजे होगी रवाना

***नई दिल्ली।*** *दिवाली के दिन रविवार को दिल्ली मेट्रो की आखिरी ट्रेन अपनी सभी लाइनों के टर्मिनल स्टेशनों से रात 10 बजे रवाना होगी। दिल्ली मेट्रो रेल निगम ने कहा, दिवाली के त्योहार के मौके पर, 12 नवंबर को आखिरी मेट्रो सेवा सभी लाइनों के टर्मिनल स्टेशनों से (रात 11 की बजाय) रात 10 बजे रवाना होगी। इस दिन सभी लाइनों पर मेट्रो ट्रेन सेवाएं सुबह छह बजे से और एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन पर सुबह पौने पांच बजे से शुरू होंगी।*

## 510 किलोग्राम पटाखे जब्त, दो गिरफ्तार

### अब तक उत्तर-पूर्वी दिल्ली ने 1,690 किलोग्राम पटाखे जब्त किए गए : पुलिस उपायुक्त



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उत्तर पूर्वी दिल्ली के करतार नगर और सोनिया विहार से पुलिस ने कुल 510 किलोग्राम पटाखे जब्त किए हैं और इस सिलसिले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस उपायुक्त जॉय तिर्की ने बताया कि न्यू उस्मानपुर पुलिस थाने के अधिकारियों को करतार नगर में हनुमान मंदिर के पास एक व्यक्ति द्वारा पटाखे बेचे जाने की खुफिया जानकारी मिली थी।

जॉय तिर्की ने बताया, सूचना के आधार पर पुलिस टीम गठित की गई और ठिकाने पर छापेमारी की कार्रवाई की गई जहां से अंकुर शर्मा नामक व्यक्ति के कब्जे से 390 किलोग्राम पटाखे जब्त किए गए।

शर्मा ने बताया कि वह पटाखों की बिक्री से अधिक मुनाफा कमाना चाहता था। पुलिस ने बताया कि एक अन्य छापेमारी की कार्रवाई में खजूरी खास पुलिस थाने की विशेष टीम ने खुफिया जानकारी के आधार पर राजेश गुप्ता को सोनिया विहार से गिरफ्तार किया और उसके कब्जे से 120 किलोग्राम पटाखे जब्त मिले।

अब तक उत्तर पूर्वी दिल्ली से 1,690 किलोग्राम पटाखे जब्त किए गए हैं। घनी आबादी वाले इलाके में इतनी बड़ी मात्रा में पटाखों के भंडारण से यहां के लोगों को गंभीर खतरा हो सकता है।

## घर में आग लगने से तीन साल की बच्ची सहित दो घायल

**नई दिल्ली।** कर्दमपुरी इलाके में एक घर में आग लगने से तीन साल की बच्ची और एक व्यक्ति घायल हो गया। दमकल विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि दिल्ली दमकल सेवा को मंगलवार देर रात करीब सवा तीन बजे फोन पर घटना की सूचना मिली, जिसके बाद दमकल की तीन गाड़ियों को घटनास्थल पर भेजा गया।

दमकल कर्मियों ने एक घंटे में आग को काबू किया। घटना के वक्त घर में सो रहे फैजान और जन्नत क्रमशः 15 फीसदी और 18 फीसदी झुलस गए। आशंका है कि घर के बिजली मीटर बोर्ड में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी।

## यमुना तट पर छठ पूजा की अनुमति देने से इनकार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उच्च न्यायालय ने यहां यमुना नदी के तट पर छठ पूजा की अनुमति देने के अनुरोध वाली याचिका पर विचार करने से बुधवार को इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने कहा कि प्रतिबंध यमुना में प्रदूषण को रोकने के लिए है।

चूंकि अदालत याचिका खारिज करने के पक्ष में थी, याचिकाकर्ता ने इसे वापस लेने की अनुमति मांगी, जिसे स्वीकार कर लिया गया।

छठ पूजा संघर्ष समिति और पूर्वांचल जागृति मंच ने दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) के 29 अक्टूबर, 2021 के आदेश को रद्द करने का निर्देश देने का अनुरोध किया, जिसके द्वारा प्राधिकारियों ने यहां यमुना के तट पर छठ पूजा करने पर प्रतिबंध लगा दिया था।




### छठ पूजा संघर्ष समिति और पूर्वांचल जागृति मंच ने डीडीएमए के 2021 के आदेश को रद्द करने का किया था अनुरोध

वकील विजय शंकर दुबे के माध्यम से दायर याचिका में प्राधिकारियों को विभिन्न घाटों के साथ ही यमुना नदी के तट पर छठ पूजा के आयोजन की अनुमति देने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया था। दिल्ली सरकार के वकील ने भी याचिका का विरोध किया। याचिका में कहा गया था कि अधिसूचना से दिल्ली में छठ पूजा करने वाले 30-40 लाख श्रद्धालु प्रभावित हुए हैं।

## संक्षिप्त समाचार



नीतीश की टिप्पणी के विरोध में बिहार भवन के बाहर प्रदर्शन करती महिलाएं

### भाजपा का बिहार भवन के पास प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** प्रदेश भाजपा कार्यकर्ताओं ने बुधवार को चाणक्यपुरी स्थित बिहार भवन के नजदीक प्रदर्शन किया और जनसंख्या नियंत्रण में महिलाओं की शिक्षा के महत्व को लेकर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा की गई विवादित टिप्पणी को लेकर उनका इस्तीफा मांगा। प्रदेश भाजपा की महिला मोर्चा सहित बड़ी संख्या में पार्टी की महिला नेताओं और कार्यकर्ताओं ने बिहार के मुख्यमंत्री के खिलाफ नारेबाजी की और अभद्र टिप्पणी को लेकर उनसे इस्तीफे की मांग की। बिहार भवन के बाहर प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेव ने कहा कि कुमार को उनकी टिप्पणी के लिए माफ नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता तबतक संघर्ष जारी रखेंगे जबतक कुमार मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा नहीं दे देते। वहीं, मुख्यमंत्री कुमार ने बुधवार को बिहार विधानसभा के भीतर और बाहर एक दिन पहले की गई अपनी टिप्पणी के लिए माफी मांगी। बिहार विधानसभा की कार्यवाही बुधवार को अपराह्न दो बजे तक स्थगित कर दी क्योंकि विपक्षी भाजपा के सदस्य कुमार के इस्तीफे को लेकर अड़े थे।

### प्रॉपटी डीलर के कार्यालय के बाहर गोलीबारी

**नई दिल्ली।** बिंदापुर इलाके में मोटर साइकिल पर सवार दो संदिग्ध बदमाशों ने एक रियल एस्टेट कारोबारी के कार्यालय के बाहर कथित तौर पर गोलीबारी की। पुलिस ने बताया कि कथित घटना मंगलवार को अपराह्न दो बजकर करीब 30 मिनट पर हुई। प्रॉपर्टी डीलर ने पुलिस को बताया कि मोटरसाइकिल पर आए दो लोगों ने उसके कार्यालय के गेट पर गोली चलाने से पहले हवा में फायरिंग की। शिकायत के मुताबिक गोली की आवाज सुनकर कार्यालय में मौजूद कारोबारी और उसके कर्मचारी बाहर आए। पुलिस ने बताया कि गोलीबारी में कोई घायल नहीं हुआ है लेकिन उसे घटना स्थल से एक पर्ची मिली है जिसपर लिखा है, दिनेश से बात कर लो। पुलिस को संदेह है कि आरोपी किसी गिरोह से जुड़े हैं और कारोबारी से रंगदारी वसूलने के लिए एवं उसे डराने के लिए घटना को अंजाम दिया।

## आजादपुर मंडी में अव्यवस्था देख नाराज हुए उपराज्यपाल

### गंदगी, बहते सीवर के पानी, सड़क और पीने के पानी की कमी, अधिकारियों को लगाई फटकार

### एलजी विनय कुमार सक्सेना ने दौरा कर व्यापारियों की शिकायतें सुनी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना आजादपुर मंडी में अव्यवस्था देखकर नाराज हो गए। उन्होंने परिसर में व्याप्त गंदगी, सड़क पर बहते सीवर के पानी, खुले में शौच, आवारा पशुओं, दुर्गंध और चारों ओर फैला कचरा देखकर अधिकारियों को फटकार लगाई।

मंडी की जमीनी स्थिति का प्रत्यक्ष अनुभव करने और व्यापारियों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए, संबंधित अधिकारियों को व्यापारियों द्वारा उठाई गई समस्याओं को दूर करने के लिए तत्काल निदान करने का निर्देश दिया। साथ ही अधिकारियों को सभी हितधारकों के परामर्श से प्राथमिकताएं तय करने और एक सप्ताह के भीतर एक ठोस कार्य योजना तैयार करने को भी कहा। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना दिल्ली सरकार के दिल्ली कृषि मार्केटिंग बोर्ड, कृषि उपज विपणन समिति द्वारा संचालित आजादपुर मंडी का दौरा किया। उनका यह दौरा व्यापारियों सहित विभिन्न हितधारकों द्वारा साफ-सफाई, सार्वजनिक सुविधाएं, पार्किंग की समस्या और अपर्याप्त अग्नि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बार-बार की गई शिकायतों और अनुरोधों के बाद किया गया। एलजी के दौर के दौरान सबसे बड़ी बात सामने आई, कि मंडी से आने-जाने वाले ट्रकों से बड़ी मात्रा में सड़क पर धूल उड़ रही थी और इनसे निकलने वाला धुआं चारों तरफ फैला हुआ था, जो पहले से ही गंभीर श्रेणी में पहुंची वायु गुणवत्ता को आपातकाल की तरफ बढ़ा रहा था।

उपराज्यपाल ने इस स्थिति पर गंभीर चिंता और हैरानी जताई कि डीएएमबी-एपीएमसी के संचालन के लिए जिम्मेदार दिल्ली सरकार का विकास विभाग, पिछले लगभग 9 वर्षों से क्या कर रहा है। उन्होंने इस बात पर भी हैरानी जताई कि मंडी के प्रभारी मंत्री, दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय हैं और इसके बावजूद देश की राजधानी के बीच में इतनी प्रदूषित नारकीय जगह मौजूद है। सक्सेना ने कहा कि वह मुख्यमंत्री के साथ होने वाली अगली बैठक में इस मुद्दे उठाएंगे।


आजादपुर मंडी पहुंचे उपराज्यपाल वीके सक्सेना, अव्यवस्था देखकर हुए नाराज ।

## पार्किंग विवाद में पड़ोसियों ने बुजुर्ग को पीटा, तीन गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सुभाष नगर इलाके में पार्किंग को लेकर हुए विवाद में 73 वर्षीय एक बुजुर्ग को पड़ोसियों ने पीट दिया। पीड़ित के परिवार के मुताबिक, अमर की हालत गंभीर है और एक अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है।

पुलिस के मुताबिक, रविवार रात को अमर के बेटे अभिषेक सिंह और उनके पड़ोसी राजकुमार मदान व उसके बेटे आयुष तथा शिवम के बीच पीड़ित के घर के सामने दो गाड़ी खड़ी करने के बाद कहासुनी हुई थी। पुलिस ने पीड़ित की बहु सोनिया सिंह की शिकायत के हवाले से बताया कि तीनों आरोपियों ने पहले अभिषेक पर हमला किया और जब उनके ससुर अमर ने बीच-बचाव किया तो उन्होंने बुजुर्ग को भी पीटा। पुलिस के अनुसार दूसरे पड़ोसियों की मदद से पिता-पुत्र को बचाया गया।

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 9 नवंबर, 2023



# एएसआई पिता की हत्या कर मां को भी बेटे ने ही मारी थी गोली

## जीआरपी एएसआई राजबीर की हत्या में पत्नी, बेटा, भाई व एक अन्य ने रची थी साजिश

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

जीआरपी में एएसआई रहे शिकोहपुर गांव निवासी राजबीर की हत्या करने वाला उसका बेटा, पत्नी समेत चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। राजबीर सेक्टर-10 में परिवार के साथ रहता था। हत्या के पीछे पुश्तैनी प्रॉपर्टी बताई जा रही है। एसीपी क्राइम वरुण दहिया ने बुधवार को बताया कि हत्यारोपियों ने पुलिस पूछताछ में यह बात भी कबूली है। आरोपी ने अपना अपराध छिपाने के लिए अपने पिता की हत्या के साथ मां को भी गोली मारकर घायल किया था।

बता दें कि 2 नवंबर 2023 को सेक्टर-10 में रहने वाले जीआरपी में एएसआई राजबीर व उसकी पत्नी सरिता को गोली लगने से घायल होने के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था। राजबीर की मौत हो चुकी थी। पुलिस को मृतक राजबीर के भाई ने लिखित शिकायत देकर बताया कि उसके भाई राजबीर (मृतक) के साथ उसकी पत्नी व बेटा ठीक व्यवहार नहीं करते थे। जिस कारण उसका भाई काफी समय से घर नहीं गया था। 31 अक्टूबर को राजबीर सेक्टर-10 गुरुग्राम स्थित अपने मकान पर गया था। जहां पर उसकी पत्नी व बेटे ने 1/2 नवंबर की रात को गोली मारकर राजबीर की हत्या कर दी। इस शिकायत पर थाना सेक्टर-10 में हत्या का केस दर्ज किया गया।


गुरुग्राम में जीआरपी एएसआई की हत्या के आरोप में गिरफ्तार पत्नी, बेटा, भाई व एक अन्य आरोपी।

**मां को सेल्फ डिफेंस में गोली मारने का बहाना बनाया, पर अपराध छिपा न सका**

**राजबीर की हत्या करने के आरोपी बेटे, पत्नी समेत चार गिरफ्तार**

राजबीर की हत्या करने के आरोपियों की पहचान यश यादव (25), अक्षय उर्फ चिराग (20) व साहब राम (48) के रूप में हुई है। पुलिस टीम द्वारा आरोपी यश व अक्षय उर्फ चिराग को नजदीक बसई एनक्लेव सेक्टर-10 गुरुग्राम से तथा आरोपी साहब राम को गांव शिकोहपुर से काबू किया गया है। इनसे पहले पुलिस ने आरोपित सरिता (मृतक की पत्नी) को 3 नवंबर को गिरफ्तार किया गया था।

रिश्ते में भाई साहब राम के राजबीर की पत्नी से अवैध संबंध थे।

यश यादव गांव शिकोहपुर का ही रहने वाला है। वह सेक्टर-10 में रहता है। अक्षय उर्फ चिराग गांव सिगरा जिला शामली यूपी का, साहब राम गांव शिकोहपुर का रहने वाला है। आरोपी यश यादव मृतक राजबीर का बेटा है। उसकी प्रॉपर्टी उसके पिता राजबीर (मृतक) के नाम थी।

प्रॉपर्टी को लेकर राजबीर के साथ उसकी पत्नी सरिता व बेटे यश के बीच विवाद रहता था। आरोपी यश अपने पिता राजबीर से प्रॉपर्टी अपने नाम कराने के लिए कहता था। राजबीर प्रॉपर्टी यश के नाम नहीं करवा रहा था। जिसके चलते आरोपी यश ने अपनी मां सरिता, दोस्त अक्षय तथा साहब सिंह (राजबीर का भाई) ने मिलकर राजबीर की हत्या की साजिश रची। आरोप है कि साहब सिंह के राजबीर की पत्नी के साथ अवैध संबंध थे।

इन सभी ने मिलकर राजबीर की हत्या करने के लिए यूपी से 60 हजार रुपये में एक पिस्टल मंगवाई। इसी पिस्टल से यश ने अपने पिता राजबीर की हत्या कर दी। पुलिस को गुमराह करने के लिए सेल्फ डिफेंस में गोली चलाने का बहाना बनाते हुए आरोपी बेटे यश ने अपनी मां सरिता यादव को भी गोली मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने वारदात में प्रयोग की गई एक पिस्टल व तीन खाली कारतूस घटनास्थल से बरामद किए हैं।

## संस्कृत काव्य पाठ प्रतियोगिता में हिमांशी ने प्रथम, नंदिनी रही द्वितीय स्थान पर

**चंडीगढ़।** राजकीय महाविद्यालय कालका के कार्यवाहक प्राचार्य प्रोफेसर डॉक्टर गुलशन कुमार के मार्गदर्शन में साहित्यिक क्लब शब्द शिल्प की ओर से काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यवाहक प्राचार्य ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि साहित्य का कर्तव्य केवल ज्ञान देना नहीं है परंतु एक नया वातावरण देना भी है। काव्य साहित्य का ताज है। हमें सदा साहित्य का अध्ययन करना चाहिए जिससे हमारे व्यक्तित्व का चहुमुखी विकास हो। साहित्य क्लब का उद्देश्य विद्यार्थियों के साहित्यिक कौशल को निखारना है। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने ऋतुओं और त्योहारों पर विभिन्न सुंदर कविताएं सुनाई। काव्य पाठ प्रतियोगिता का परिणाम इस प्रकार है । अंग्रेजी काव्य पाठ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान एम.काम प्रथम की निहारिका ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर बीए द्वितीय वर्ष की तमन्ना रही। तृतीय स्थान बीए तृतीय वर्ष की नेहा गौतम ने प्राप्त किया। हिंदी काव्य पाठ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बी.ए. तृतीय वर्ष की काजल ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर बीए तृतीय वर्ष के ध्रुव रहे। तृतीय स्थान बीए प्रथम वर्ष की हिमांशी ने प्राप्त किया। संस्कृत काव्य पाठ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बीए प्रथम वर्ष की हिमांशी ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर बीए तृतीय वर्ष की नंदिनी रही। कार्यक्रम अंग्रेजी विभाग अध्यक्षा डॉक्टर मीनू ख्यालिया, डॉ गीतांजलि, डॉ. पूजा सिंगल, डॉक्टर यशवीर और हिंदी विभाग अध्यक्षा प्रोफेसर डॉ बिंदु, प्रोफेसर डॉ कविता, के मार्गदर्शन में किया गया।

# खुले में कूड़ा डालने, कूड़े में आग लगाने वालों का किया चालान

## ग्रैप के नियमों का किया जा रहा सख्ती से पालन

**पिछले 3 दिनों में एक लाख 85 हजार रुपए के चालान किए**

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


मानेसर नगर निगम क्षेत्र में खुले में डाले गए कूड़े की जांच करते निगम के अधिकारी।

बढ़ते वायु प्रदूषण को रोकने के लिए नगर निगम द्वारा सख्ती से पालन किया जा रहा है। नगर निगम की सेनिटेशन और इंजिनियरिंग विंग के अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में ग्रेडिड रेस्पांस एक्शन प्लान (जीआरएपी) का पालन करवा रहे हैं। नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई भी अमल में लाई जा रही है। तीन दिनों में निगम की टीम ने एक लाख 85 हजार रुपए के चालान किए हैं।

मानेसर नगर निगम आयुक्त अशोक कुमार गर्ग ने निगम के सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि निगम क्षेत्र में ग्रैप के नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाए। सडक और सडकों के किनारों पर लगे पेड़ों पर धूल को साफ करने के लिए ट्रीटिड पानी का छिड़काव किया जाए, ताकि वायुमंडल में उडने वाली धूल को कम किया जा सके। मानेसर नगर निगम की सेनिटेशन विंग ने पिछले तीन दिनों में एक लाख 85 हजार के चालान किए। इन चालान में खुले में कूड़ा डालना, कूड़े में आग लगाना और बल्क वेस्ट जेनरेटर्स द्वारा कूड़े का सही प्रकार से निष्पादन न करने की गई कार्रवाई शामिल हैं।

नगर निगम के सेनिटेशन ऑफिसर एमएस सोढ़ी ने बताया कि आयुक्त के आदेशों का पालन करते हुए सेनिटेशन विंग ने कार्रवाई की है। सेक्टर-84 स्थित दिवान पेटल्स सोसाइटी का 52 हजार रुपये, सेक्टर-85 स्थित ओरिस एस्टर कोर्ट का 50 हजार रुपये और सेक्टर-95 स्थित आरओएफ आनंदा सोसाइटी का 50 हजार का चालान किया गया। ये सोसाइटियां बल्क वेस्ट जेनरेटर्स हैं और कूड़े का नियमानुसार निष्पादन नहीं करती पाई गई। इसके अलावा सेक्टर-2, 6 और 8 में कूड़े में आग लगाने वालों पर भी 5-5 हजार के तीन चालान किए गए। सेक्टर-81 स्थित फ्रेश मंडी और सेक्टर-85 स्थित एक अन्य शॉपिंग कॉप्लेक्स पर खुले में कूड़ा डालने पर 18 हजार रुपये का चालान किया गया। इस दौरान उनके साथ सीनियर सेनेटरी इंस्पेक्टर विजय कौशिक, सेनेटरी इंस्पेक्टर मनोज कुमार, सुमित कुमार सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# सोहना बार एसोसिएशन के आम चुनाव का बजा बिगुल, 15 दिसंबर को होगा चुनाव

पायनियर समाचार सेवा। सोहना।

**सोहना** बार एसोसिएशन का आम चुनाव 15 दिसम्बर को होगा। आम चुनाव कराने के लिए चुनाव अध्यक्ष समेत 10 सदस्यों की कमेटी का गठन कर दिया गया है। इसबार एसोसिएशन के आम चुनाव में 500 के लगभग अधिवक्ता वोट डालकर नई कमेटी का चयन करेंगे। सोहना बार एसोसिएशन के वार्षिक आम चुनाव का बिगुल बज गया है। जिसके लिए वर्तमान एसोसिएशन ने इस वर्ष होने वाले आम चुनाव की घोषणा करते हुए 15 दिसंबर निर्धारित कर दिया है।

आम चुनाव कराने के लिए चुनाव कमेटी का मंगलवार को चयन कर दिया हि।जिसके लिए सीपी शर्मा को चुनाव कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया है। सहायक अधिकारी के लिए लखमिन्दर खटाना, सीएम खटाना, संदीप अग्रवाल, राजकुमार कनौजिया, राजकुमार यादव, ललित राघव व उमेश भारती को चुना गया है।सदस्यों के लिए अमित खटाना, अजय पावंर और दीन मौहम्मद को चुनाव कार्यकारी का सदस्य बनाया गया है।


सोहना बार एसोसिएशन के पदाधिकारी और चुनाव कमेटी के सदस्य।

**नई 69 वोट बनाने के आवेदन:**

सोहना बार एसोसिएशन में वर्ष 2022 में 432 अधिवक्ताओं ने वोप डालकर कार्यकारिणी चुनी थी। इसबार 69 नई वोट बनाने के आवेदन हैं। जिसके शामिल होने से कुल 502 की संख्या हो गई है। लेकिन नई वोटों की जांच कराई जाएगी। जांच पूरी होने पर ही सही पाई जाने वाले आवेदनों को वोट में शामिल किया जाएगा।

**250 वोटों पर लगे सवालिया निशान**

बार एसोसिएशन की 250 वोटों पर सवालिया निशान लग रहे है। क्योंकि 250 वोट ऐसे अधिवक्ताओं की है। जिन्होने कोर्ट और तहसील से बाहर अलग व्यवसाय किया है। अधिवक्ता के प्रोफेशनल से दूर रहते है। जिन्हे इस बार के आम चुनाव में वोट न डालने दिया जाए। केवल कोर्ट और तहसील कार्यालय में प्रैक्टिस करने वाले अधिवक्ता ही वोट डाल सकेंगे। इधर सोहना सोहना बार एसोसिएशन के प्रधान ललित राघव ने बताया कि चुनाव कमेटी का गठन करने के बाद से नई वोटों की जांच, प्रैक्टिस न करने वाले अधिवक्ताओं को मत न डालने वाले पर विचार शुरू हो गया है।

# कंपनी से 50 लाख रुपए के एल्युमिनियम पार्ट्स चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**आरोपी के कब्जा से 1 कैंटर व चोरी हुए 10 टन एल्युमिनियम पार्ट बरामद**

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**एक** कंपनी से करीब 50 लाख रुपए की कीमत के एल्युमिनियम पार्ट्स चोरी के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को काबू किया है। आरोपी के कब्जा से 1 कैंटर व चोरी हुए 10 टन एल्युमिनियम पार्ट बरामद हुए हैं। एसीपी क्राइम वरुण दहिया के मुताबिक बुधवार को बताया कि कंपनी के गार्ड ने अपने साथियों के साथ मिलकर यह वारदात को अंजाम दिया था।

कंपनी की ओर से आईएमटी थाना मानेसर में शिकायत देकर कहा गया कि 5/6 नवम्बर की रात को उसकी कंपनी के गार्ड द्वारा अपने साथियों के साथ मिलकर उसकी


पुलिस गिरफ्त में कंपनी से एल्युमिनियम पार्ट्स चोरी का आरोपी।

कंपनी से एल्युमिनियम के पार्ट चोरी करने के संबंध में दी गई। इस शिकायत पर थाना आईएमटी सेक्टर-7 मानेसर में केस दर्ज किया गया। सेक्टर-31 थाना प्रभारी निरीक्षक आनंद कुमार की टीम ने इस केस में एक आरोपी को डूंडाहेड़ा बॉर्डर से काबू किया है। आरोपी की पहचान साकिर निवासी गांव गुलावटी जिला बुलंदशहर यूपी के रूप में हुई है। आरोपी से पुलिस पूछताछ में खुलासा हुआ है कि उसने अपने कंपनी में साथी गार्ड के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया।

# हनुमान चालीसा पाठ का आंकड़ा हुआ चार लाख 24 हजार के पार

**तीस हजार लोग जुड़ चुके हैं कार्यक्रम से**

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

बोध राज सीकरी द्वारा साढ़े आठ महीने पहले शुरू की गई हनुमान चालीसा पाठ मुहिम निरंतर जारी है। इस मुहिम में लगभग 30 हजार लोग जुड़ चुके हैं। अभी तक 144 स्थानों पर 4 लाख 24 हजार पाठ हो चुके हैं।

मंगलवार को अशोक विहार फेज-3 के राधा कृष्ण मंदिर के प्रांगण में हनुमान चालीसा के पाठ का आयोजन पंडित केशव देव शास्त्री और पंडित भीम दत्त की प्रेरणा से हुआ। गजेंद्र गोसाई ने मंगलाचरण उपरांत हनुमान चालीसा के पाठ का शुभारंभ किया। बोधराज सीकरी ने पहले तो शंखनाद की आध्यात्मिक और वैज्ञानिक परिभाषा वर्णित की। उन्होंने बताया कि क्यों महाभारत के युद्ध में सभी ने अपने-अपने शंख


हनुमान चालीस का पाठ करते श्रद्धालु।

बजाकर युद्ध का प्रारम्भ किया। फिर ओम् के तीन अक्षर अ, ओ और म को परिभाषित किया। जनता रिहैबिलिटेशन ट्रेनिंग सेंटर भीमगढ़ खेड़ी के 40 विद्यार्थियों ने 21-21 बार हनुमान चालीसा का पाठ किया। इसका आयोजन नरेंद्र शर्मा और पीपी मेहता ने किया। जामपुर शिव मंदिर ईस्ट ऑफ कैलाश में भी 40 लोगों ने पांच-पांच बार पाठ किया। अशोक विहार फेज-3 में 125 साधकों ने 21-21 बार पाठ किया।

इस कार्यक्रम से पहले 4,20,888 पाठ 141 स्थान पर हो चुके हैं। अब तक 424,553 पाठ, 144 स्थान और 30,053 लोग जुड़ चुके हैं। अगले सप्ताह हनुमान चालीसा का पाठ मां वैष्णोदेवी मंदिर, गढ़ी हरसरू में दोपहर ढाई बजे आयोजित होगा।

इस कार्यक्रम में धर्मेंद्र बजाज, रमेश कामरा, सतपाल नासा, रुपेश चौधरी, विजय वर्मा, योगेश गंभीर, द्वारका नाथ कक्कड़ और रमेश मुंजाल उपस्थित रहे और महिला शक्ति की ओर से ज्योत्सना बजाज, पुष्पा नासा, रचना बजाज, रीता और मीनाक्षी मुंजाल उपस्थित रहीं।

## चंडीगढ़ में आईएएस अफसरों को अतिरिक्त कार्यभार

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ की आईएएस पूर्वा गर्ग की तेलंगाना विधानसभा चुनाव में ड्यूटी लगाई गई है। जिसके चलते वह चंडीगढ़ से छुट्टी पर हैं और अपने विभागों का कार्यभार नहीं संभाल पा रही हैं। जिसे देखते हुए प्रशासन ने अब शहर के तीन अन्य आईएएस अफसरों में उनके विभाग बांट दिये हैं। जारी ऑर्डर के मुताबिक, नगर निगम कमिश्नर आईएएस आनंदिता मित्रा को सिटको में मैनेजिंग डायरेक्टर का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है।

## जिला स्तरीय कल्चरल फेस्ट मुकाबले में राष्ट्रीय माध्यमिक विद्यालय बिटना ने जीता द्वितीय पुरस्कार

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों के जिला स्तरीय कल्चरल फेसट मुकाबले जो की राष्ट्रीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सेक्टर 6 पंचकुला में 6 और 7 नवंबर को करवाए गए। जिसमें बिटना स्कूल के 11वीं कक्षा के नौ विद्यार्थियों ने वातावरण संरक्षण विषय पर स्किट पेश किया। जिसमें उन्होंने बताया कि पर्यावरण को बढ़ते प्रदूषण से कैसे बचाया जा सकता है। इस मुकाबले में खंड स्तर पर भी स्कूल ने द्वितीय स्थान हासिल किया था।



इस मौके पर जिला शिक्षा अधिकारी सतपाल कौशिक, डिप्टी जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती कमलेश चौहान ने विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट प्रदान किये। स्कूल की प्राध्यापका कंवलजीत कौर, श्रीमती रीना और श्री सुरेंद्र जी की देखरेख में बच्चों ने यह स्किट तैयार की। प्रिंसिपल बबीता ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी।

## ग्रामीण चौकीदार के विरुद्ध निलंबन का प्रस्ताव पारित करने से पूर्व ग्राम सभा का आयोजन करना होगा अनिवार्य: उपायुक्त

**चंडीगढ़।** उपायुक्त सुशील सारवान ने निर्देश दिए हैं कि यदि किसी ग्राम पंचायत का कोई सरपंच ग्रामीण चौकीदार के विरुद्ध निलंबन का प्रस्ताव पारित करके उपमंडल अधिकारी (ना.) या तहसीलदार को भेजता है तो उसे यह प्रक्रिया करने से पूर्व गांव में इस विषय पर ग्राम सभा का आयोजन करना होगा। सुशील सारवान ने बताया कि इस ग्राम सभा में संबंधित खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी, समाज शिक्षा एवं पंचायत अधिकारी, पुलिस, अधिकारी व कर्मचारी तथा राजस्व विभाग का पटवारी मौजूद होंगे। उपायुक्त ने बताया कि सरपंच व ग्राम पंचायत चैकीदार के निलंबन प्रस्ताव को तथ्यों व प्रमाणों सहित ग्राम सभा के समक्ष रखेंगे। ग्राम सभा व मौजूद अधिकारी और कर्मचारी इन तथ्यों व प्रमाणों का अध्ययन करेंगे। इसके पश्चात अगर ग्रामीण चैकीदार के निलंबन प्रस्ताव पर सहमति बनती है तो उक्त प्रस्ताव को सक्षम प्राधिकारी को ग्राम सभा के प्रस्ताव के साथ आगामी कार्रवाही करने की सिफारिश सहित भेजेगा।

# कुकडुकू फेस्ट संपन्नः बचपन के जादू और क्षमता का जश्न

**सोहा अली खान एवं विघ्नेश पांडेय के साथ दिव्य आयोजन**

पायनियर समाचार सेवा। गुरूग्राम

**गुरूग्राम** में कुकडुकू फेस्ट 2023 का समापन 5 नवंबर को हुआ, जिसने उपस्थितगणों को यादगार अनुभव प्रदान किया। बचपन, साहित्य और थिएटर के इस भव्य जश्न में रिकॉर्ड तोड़ 31,543 आगंतुक पहुंचे, इसके लिए 5,118 पंजीकरण हुए थे। जाने-माने सेलेब्रिटीज़ और बॉलीवुड अभिनेत्री सोहा अली खान एवं प्रतिभाशाली वेंट्रिलोक्विस्ट विघ्नेश पाण्डेय ने अपनी मौजूदगी के साथ आयोजन को सफल बनाया दिया। उनकी मौजूदगी ने ग्लैमर का तड़का लगाते हुए दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

यह हर बच्चे में मौजूद असीमित रचनात्मकता का जश्न है। यह आयोजन कला, साहित्य और थिएटर को एक ही मंच पर लाया, जहां बच्चों



को उनके सपनों और महत्वाकांक्षाओं को साकार करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। हर बच्चे में छिपी रचनात्मकता को उभरने में मदद करना इस फेस्ट का मुख्य उद्देश्य था।

कार्यक्रम के समापन के अवसर पर अविषेक रॉय, फेस्टिवल के सह-संस्थापक ने कहा, ''कुकडुकू फेस्ट सही मायनों में युवाओं की रचनात्मकता पर रोशनी डालता है। इस साल हमारा दृष्टिकोण पहले से कहीं अधिक साकार हुआ है। फेस्ट की सफलता और इसके प्रभाव पर बात करते हुए अविषेक रॉय ने कहा, ''कुकडुकू फेस्ट बचपन का कैनवास बन गया है, जहां उतारा गया हर कलर और स्ट्रोक हमारे बच्चों की खुशियों, उत्सुकता और सपनों की अभिव्यक्ति करते हैं, और हमें उनके नज़रिए से दुनिया को देखने का अवसर प्रदान करते हैं।'

'कुकडुकू फेस्ट जीवन के सबसे यादगार पलों के लिए मंच प्रस्तुत करता है। यह कल्पना और रचनात्मकता का जश्न है। सोहा अली खान ने कहा कि फेस्टिवल के दौरान दर्शकों का मन मोह लेने वाले कई परफोर्मेन्स हुए। इस मंच ने बच्चों और व्यस्कों को एक अनूठी दुनिया का अनुभव पाने और अपनी अतुलनीय रचनात्मकता को दर्शाने का मौका दिया।

# आतिशीबाजी पर पूर्णरूप से रहेगा प्रतिबंध : प्रदीप सिंह

**आतिशीबाजी बेचने वालों पर पैनी नजर**

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**इस** बार बाजार में दीवाली के अवसर पर चलाई जाने वाली आतिशीबाजी की दुकानें नहीं लगेगी। प्रशासन की चोरी छुपके आतिशीबाजी बेचने वालों पर पैनी नजर रहेगी। प्रदूषण के बढ़ने से जहा आबोहवा खराब हो गई है। वहा वायु प्रदूषण को रोकने के लिए विशेष कदम उठा जा रहे है। सबसे पहला कदम दीवाली के अवसर पर प्रदूषण को फैलाने में आतिशीबाजी पर पूर्व रून से प्रतिबंध लगा दिया है। बाजार में आतिशीबाजी को लेकर कोई मार्केट नहीं लगेगी। खुले में आतिशीबाजी बेचने नहीं दिया जाएगा। कानून की पालना न करने वालो मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

**जांच कमेटी गठित :** एसडीएम प्रदीप सिंह ने अधिकारियों की कमेटी गठित करते हुए बाजार में आतिशीबाजी बेचने वालों को धडक् के आदेश जारी कर दिए है। कमेटी


सोहना के एसडीएम प्रदीप सिंह ।

सदस्य बाजारों में जाकर आतिशबाजी बेचने वालों पहचान करेगी। केवल ग्रीन पटाके चलाने की अनुमति दी गई है।

**आबादी क्षेत्र में आतिशीबाजी के भंडार:** जानकार सूत्रों के अनुसार शहर में डेढ़ से दो मा। पहले आबादी क्षेत्र आतिशीबाजी के गोदाम बर लिए गए है। जहां से चोरी से आतिशीबाजी को बेचा जाएगा। ऐसे गोदामों की संख्या 5 से 7 बताए जा रही है। यें गोदाम लोगों के लिए खतरा बने हुए हैं। एसडीएम प्रदीप सिंह ने कहा कि प्रतिबंध के बावजूद आतिशबाजी बेचना गैर कानूनी है। अगर कोई नियम विरुद्ध कार्य करने पर पकड़ा जाता है तो कड़ी कार्रवाई होगी।

# हमारा परिवार संस्था ने गरीब बच्चों को वितरित किए वस्त्र

**मातृशक्ति इकाई ने लिया गरीबों की सेवा का संकल्प**

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

स्वदेशी जागरण मंच की प्रेरणा से चल रहे अंतराष्ट्रीय संगठन हमारा परिवार संस्था की गुरुग्राम पुरुष एवं मातृशक्ति इकाई के संयुक्त तत्वाधान में बार गुर्जर के सरकारी प्राथमिक विद्यालय में वस्त्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राजकीय प्राथमिक विद्यालय में पढ़ने वाले गरीब 66 विद्यार्थियों को संस्था के कार्यकर्ताओं द्वारा स्वेटर, जूते, पेंसिल, खाने-पीने की वस्तुएं अन्य उपयोगी सामान वितरित किए।

इस मौके पर हमारा परिवार की गुरुग्राम एवं मातृशक्ति इकाई के कार्यकर्ताओं ने हर वर्ष वस्त्र वितरण कार्यक्रम के माध्यम से गरीब एवं मेधावी छात्रों की सेवा का संकल्प लिया। गुरुग्राम इकाई प्रमुख प्रदीप तायल ने बताया कि संस्था हर माह


गुरुग्राम के गांव बार गुर्जर के प्राथमिक विद्यालय में बच्चों को कपड़े वितरित करते हमारा परिवार संस्था के सदस्य।

मानवता की भलाई के लिए रक्तदान शिविर, पौधारोपण, अभावग्रस्त एवं मेधावी छात्रों को स्कालरशिप, अनाथ आश्रम में सेवा करना, भंडारे का आयोजन जैसे विभिन्न प्रकार के सेवा कार्यों का आयोजन करती रहती है। उन्होंने कहा कि गरीबों व जरूरतमंदों की मदद करना सबसे बड़ा पुण्य का काम है। मातृशक्ति इकाई प्रमुख डॉ. ममता गुप्ता ने कहा कि ऐसे छात्र-छात्राएं जो परिवार से गरीब व असहाय हैं, उन्हें आगे बढने् के लिए मदद की आवश्यकता होती है। इस अवसर पर सरकारी प्राथमिक विद्यालय के प्राचार्य जोगिंदर कुमार ने कहा कि समाज की सेवा मानव जाति का धर्म है। उन्होंने संस्था के लोगों को इस सोच के साथ काम करने पर सराहना की। इस मौके पर नितीश कुमार, मनदीप मंडेरना, सुरेश भाटिया, निशा गुप्ता, प्रीति गुप्ता, रंजीता श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# कमेटी चौक मार्केट में कई दिनों से बह रहा है सीवर का पानी

## निगम की लापरवाही का खामियाजा भुगत रहे दुकानदार, ग्राहक नहीं आने से लाखों का नुकसान

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

**पिछले** कई दिनों से कमेटी चौक मार्केट की गलियों में सीवर का पानी बहने से दुकानदारों की दुकानदारी पर बुरा असर पड़ा है। दीपावली के लिए खरीदारी के लिए लोग कमेटी चौक तक तो पहुंचते हैं, परंतु यहां पर बहते सीवर के पानी को देख वापस लौट जाते हैं। जिससे बाजार के सैकड़ों दुकानदारों की दुकानदारी दो दिन से पूरी तरह से बंद पड़ी है। जिससे दुकानदारों को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। इसकी वजह से पलवल शहर के दुकानदारों व खरीदारी करने के लिए आने वाले ग्राहकों में नगर परिषद अधिकारियों के खिलाफ भारी रोष है। लोगों का कहना है कि यदि इसी प्रकार सीवर का पानी और कुछ दिन बाजार की गलियों में बहता रहा तो उनको दुकानें बंद करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।



पिछले कई दिन से कमेटी चौक मार्केट में लगातार सीवर का पानी बाजार की पूरी गली में भरकर बह रहा है। जिससे दुकानदारों और ग्राहकों का बाजार में भीतर तक पहुंचना मुश्किल हो गया। गलियों में बहते पानी की वजह से दुकानदार तो अपने जूते और चप्पल हाथ में लेकर किसी प्रकार दुकानों तक पहुंच तो जाते हैं, परंतु सारे दिन इंतजार करने के बाद भी कोई ग्राहक खरीदारी के लिए नहीं पहुंचता है। दुकानदारों का कहना है कि वे बाजार की गलियों में बहते पानी की शिकायत मार्केट कमेटी के चेयरमैन व दूसरे अधिकारियों से कर चुके हैं, परंतु उसके बाद भी अभी तक बहते सीवर के पानी का कोई समाधान नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि इसकी वजह से दो दिन से कमेटी चौक बाजार में कोई भी ग्राहक नहीं पहुंच रहा है। जिससे दुकानदारों की दुकानदारी पूरी तरह से बंद पड़ी है। दुकानदारों का कहना है कि दीपावली के पर्व के नजदीक आने की वजह से उन्होंने ग्राहकों की मांग को देखते हुए नए कपड़े, साड़ियां, नए-नए मॉडल के गहने, बर्तन, लड़ियां, घरों को सजाने का सामान आदि सामान मंगाया था, परंतु अब बगैर ग्राहकी के उनकी बिक्री बिल्कुल नहीं हो रही हैं। सीवर के पानी की वजह से लोग शहर की जवाहर नगर मार्केट, न्यू कॉलोनी मार्केट, बस स्टैंड मार्केट व फरीदाबाद शहर की मार्केट की तरफ खरीदारी के लिए जा रहे हैं। दुकानदारों का कहना है कि यदि एक दो दिन और इसी प्रकार सीवर का पानी शहर के बाजार में बहता रहा तो उनको लाखों का नुकसान होगा। दो दिन में ही दुकानदारों का कई करोड़ का नुकसान हो चुका है।

पलवल शहर की कमेटी चौक मार्केट में दो दिन से सीवर का पानी लगातार तेज गति से बह रहा है। जिसकी वजह से ग्राहक दुकानों तक नहीं पहुंच रहा है। इससे दुकानदरों का भारी नुकसान हो रहा है।
**–मनीष ज्वैलर्स**

शहर की कमेटी चौक मार्केट में बहते पानी की वजह से दुकानदारों की दुकानदारी पूरी तरह से बंद पड़ी है। बहते सीवर के पानी को तुरंत रुकवाया जाए। जिससे दीपावली पर ग्राहक दुकानों तक आ सकें।

शहर में पुलिया रुक गई है, जिसकी वजह से सीवर का पानी निकलकर सड़कों पर आ गया है। इसको खोलने के लिए 10 मजदूर व कर्मचारी लगाए गए हैं।
**–सतपाल सिंह, कार्यकारी अभियंता, नगर परिषद**

शहर में सीवर के बहते पानी की जानकारी मिली है। जिसको तुरंत बंद करने के आदेश अधिकारियों को दिए हैं।
**–डॉ. यशपाल, चेयरमैन, नगर परिषद**

# स्कूल बस की टक्कर से महिला की मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल



**खेतों से पैदल घर लौट रही थी, वाहन मौके पर छोड़कर भागा ड्राइवर**

**अमरपुर**-थंथरी मार्ग पर खेतों से घर लौटकर आ रही एक महिला को निजी स्कूल बस ने टक्कर मार दी। जिससे मौके पर ही महिला की मौत हो गई। दुर्घटना के बाद चालक बस को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने मृतका के बेटे की शिकायत पर अज्ञात स्कूल बस चालक के खिलाफ केस दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।

चांदहट थाना प्रभारी कैलाशचंद भड़ाना के अनुसार, थंथरी गांव निवासी भंवरी ने दी शिकायत में कहा कि उसकी माता 50 वर्षीय रामवती अपने खेतों को देखने के लिए जंगल गई थी। खेतों को देखने के बाद उसकी मां अमरपुर-थंथरी मार्ग से पैदल-पैदल अपने घर लौटकर आ रही थी। उसी दौरान एक स्कूल बस ने उसकी मां रामवती को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से उसकी मां सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई।

दुर्घटना के बाद चालक बस को मौके पर छोड़कर वहां से फरार हो गया। पीड़ित को जब इसकी सूचना मिली तो वे तुरंत मौके पर पहुंचे और अपनी मां को लेकर अस्पताल पहुंचे। अस्पताल में चिकित्सकों ने उसकी मां रामवती को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर चांदहट थाना की अमरपुर चौकी पुलिस अस्पताल पहुंच गई। पुलिस ने स्कूल बस के अज्ञात चालक की तलाश शुरू कर दी है।

# युवा योग्यता के आधार पर प्राप्त कर रहे हैं सरकारी नौकरी : नरेंद्र गुप्ता

## विधायक ने पलवल के खंड बड़ौली के पांच गांवों में किया जनसंवाद

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल



हरियाणा प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में युवा योग्यता के आधार पर सरकारी नौकरी प्राप्त कर रहे हैं। आज के समय में युवाओं का पढ़ाई की ओर रूझान अधिक बढ़ा है। यह बात बड़ौली खंड के नगलिया गांव में जनसंवाद कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए फरीदाबाद के विधायक नरेंद्र गुप्ता ने कही। इस मौके पर उनके साथ विधायक दीपक मंगला भी मौजूद रहे। नरेंद्र गुप्ता ने गांव नगलिया में ग्रामीणों की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए राशन डिपो को मौके पर ही खुलवाकर राशन वितरित करवाया। उन्होंने नगलिया गांव के पश्चात खंड बड़ौली क्षेत्र के गांव कुलेना, हसापुर, बलई और प्रहलादपुर में भी ग्रामीणों के साथ संवाद कर समस्याएं सुनकर मौके पर मौजूद विभागों के अधिकारियों को लोगों की समस्याएं दूर करने के निर्देश दिए।

उन्होंने गांव बलई में नॉलेज सेंटर के निर्माण में अनियमितता के लिए पंचायत विभाग के उपमंडल अधिकारी व सचिव को लताड़ लगाते हुए कहा कि वे नॉलेज सेंटर के निर्माण में प्रयोग की गई सामग्री के नमूने लेकर उसकी जांच करवाएं और निर्धारित समयावधि के अंदर निर्माण कार्य को पूर्ण करवाना सुनिश्चित करें। विधायक ने कहा कि ग्रामीणों को घर द्वार पर सरकार की सेवा-सुविधाएं प्रदान करने के लिए खादर क्षेत्र के सभी गांवों में लोगों के परिवार पहचान-पत्र, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, पेंशन आदि संबंधी दस्तावेजों को पूर्ण करवाने के उद्देश्य से प्रशासन की ओर से शिविर लगाया जाएं। उन्होंने अधिकारियों को गांव हसापुर में स्कूली जमीन पर कब्जा धारकों से जमीन को मुक्त करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में सरकार ने पिछले नौ वर्षों में व्यवस्था परिवर्तन करने का कार्य किया है। लोगों को पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन घर बैठे सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं व परियोजनाओं की सुविधाएं मिल रही हैं।

विधायक ने कहा कि सरकार गरीब के साथ है और हर वर्ग की भलाई के लिए जन कल्याणकारी योजनाओं को लागू कर रही है। सरकार ने प्रदेश और देश में पिछले नौ वर्षों में व्यवस्था परिवर्तन करने का काम किया है। प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल स्वयं और उनके नेतृत्व में सरकार के मंत्री, सांसद, विधायक प्रदेश के सभी गांवों और शहरों के वार्डो में लोगों के बीच पहुंचकर जन संवाद कार्यक्रम आयोजित कर लोगों की समस्याओं को सुन रहे हैं और मौके पर ही उनका निवारण करवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार प्रदेश के लोगों को मूलभूत सुविधाओं के साथ-साथ स्वास्थ्य व शिक्षा सहित बेहतरीन सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए कृतसंकल्प है। इस अवसर पर डीएसपी दिनेश कुमार, तहसीलदार प्रेम प्रकाश, बीडीपीओ प्रवीन कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी मामराज रावत, पलवल निगरानी समिति के पूर्व चेयरमैन मुकेश सिंगला, बीजेपी के जिला सचिव हरीश कुलेना, चांदहट मंडल अध्यक्ष जोगिंद्र सिंह, जिला पार्षद चरण सिंह, नगलिया के सरपंच प्रतिनिधि जसविंदर, हसापुर के सरपंच मांगेराम खडगसिंह, प्रहलादपुर के सरपंच पदम सिंह, बलई के सरपंच नरेश कुमार, कुलेना की सरपंच संगीता, गजेंद्र, श्यामलाल, जगदीश, यशपाल कमरावली आदि मौजूद थे।

# युवकी की हत्या कर शव कुएं में फेंका

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल



**दो महीने बाद होनी थी शादी, मरने वाला युवक भी मर्डर केस में जमानत पर बाहर था**

**गांव** मढनाका में युवक की हत्या कर शव कुएं में फेंक दिया। युवक की दो महीने बाद शादी होनी थी। हथीन थाना पुलिस ने सात लोगों को नामजद कर कुछ अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

मढनाका गांव निवासी विजय ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि उसका बेटा अर्जुन खाना खाने के बाद आराम कर रहा था।

उसी दौरान तीन व्यक्ति आए और बाहर से अर्जुन को घूमने चलने के लिए आवाज लगाई। अर्जुन उनके साथ घर से चल गया। काफी देर होने पर अर्जुन की मां ने कहा कि अर्जुन कहां चला गया। उन्होंने अर्जुन को इधर-उधर खोजना शुरू किया तो रास्ते में उन्हें रिंकू नाम का लड़का मिला। उसने कहा कि मंदिर के पीछे कुएं में देखो, वहां उसकी लाश पड़ी है। विजय का आरोप है कि गांव के ही दिनेश, धीरज, लोकेश, उदयवीर, रमेश, सुंदर व अन्य उसके बेटे को जान से मारने की धमकी देते रहते थे। उन्हें पूरा शक है कि उन लोगों ने ही उसके बेटे की हत्या की है।

जांच अधिकारी ने बताया कि अर्जुन के खिलाफ हत्या का मुकदमा अदालत में विचाराधीन है और अर्जुन इस मामले में जमानत पर है। अर्जुन पर गांव के ही निवासी सुंदर, रमेश व दिनेश के पिता बाबू की हत्या का आरोप है। इसी माह उसकी अदालत में तारीख भी थी।

## नायब सिंह सैनी का वीर ममता चौहान ने किया स्वागत

**पलवल।** कुरुक्षेत्र से सांसद व हरियाणा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी जी का पलवल पधारने पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य भाजपा हरियाणा वीर ममता चौहान ने स्वागत किया। उन्होंने कहा कि नायब सैनी के कुशल नेतृत्व में भाजपा संगठन को और ज्यादा मजबूती मिलेगी।



# मंदिर के निकट महिला के कानों से कुंडल झपटे

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल



नकाबपोश बाइकर्स लुटेरे मंदिर के पास घूम रही महिला के कानों से कुंडल लूटकर भाग गए। महिला जब तक शोर मचाती, तब तक लुटेरे फरार हो गए। कैंप थाना पुलिस ने महिला के बेटे की शिकायत पर अज्ञात बाइकर्स के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

कैंप थाना प्रभारी सत्यनारायण के अनुसार, बसंत विहार निवासी एडवोकेट राकेश भारद्वाज ने दी शिकायत में कहा कि उसकी माता मेमवती अपनी कॉलोनी में मंदिर के पास घूम रही थी। उसी दौरान वहां दो नकाबपोश युवक बाइक पर आए और उसकी मां के सामने आकर बाइक को रोक दिया। जिससे उसकी मां वहीं रूक गई, तो बाइक से एक नकाबपोश लुटेरा उतरा और उसकी मां को साइड में खड़ा कर कानों से कुंडल लूटकर भाग गए।

पीड़ित का कहना है कि इससे पहले भी उनकी कॉलोनी में इस प्रकार की दो-तीन वारदातें हो चुकी हैं। जिनमें नकाबपोश बदमाश आते हैं और महिलाओं के आभूषणों को लूटकर फुर्र हो जाते हैं। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात नकाबपोश बाइकर्स लुटेरों के खिलाफ केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

# जोनल युवा महोत्सव में परचम लहराने वाली छात्राएं सम्मानित



**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

सरस्वती महिला महाविद्यालय पलवल की 35 छात्राओं ने खेड़ी गुजरान स्थित राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 26, 27 व 28 अक्टूबर में आयोजित जोनल युवा महोत्सव में हिस्सा लिया। इसमें मुख्य रूप से हरियाणवी समूह नृत्य, कव्वाली, समूह गान, कविता पाठ प्रतियोगिता, आर्ट एंड क्राफ्ट, संस्कृत श्लोक उच्चारण तथा वाद विवाद प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर छात्राओं ने 30 ट्रॉफी पर कब्जा कर पलवल जिले का नाम रोशन किया। जोनल युवा महोत्सव में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक में आयोजित इंटर जोनल युवा महोत्सव में हिस्सा लिया। इस महोत्सव में छात्राओं ने मुख्य रूप से उर्दू कविता, क्लासिकल गायन तथा अंग्रेजी व हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस सफलता के लिए विधायक दीपक मंगला, कॉलेज की प्रबंध समिति के अध्यक्ष अतुल मंगला एडवोकेट, डायरेक्टर मनीषा मंगला, प्राचार्या डॉ. वंदना त्यागी ने सांस्कृतिक समिति की संयोजिका डॉ. लक्ष्मी गुप्ता, शुभ्रा, साक्षी, डॉ. शुचि दीवान, डॉ. रानी सांगवान, डॉ. रीना सिंह तथा विजेताओं एवं प्रतिभागियों को बधाई दी।

# एमवीएन विश्वविद्यालय में हुआ दिवाली मिलन समारोह



**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

**एमवीएन** विश्वविद्यालय पलवल में विद्यार्थियों के लिए दिवाली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न विभागों के छात्र और छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर अरुण गर्ग ने सभी को दिवाली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि एमवीएन शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर कामयाबी की ओर बढ़ रहा है, बस हम सभी को इसे और आगे ले जाने के लिए प्रयत्न करना हैं। प्रोफेसर शाहिद अंसारी ने सभी को दिवाली की शुभकामनाएं देते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना दी। प्रोफेसर नरेंद्र विवेक आहूजा ने भी सभी को दिवाली के शुभकामनाएं दी। विश्वविद्यालय के प्रबंधक संचालक कांता शर्मा, कुलाधिपति संतोष शर्मा, कुलपति डॉक्टर अरुण गर्ग, उप कुलपति डॉक्टर एनपी सिंह, कुलसचिव डॉक्टर राजीव रतन ने सभी को मंगलमय दिवाली की शुभकामनाएं दीं। सभी शैक्षणिक, गैर शैक्षणिकगण विद्यार्थियों सहित उपस्थित रहे।

## किसानों को जागरूक करने के लिए चलाई मोबाइल वैन

**पलवल।** कृषि उपनिदेशक डॉ. बाबूलाल ने जिला के किसानों को एनएफएसएम न्यूट्री सेरियल के बारे में जागरूक करने के लिए पुराना कोर्ट परिसर स्थित अपने कार्यालय से मोबाइल वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर खंड कृषि अधिकारी हसनपुर देवेंद्र सिंह तथा विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक डॉ. बाबूलाल ने बताया कि पलवल जिले में किसानों को मोटा अनाज की फसलों को बढ़ावा देने का संदेश देने के लिए कृषि विभाग द्वारा मोबाइल वैन चलाई गई है। यह मोबाइल वैन जिला के सभी गांवों में किसानों को निरंतर जागरूक करने का कार्य करेगी। डॉ. बाबूलाल ने बताया कि इस वर्ष को अंतर्राष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष घोषित किया गया है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के किसानों से मोटा अनाज जैसे-रागी आदि फसलों को उगाने का आह्वान किया है।

# नेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप में हरियाणा के खिलाड़ियों ने दिखाया दम

**एथलेटिक्स हरियाणा के 187 एथलीट खिलाड़ी भाग ले रहे हैं**

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**एथलेटिक्स** हरियाणा के मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड़ ने जानकारी देते हुए बताया कि 38 जूनियर नेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन सात से 10 नवंबर तक नेहरू स्टेडियम कोयंबटूर तमिलनाडू में किया जा रहा है। इस जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में एथलेटिक्स हरियाणा के 187 एथलीट खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। एथलेटिक्स हरियाणा के महासचिव राजकुमार मिटान ने बताया कि जूनियर नेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप में निधि सोनीपत ने पोलवालट इवेंट में तीन मीटर 65 सेंटिमीटर की बेहतरीन ऊंची छलांग लगाकर स्वर्ण पदक पर कब्जा किया और वंशिका घनघस भिवानी ने तीन मीटर 65 सेंटिमीटर की छलांग पर ही रजत पदक जीता। इंदु सोनीपत ने 10 किलोमीटर रेस वाक इवेंट में 49 मिनट 40 सेकेंड और 30 माइक्रोन के समय में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। रचना महेंद्रगढ़ ने 52 मिनट 32 सेकेंड और 89 माइक्रोन के समय के साथ कांस्य पदक जीता, निश्चय रोहतक ने 16 साल लड़का डिस्कस में 56 मीटर 59 सेंटिमीटर की थ्रो कर स्वर्ण पदक, रुद पानीपत ने 55 मीटर चार सेंटिमीटर की थ्रो कर कांस्य पदक जीता। संजना सिंह रोहतक ने 18 साल लड़की 1500 मीटर दौड़ में चार मिनट 45 सेकेंड और 14 माइक्रोन के समय के साथ रजत पदक जीता, 20 साल लड़की 1500 मीटर दौड़ में स्नेहा मलिक रोहतक ने चार मिनट 29 सेकेंड 60 माइक्रोन का समय देकर रजत पदक जीता। सभी विजेताओं को बधाई दी।

# एसडी कॉलेज में विद्यार्थियों को बताया योग का महत्व



**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

**गोस्वामी** गणेशदत्त सनातन धर्म महाविद्यालय में योग क्लब जो बायोलॉजी सोसाइटी के तत्वावधान में कार्यरत है, उसके अंतर्गत योग फॉर वेल बीइंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में योग शिक्षिका कुंवरवती को आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम में विशिष्ट अथिति समाजसेविका रानी लाल थीं। योग क्लब की कनवीनर डॉक्टर वंदना कालरा और डॉक्टर कांतारानी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। कुंवरवती ने सभी योगा क्लब के विद्यार्थी सदस्यों और महाविद्यालय के शिक्षकगणों को योग, ध्यान और प्राणायाम का महत्व समझाया। उन्होंने स्वदेशी उपचार के बारे में भी बताया और साथ ही उन्होंने सभी महत्वपूर्ण बीमारियों का योग आसन द्वारा भी उपचार बताया। योग शिक्षिका ने एलो वेरा, गिलोय, नीम, आंवला आदि को दिखाकर उनका लाइव डेमो भी दिया कि किस तरह हमें इन सभी का सेवन करना चाहिए। महाविद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्या डॉक्टर मंजुला बत्रा ने योग शिक्षिका का धन्यवाद किया। संचालन एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉक्टर मनीषा अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम में डॉक्टर नेहा भटनागर, विजया जैन, अंजू भी उपस्थित रहे। सदस्यों ने प्रण लिया कि नियमित रूप से योग करें।

# राष्ट्रीय सेमिनार में विद्यार्थियों को नैनो टेक्नोलॉजी का महत्व बताया

## सरस्वती महिला महाविद्यालय में हुआ सेमिनार का आयोजन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**सरस्वती** महिला महाविद्यालय पलवल में बुधवार को विज्ञान विभाग द्वारा नैनो टेक्नोलोजी की उपलब्धि विषय पर डीजीएचई द्वारा अनुमोदित एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। यह सेमिनार नैनो टेक्नोलॉजी का महत्व व उसके उपयोग पर केंद्रित रहा। सेमिनार के उद्घाटन सत्र में सम्मानित अतिथि प्रो. ज्योति राणा, रजिस्ट्रार श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय, दूधौला, हरियाणा सरकार व मुख्य अतिथि प्रो. एन विजयन, सीनियर प्राचार्य, वैज्ञानिक, सीएसआईआर नई दिल्ली रहे। सम्मानित अतिथि, मुख्य अतिथि, प्राचार्या डॉ. वंदना त्यागी, विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. सुनिता शर्मा, आयोजन सचिव डॉ. निशा देवी द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित किया गया। अतिथियों का स्वागत प्राचार्या द्वारा स्मृति चिन्ह देकर किया गया।

सेमिनार के आरंभ में डॉ. वंदना त्यागी द्वारा उद्घाटन भाषण दिया गया। उसके बाद डॉ. सुनिता शर्मा ने सेमिनार के मुख्य बिंदुओं का विवरण व्यक्त किया। प्रो. एन विजयन ने अपने वक्तव्य में नैनो टेक्नोलॉजी की प्रयोगशाला स्तर में महत्ता को बतलाया। डॉ. निशा देवी के धन्यवाद ज्ञापन से उद्घाटन सत्र का समापन हुआ।

सेमिनार के तकनीकी सत्र में डॉ. कुंतल, प्राणी शास्त्र के सहायक प्रोफेसर, गारगी कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय ने कई गंभीर बीमारियों के उपचार में नैनो टेक्नोलॉजी की क्षमता को व्यक्त किया। दूसरे सत्र में डॉ. अभिलाषा शौरी, बॉटनी प्रोफेसर, एमआर इंटरनेशनल इंस्टीटयूट, फरीदाबाद ने नैनो टेक्नोलॉजी को छोटा विज्ञान कहकर सभी केंद्र बिंदुओं को व्यक्त किया। तीसरे सत्र में बिंदू मंगला, रसासनशास्त्र सहायक प्रोफेसर, जेसी बोस विश्वविद्यालय, वाईएमसीए ने नैनो टेक्नोलॉजी के सभी मापदंडों को उजागर किया। अंतिम सत्र में डॉ. विनीता सपरा व डॉ. रमन सैनी रसायन शास्त्र, सहायक प्रोफेसर जीजीडीएसडी कॉलेज, पलवल ने पोस्टर प्रस्तुति में निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। तकनीकी सत्रों के अंत में लगभग 60 सहायक प्रोफेसरों व शोध विद्यार्थियों ने शोध पत्र की प्रस्तुति दी। सेमिनार में लगभग 220 प्रतिभागियों ने भाग लिया। विदाई सत्र में मुख्य अतिथि अतुल मंगला, अतिरिक्त महाधिवक्ता, सुप्रीम कोर्ट, हरियाणा रहे। डॉ. वंदना त्यागी व डॉ. सुनिता शर्मा ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ने सभी प्रतिभागियों की सराहना की। इसके बाद सभी प्रतिभागियों को सेमिनार प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। सेमिनार रिपोर्ट की प्रस्तुति डॉ. निशा देवी द्वारा पूर्ण की गई। सेमिनार का समापन डॉ. सुनिता शर्मा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन व राष्ट्रीय गान से हुआ।

# अखिलेश का निशाना

## गठबंधन में दरार

**अखिलेश यादव** ने फिर कांग्रेस पर निशाना लगाया है। सवाल है क्या 'इंडिया' में आई दरारें स्थाई होती जा रही हैं? भारत में राजनीतिक पार्टियों द्वारा अपने संसाधन एकजुट करने तथा चुनावी सफलता की संभावनायें बढ़ाने के लिए गठबंधन एक अच्छा कदम माना जाता है। लेकिन 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को केन्द्रीय सत्ता से हटाने के लिए बना 28 पार्टियों का विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' एकदम विपरीत दिशा में चलता दिखाई देता है। न केवल यह भाजपा के खिलाफ समग्र रणनीति व सीट-साझा योजना बनाने से बहुत दूर है, बल्कि इसकी एकजुटता वास्तव में घट रही है तथा इसके भीतर मतभेद बढ़ रहे हैं। हालांकि, यह कोई छिपी बात नहीं है कि ऐसे गठबंधनों को एकसाथ रखना बहुत चुनौतीपूर्ण काम है। यह बात खासकर उस स्थिति में लागू होती है जब इसमें शामिल पार्टियों का एकमात्र लक्ष्य सत्ता पर कब्जा करना हो। 'इंडिया' में सामने आए हालिया मतभेदों में सीट-साझा विवाद, कठोर आलोचना और एक-दूसरे को चिढ़ाना शामिल हैं। इनसे उनके एकसाथ रहने पर सवाल खड़ा हो गया है। परेशानी का एक शुरुआती संकेत सीट-साझा का विवादास्पद मुद्दा था क्योंकि इस उद्देश्य से बुलाई गई तीसरी बैठक में भी कोई समझदारी नहीं बन सकी। हालांकि, कांग्रेस की राष्ट्रीय उपस्थिति है, पर अपरिहार्य रूप से इसका अधिकांश राज्यों, जैसे उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल व तमिलनाडु में क्षेत्रीय दलों से टकराव है। कांग्रेस और ये क्षेत्रीय दल एक-दूसरे को मुख्य प्रतिद्वंद्वी के रूप में देखते हैं। अब यदि कांग्रेस अपनी सीटों की संख्या नहीं घटाना चाहती है तो क्षेत्रीय पार्टियां इसे पसंद नहीं करेंगी क्योंकि यह उनका आधार है और उनके पास इस नापसंदगी का कारण है।



'इंडिया' समूह में एक उल्लेखनीय विवाद जदयू नेता नीतीश कुमार द्वारा कांग्रेस की इस आलोचना के बाद आया कि वह पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में इतना अधिक व्यस्त है कि उसके पास नवगठित समूह को आगे बढ़ाने के लिए समय नहीं है। उनकी आलोचना को एक निराशा के रूप में देखा जा सकता है जो क्षेत्रीय नेताओं द्वारा राष्ट्रीय गठबंधनों के भीतर प्रदर्शित होती है। दूसरा धक्का उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव की ओर से आया जब उन्होंने कांग्रेस को 'चालू पार्टी' कह दिया। एक साझीदार के लिए ऐसे अपमानजनक शब्दों के प्रयोग से न केवल संबंधों में कड़वाहट स्पष्ट होती है, बल्कि यह सत्तारूढ़ पार्टी के लिए हथियार का काम करते हैं। क्षेत्रीय नेताओं का उद्देश्य स्वयं को मजबूत करना होता है, इसलिए वे अपने साझीदारों की सार्वजनिक आलोचना कर सकते हैं। लेकिन ये आंतरिक टकराव गठबंधन की विश्वसनीयता को नुकसान पहुंचाते हैं और मतदाताओं को इनकी स्थाई व प्रभावी प्रशासन प्रदान करने की क्षमता पर संदेह होता है। हालांकि, ऐसी चुनौतियों से बचने का कोई रास्ता नहीं है। केवल सकारात्मक दृष्टिकोण तथा प्रतिबद्ध प्रयासों से ही परस्पर मतभेदों पर लगाम लग सकती है। वास्तव में सभी पार्टियों की ओर से एक यथार्थवादी दृष्टिकोण अपनाना जरूरी हो गया है। वर्तमान चुनावी गणित से संकेत मिलते हैं कि यदि साझा उम्मीदवार के रूप में वे 2024 के चुनाव में सीधे मुकाबला करें तो उनकी संभावनायें बेहतर हो सकती हैं। गठबंधन दलों को एक-दूसरे की क्षेत्रीय व जाति-आधारित शक्तियों के बीच संतुलन स्थापित करने के साथ ही सीट साझा में समता बरतनी चाहिए। सीट-साझा में असहमतियों के कारण गठबंधन साझीदारों में निराशा और अविश्वास बढ़ सकता है।

# रूस पर प्रतिबंधों के नकारात्मक प्रभाव

**परस्पर-निर्भर दुनिया में ऐसी कार्रवाइयों के नकारात्मक प्रभाव होते हैं जिनसे राष्ट्रीय सीमाओं के पार वस्तुओं या सेवाओं का प्रवाह गंभीर रूप से बाधित होता है। रूस पर प्रतिबंधों के नकारात्मक प्रभाव पड़े हैं।**



उत्तम गुप्ता
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)



जून 2022 में यूक्रेन के खिलाफ रूसी कार्रवाई के लिए उसे दंडित करने हेतु जी-7 देशों-अमेरिका, जर्मनी, फ्रांस, ब्रिटेन, इटली, कनाडा व जापान के नेताओं ने अनेक प्रतिबंध लगाए। इनमें एक मूल्य से कम पर रूसी तेल के निर्यात पर प्रतिबंध शामिल हैं। सितंबर, 2022 में उनके वित्त मंत्रियों ने कहा था, 'हम रूसी-मूल के कच्चे तेल व पेट्रोलियम उत्पादों के समुद्री परिवहन तथा सेवाओं पर समग्र प्रतिबंध के अपने राजनीतिक इरादों को अंतिम रूप देने और उनको क्रियान्वित करने की प्रतिबद्धता प्रकट करते हैं। इन सेवाओं की अनुमति तभी दी जा सकती है जब इनको मूल्य सीमा या उससे कम कीमत पर खरीदा जाए। इस मूल्य सीमा का क्रियान्वयन विभिन्न देशों के व्यापक गठबंधन द्वारा तय किया जाएगा।' 5 दिसंबर, 2022 को मूल्य सीमा प्रति बैरल 60 डालर रखी गई। इसका उद्देश्य रूस को वित्तीय रूप से कमजोर करना तथा पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात से उसका राजस्व घटाना था। इसके साथ यह भी सुनिश्चित करना था कि उनको सप्लाई बाधित न हो। लेकिन दुर्भाग्य से चीजें योजनानुसार नहीं चलीं।

रूस वैश्विक ऊर्जा परिदृश्य में प्रमुख पक्ष है। रूस कच्चे तेल का तीसरा सबसे बड़ा उत्पादक है। उसका हिस्सा वैश्विक कच्चे तेल के उत्पादन में 12 प्रतिशत से अधिक है और वह दूसरा सबसे बड़ा निर्यातक है। प्राकृतिक गैस-एनजी के मामले में वह दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है और उसका हिस्सा 10 प्रतिशत है। वैश्विक निर्यातों में उसका हिस्सा और अधिक, लगभग 25 प्रतिशत है। जहां तक यूरोपीय संघ-ईयू देशों का सवाल है, रूस पर उनकी निर्भरता और अधिक है। वे अपनी एनजी सप्लाई का 40 प्रतिशत तथा कच्चे तेल का 25 प्रतिशत वहीं से प्राप्त करते हैं। इस समूह के कुछ देशों, जैसे, जर्मनी, नीदरलैंड व पोलैंड रूस से अपनी आवश्यकताओं की और अधिक पूर्ति करते हैं।

इस पृष्ठभूमि में ईयू देशों व अमेरिका द्वारा घातक आर्थिक व वित्तीय प्रतिबंधों के कारण रूस से सप्लाई में भारी बाधा आई। सप्लाई श्रृंखला में भारी भौतिक बाधा तथा समुद्री परिवहन मार्गों के बंद होने के कारण कच्चे तेल व एनजी के दामों में तेज वृद्धि हुई। इसका एक कारण फरवरी में रूस द्वारा यूक्रेन के खिलाफ की गई सैनिक कार्रवाई भी थी। इसके परिणामस्वरूप ईयू देशों को उस कालखंड मं अपनी आवश्यकतायें बढ़े दामों पर पूरी करनी पड़ीं जब मूल्य सीमा लागू नहीं थी। इसके कारण उनके आयात खर्च में भारी वृद्धि हुई।

सेंटर फार रिसर्च आन इनर्जी एंड क्लीन एयर के अनुसार रूस को फरवरी से अगस्त, 2022 तक तेल, एनजी और कोयले की बिक्री से 158 बिलियन यूरो की आय हुई। इनमें आधे से अधिक, यानी लगभग 85 बिलियन यूरो ईयू देशों से थी। हालांकि, यूक्रेन पर हमले के पहले की इसी अवधि की तुलना में रूस का समग्र निर्यात 18 प्रतिशत कम हुआ, पर उसके राजस्व में वृद्धि हुई। 5 दिसंबर, 2022 को मूल्यसीमा लागू होने के बाद भी रूस की आय सीमित करने के जी7 समूह के प्रयासों को बहुत कम लाभ हुआ। वैसे भी, मूल्यसीमा 60 डालर प्रति बैरल करना हास्यास्पद था क्योंकि तेल के उत्पादन का खर्च बहुत कम था।

यदि इस मूल्य पर भी निर्यात किया जाता तो यह इतना मुनाफा पैदा कर सकता था जिससे रूस की युद्ध-मशीनरी अच्छी तरह संचालित की जा सकती थी। जुलाई, 2023 के बाद मूल्य इस मूल्यसीमा से अधिक थे क्योंकि सऊदी अरब और रूस ने प्रति दिन एक मिलियन बैरल उत्पादन घटा दिया था। यह निर्णय ओपेक-प्लस की बैठक में अप्रैल, 2023 में किया गया था। इससे रूस को भी लाभ हुआ था। एसएंडपी ग्लोबल प्लैट्स के अनुसार उसके कच्चे तेल की बिक्री लगभग 75 डालर प्रति बैरल पर हो रही थी और इस प्रकार वह सितंबर, 2023 में प्रति दिन 211 मिलियन डालर तेल से कमा रहा था। ऐसे में सवाल है कि जी7 मूल्यसीमा क्यों लागू नहीं कर पा रहा था?

जी7 इसे लागू करने के लिए सहभागी देशों द्वारा पश्चिमी-प्रभुत्व वाली सेवाओं से इनकार को माध्यम बना रहा था जिनमें बीमा, फाइनेंस, ब्रोकरिंग व नैवीगेशन शामिल हैं। यह प्रतिबंध मूल्यसीमा के ऊपर लागू होते थे। इन सेवाओं को प्राप्त करने के लिए खरीदारों को सेवा प्रदाताओं को एक 'प्रमाणपत्र' देना होता था कि वे रूसी पेट्रोलियम को मूल्यसीमा से कम पर प्राप्त कर रहे हैं। लेकिन खरीदारों और रूसी पेट्रोलियम विक्रेताओं द्वारा गलत सूचनायें देने के लिए सेवा-प्रदाताओं को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता था। सरल भाषा में कहें तो जैसे जर्मनी में किसी खरीदार को कागज पर सेवा-प्रदाता को यह लिख कर देना होता था कि उसने 'रूसी कच्चा तेल मूल्यसीमा पर या उससे कम पर खरीदा है।' यदि यह दस्तावेज न होता तो जी7 देश उस सेवा-प्रदाता के खिलाफ प्रतिबंध लगा देते।

उनको विश्वास था कि यह उपाय काम करेगा क्योंकि अनेक जहाज मालिक, व्यापारी और अधिकांश बीमाकर्ता ईयू व अमेरिका के थे और वे प्रतिबंधों का शिकार बन सकते थे। लेकिन यदि खरीदार मूल्य सूचना देने से इनकार करता या मूल्यसीमा से कम पर खरीद का फर्जी दस्तावेज देता या अधिक दाम में खरीदने पर उसके रूसी-मूल का होने के बारे में झूठ बोलता तो क्या होता? ऐसी किसी स्थिति में जी7 देश उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर सकते थे क्योंकि अनुबंध के अनुसार, 'सेवाप्रदाता को खरीदार या विक्रेता द्वारा दी गई गलत सूचना के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता था।' रूसी तेल के विक्रेता और खरीदार मूल्यसीमा से बचने के अनेक अन्य तरीके अपना सकते थे। उदाहरणार्थ, तेल के दाम रूसी बंदरगाह छोड़ने के समय पर लागू होते, उसे किसी रिफाइनरी को देने के समय पर नहीं। जहां रूस कह सकता था कि उसने 60 डालर प्रति बैरल से कम पर तेल बेचा है, वहीं परिवहन लागत तथा व्यापारी कंपनी का मुनाफा उन देशों के लिए बढ़ाया जा सकता था जो इन प्रतिबंधों में शामिल नहीं थे, जबकि इसका एक हिस्सा रूस के पास वापस पहुंच सकता था। ऐसे में कोई आश्चर्य नहीं कि पश्चिमी देशों के स्वामित्व वाले या बीमित जहाजों ने 'रूस के भीतर सभी बंदरगाहों से रूसी तेल भरा', पर जी7 देशों के अधिकारियों ने उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। अमेरिकी वित्त विभाग की रिपोर्टों के अनुसार, अक्टूबर, 2023 में दो जहाज मालिकों पर आरोप लगे कि उन्होंने 75 डालर व 80 डालर प्रति बैरल पर रूसी तेल सप्लाई किया क्योंकि इसमें अमेरिकी सेवा प्रदाताओं की भूमिका थी।

इसके साथ ही अनेक जहाजी बेड़ों व बीमा कंपनियों पर पश्चिमी-स्वामित्व नहीं था। इनका प्रयोग रूसी तेल की हैंडलिंग, शिपिंग व बीमा के लिए किया जा सकता था। संक्षेप में कहा जाए तो यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से अमेरिका और यूरोपीय संघ-ईयू देशों ने रूस के खिलाफ आर्थिक प्रतिबंध लगाने का खतरनाक रास्ता अपनाया। लेकिन उनकी इस कार्रवाई से रूस की वित्तीय स्थिति खराब होने के बजाय उसका खजाना और भरा। रूसी तेल और पेट्रोलियम उत्पादों पर मूल्यसीमा आरोपित करने के गलत निर्णय के परिणामस्वरूप रूसी खजाना इतने बड़े पैमाने पर भरा जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। इसकी शुरुआत 2022 साल के अधिकांश समय में हुई जब कोई मूल्यसीमा नहीं लागू थी और यह काम वर्ष 2023 की पहली छमाही में भी जारी रहा जब मूल्यसीमा को केवल प्रतीकात्मक रूप से लागू किया जा रहा था।

जुलाई, 2023 के बाद खजाना भरने में तेजी आई। इस बीच जी7 देशों को भारी कठिनाई उठानी पड़ी क्योंकि इन देशों के लोगों का ऊर्जा खर्च बढ़ रहा था, मुद्रास्फीति बहुत अधिक थी तथा आर्थिक मंदी छा रही थी। जी7-ईयू देशों को यह रास्ता छोड़ना चाहिए।

उनको यह स्वीकार करने की जरूरत है कि परस्पर-निर्भर दुनिया में ऐसी कार्रवाइयों के नकारात्मक प्रभाव होते हैं जिनसे राष्ट्रीय सीमाओं के पार वस्तुओं या सेवाओं का प्रवाह गंभीर रूप से बाधित होता है। यदि तेल जैसी महत्वपूर्ण वस्तु पर निशाना लगाया जाए तो इसका नुकसान और अधिक होता है जो वर्तमान में स्पष्ट है।

# आसान नहीं बिहार के राजनीतिक माहौल को समझना

राजेश कुमार सिंह
(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं)



हालांकि आम चुनाव में अभी कुछ महीने बाकी हैं, लेकिन यूपी और बिहार राज्य पहले से ही राजनीतिक गतिविधियों से भरे हुए हैं। बीजेपी अच्छी तरह जानती है कि अभिमन्यु की तरह इस चुनाव में वह अकेली है। हर दिन नये राजनीतिक समीकरण को परखना और तैयार करना होगा। जाहिर है कि अब बीजेपी को ऐसे गठबंधन से लड़ना होगा जिसमें जेडीयू, राजद, कांग्रेस और वामपंथी दल भी समर्थन करेंगे। और ऐसे में बिहार ऐतिहासिक रूप से कई राजनीतिक प्रयोगों की भूमि रही है। हालांकि, यहां भाजपा के लिए चुनौतियां अधिक हैं, और अच्छे कार्यकर्ता टर्नओवर कौशल वाले कम लोग उपलब्ध हैं।

बिहार के राजनीतिक इतिहास को खंगालें तो तीन क्षेत्र ऐसे हैं जहां समाजवादी राजनीति का बोलबाला रहा है और कमोबेश यही क्षेत्र बिहार की राजनीतिक जमीन की भावी रूपरेखा तय करते रहे हैं। ये हैं-मुंगेर, मुजफ्फरपुर और नालंदा। जेपी आंदोलन का केंद्र भी इसी इलाके के आसपास था. मधु लिमये, मधु दंडवते, जॉर्ज फर्नांडिस, नीतीश कुमार और ललन सिंह सभी ने अपनी किस्मत और सफलता आजमाई। अब भी लड़ाई का केंद्र यहीं दिख रहा है। हां, ऐसा हुआ है कि मिथिलांचल लालू यादव की मंडल राजनीति और सोशल इंजीनियरिंग में एक अहम पॉकेट बनकर उभरा. जहां बाद में अल्पसंख्यक राजनीति भी परवान चढ़ी। बीजेपी एक बार फिर अपने अश्वमेघ रथ को इन जगहों पर ले जाने की कोशिश कर रही है। इसी रणनीति के तहत बीजेपी के चाणक्य अमित शाह इस इलाके का पांच बार दौरा कर चुके हैं।




बीजेपी के नो मोर अभियान से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की टेंशन बढ़ सकती है। इसलिए पार्टी के वरिष्ठ नेता बिहारशरीफ को नो मोर अभियान का केंद्र बनाने की कोशिश कर रहे हैं। इस अभियान में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं को शामिल करने की बात हो रही है। नालंदा में इस अभियान के जरिए संवाद यात्रा राजगीर, गिरियक, पावापुरी, अस्थावां, रहुई और हरनौत समेत अन्य इलाकों में जाएगी, जिसके लिए तैयारियां जोरों पर चल रही हैं. नालंदा में युवाओं, किसानों, मजदूरों, महिलाओं, कामगारों और अन्य समूहों के बीच बढ़ते गुस्से और बढ़ते असंतोष को अपने पक्ष में करने की योजना है। बिहार को अपनी प्राथमिकता में शामिल करना अमित शाह और बीजेपी की इच्छा नहीं बल्कि मजबूरी है। ऐसा इसलिए क्योंकि 2019 के लोकसभा चुनाव में नीतीश के नेतृत्व वाले एनडीए के पास बिहार से 39 सांसद थे। जेडीयू के हटने से सीधे तौर पर 16 सांसदों के हारने से बिहार बीजेपी के संख्या बल पर काफी असर पड़ा है. नतीजतन, अमित शाह के लिए अपनी मजबूत सीट पर टिके रहना और नई लोकसभा सीटों के लिए संभावनाएं तलाशना एक कठिन काम बन गया है। अमित शाह की चुनावी रणनीति यात्रा फरवरी में शुरू हुई थी। फिर शाह ने पश्चिम चंपारण में चुनावी बिगुल फूंका।

वह 2 अप्रैल को नवादा आये थे। कयास लगाए जा रहे थे कि एलजेपी और नवादा के साथ डील पर नजर है. जो 2019 में एलजेपी को दे दिया गया. 29 जून को अमित शाह फिर भूमिहार बहुल इलाके लखीसराय गए. मुंगेर सांसद और नीतीश कुमार के चाणक्य ललन सिंह को दी चुनौती. कहा जा रहा था कि बीजेपी भी यहां चुनाव लड़ने की योजना बना रही है. शाह 16 सितंबर को चौथी बार झंझारपुर आये थे. 2014 के चुनाव में झंझारपुर लोकसभा सीट बीजेपी ने जीती थी। अब इस सीट को दोबारा हासिल करने के लिए शाह ने झंझारपुर में बैठक की. अब पांचवीं बार मुजफ्फरपुर आने के पीछे अमित शाह का मकसद मुजफ्फरपुर लोकसभा के अलावा कुछ नई जगह तलाशना है. उदाहरण के लिए, सीतामढ़ी और शिवहर को करीब से समझना। एक अजीब राजनीतिक घटनाक्रम में, वर्ष 2019 में एनडीए के भीतर सीतामढ़ी लोकसभा सीट जेडीयू ने जीती थी।

कहा जाता है कि इस ठाकुर नेता का मुजफ्फरपुर के आसपास के कई लोकसभा क्षेत्रों में काफी प्रभाव है. खासकर शिवहर लोकसभा में. यही डर जदयू सुप्रीमो को भी सता रहा है. एक कार्यक्रम के बहाने आनंद मोहन के पैतृक गांव पहुंचकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस सीट का राजनीतिक महत्व बढ़ा दिया है. इस सीट से 1996 और 1998 में आनंद मोहन भी सांसद रहे. अब यह सीट बीजेपी के लिए प्रतिष्ठा का विषय बन गई है. वो भी इसलिए क्योंकि 2009, 2014 और 2019 के चुनाव में बीजेपी ने रमादेवी की मदद से शिवहर लोकसभा क्षेत्र से जीत हासिल की थी. अब बीजेपी की असली लड़ाई सीमांचल में है, जहां अमित शाह फिर जा सकते हैं।

एमवाई समीकरण का एक सरल फॉर्मूला है और इसका बोनस है दलित और पिछड़े वोट बैंक का समर्थन. पूर्णिया को छोड़कर बाकी जगहों पर राजद ने घेराबंदी कर रखी है. पिछले विधानसभा चुनाव में ओवैसी ने मुस्लिम वोट बैंक में सेंध लगाने की कोशिश की थी, लेकिन सफलता आंशिक रही. दरअसल, बदलते वक्त ने सीमांचल की आर्थिक स्थिति को कमोबेश बदल दिया है। रेनू के पास अब वह सीमांचल नहीं है. नहीं तो नेतृत्व की पुरानी शैली ही बदल डालो। ऐसे में बीजेपी पुराने नेतृत्व को नजरअंदाज कर नए चेहरे पर फोकस करेगी, जो अमित शाह का पसंदीदा राजनीतिक कदम हो सकता है. ताकि बीजेपी का नया बिहार बन सके।

## आप की बात

### राज्यपालों की भूमिका

**राज्यपालों** की भूमिका पर लंबे अर्से से उंगलियां उठाई जाती रही हैं। राज्यपालों और राज्य सरकारों के बीच खींचतान सिर्फ उन्हीं राज्यों में होती है जहां केंद्र में सत्तारुढ दल से अलग किसी अन्य दल की सरकार हो। हालांकि, ऐसा होना जरूरी नहीं है। बहुत कुछ राज्यपाल बने व्यक्ति की परिपक्वता तथा गरिमा पर निर्भर करता है। उदाहरणार्थ, राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बीच कभी टकराव की खबरें नहीं आई हैं। ऐसे अन्य उदाहरण भी हैं। देश के संधीय ढांचे को सशक्त बनाए रखने तथा राज्य सरकारों की संभावित निरंकुशता पर रोक लगाने के लिए राज्यपालों को केंद्रीय प्रतिनिधि के रूप में नियुक्त किया जाता है। मगर कुछ राज्यपाल अधिक सक्रिय नजर आते हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने इस बारे में कई बार टिप्पणियां भी की हैं। इस संबंध में हमें अतीत से भी कुछ सबक लेने की जरूरत है। पहले माना जाता था कि राज्यपाल बनने के बाद किसी व्यक्ति को आदर्श रूप से सक्रिय राजनीति से अलग हो जाना चाहिए, पर अब ऐसा नहीं होता। हालांकि, इसकी शुरुआत श्रीमती इंदिरा गांधी के समय में हुई थी जब राज्यपाल बनने के बाद अर्जुन सिंह को पुनः एक राज्य का मुख्यमंत्री बनाया गया था।

**सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### भूकंप का भय

**कुछ हफ्तों** से दिल्ली में कई बार भूकंप के छोटे-बड़े झटके महसूस किए गए हैं। सोमवार को भी एनसीआर में भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। हालांकि इससे किसी को भी किसी भी प्रकार का नुकसान नहीं पहुंचा है लेकिन लोगों के मन में ड्र जरूर बैठ गया है। कई जगहों पर तो इतने तेज भूकंप के झटके महसूस किए गए कि लोग अफरातफरी में अपने-अपने घरों से भागकर बाहर आ गए थे। दिल्ली-एनसीआर में बार-बार आ रहे भूकंप को लेकर एक्सपर्ट्स पहले ही चेतावनी जारी कर चुके हैं। उनका दावा है कि आने वाले समय में दिल्ली समेत आस-पास के इलाके में तेज भूकंप के झटके महसूस किए जा सकते हैं। उनका यह भी कहना है कि दिल्ली-एनसीआर के नीचे 100 से अधिक गहरे और लंबे फॉल्ट्स हैं। इसलिए अगर बार-बार भूकंप आता रहा तो इससे बड़ा नुकसान हो सकता है। नेपाल में निकट अतीत में आए भूकंपों का अध्ययन कर विशेषज्ञों ने अनुमान लगाया है कि अब उनका केन्द्र उत्तराखंड की ओर खिसक रहा है। इसे देखते हुए भारत को समय रहते भूकंप की चेतावनी देने व जोखिम वाले क्षेत्रों में बचाव के समुचित उपाय करने चाहिए।

**-निधि जैन,** गाजियाबाद

### बिहार में गरीबी

**बिहार** जाति गणना में निवासियों की आर्थिक स्थिति का आंकड़ा आ गया है। बिहार में पिछड़ा वर्ग में 33.16 प्रतिशत, सामान्य वर्ग में 25.09 प्रतिशत, अति पिछड़े वर्ग में 33.58 प्रतिशत, एससी में 42.93 प्रतिशत व एसटी वर्ग में 42.7 प्रतिशत गरीब परिवार हैं। कुल मिला कर बिहार में 34.13 प्रतिशत लोग गरीब हैं, यानी इनकी आय 6 हजार रुपये से कम है। इस प्रकार हर तीसरा परिवार अत्यंत गरीब श्रेणी में आता है। इसके पीछे एक कारण शैक्षणिक क्षेत्र में पिछड़ापन है। इस रिपोर्ट के अनुसार, केवल 7 प्रतिशत आबादी को ही स्नातक तक शिक्षा मिली है। नीतीश कुमार ने आरक्षण की सीमा बढ़ा कर 75 प्रतिशत करने का प्रस्ताव कर दिया है। उनके इस प्रस्ताव से वर्तमान विधानसभा चुनावों व आगामी लोकसभा चुनाव में आरक्षण का जिन्न फिर आग उगलने लगेगा। सर्वोच्च न्यायालय ने आरक्षण की सीमा 50 प्रतिशत निर्धारित कर रखी है और केवल तमिलनाडु इसका अपवाद है। ऐसे में पूरे देश में आरक्षण व्यवस्था की समीक्षा करने तथा यह निर्धारित करने की जरूरत है कि क्या इससे सचमुच आर्थिक व सर्वांगीण प्रगति होती है।

**- जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### सस्ता आटा

**केंद्रीय खाद्य मंत्री** पीयूष गोयल ने भारत ब्रांड आटा जनता को उपलब्ध कराया है जो पूरे देश में 27.50 रुपये प्रति किलो विभिन्न संस्थाओं के माध्यम से मिलेगा। बाजार में विभिन्न ब्रांडों का आटा 37.50 रुपये से लेकर 59.60 रुपये प्रतिकिलो बेचा जा रहा है। ऐसे में सरकार ने लोगों को सस्ता आटा देने के उद्देश्य से यह कदम उठाया है। इससे पूर्व सरकार चना दाल और प्याज भी सस्ते में बेच रही है ताकि लोगों को राहत मिल सके। पिछले कुछ समय से महंगे होते अनाज व दालों के कारण लोगों को आटा-दाल के भाव परेशान करने लगे थे। अब सरकार ने जनता को राहत देने के कदम उठाए हैं। लेकिन यह कदम प्रतीकात्मक अधिक हैं क्योंकि देश के गरीबों को राहत देने के लिए व्यापक व्यवस्था की जरूरत है जैसी मुफ्त पांच किलो अनाज देने के लिए सार्वजनिक वितरण प्रणाली-पीडीएस के माध्यम से की गई है। पीडीएस को मजबूत करने के साथ इसके विस्तार की जरूरत है ताकि देश की आम जनता को बढ़ती महंगाई से राहत मिल सके। इसमें दैनिक उपभोग की सभी वस्तुओं को शामिल किया जाना चाहिए।

**- शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

# अयोध्या में केवल राममंदिर ही नहीं देशभर के मंदिरों के होंगे दर्शन

● सभी बड़े प्राचीन मंदिरों की पुण्यगाथा बताएगा अयोध्या का मंदिर संग्रहालय

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**श्रीराम** जन्मभूमि पर निर्माणाधीन भव्य मंदिर तेजी से आकार ले रहा है। आगामी 22 जनवरी को पांच शताब्दी बाद भगवान श्रीराम अपने नव्य-भव्य मंदिर में विराजमान होंगे। देश ही नहीं दुनियाभर में फैले करोड़ों सनातनियों की आस्था भगवान श्रीराम के मंदिर से जुड़ी है। माना जा रहा है कि श्रीराम मंदिर के उद्घाटन के बाद अयोध्या में श्रद्धालुओं की संख्या में अप्रत्याशित इजाफा होगा। आस्थावान अपने प्रभु श्रीराम के मंदिर में दर्शन करने पहुंचेंगे। इसे देखते हुए योगी सरकार अयोध्या को सर्वसुविधायुक्त शहर के रूप में डेवलप कर रही है।

वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट के रूप में अयोध्या में मंदिर संग्रहालय के निर्माण को लेकर भी कवायद तेज हो गई है। इस संग्रहालय के आकार लेते ही अयोध्या में केवल श्रीराम का भव्य मंदिर ही आस्थावानों के केंद्र में नही होंगा, बल्कि मंदिर संग्रहालय के जरिए भारत के सभी प्राचीन बड़े मंदिरों के दर्शन भी अयोध्या में हो सकेंगे। सनातन धर्म के गौरव को पुनर्प्रतिष्ठापित करने का महाअभियान मोदी-योगी सरकार में तेज गति से आगे बढ़ रहा है। इसी कड़ी में योगी सरकार देशभर के मंदिरों की गौरवगाधा को प्रदर्शित करने वाला विशाल संग्रहालय बनाने जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर मंदिर संग्रहालय का निर्माण प्रभु श्रीराम की नगरी आयोध्या में किया जाना है। सरयू किनारे तकरीबन 50 एकड़ में बनने वाले मंदिर संग्रहालय के लिए जमीन की तलाश तेज हो गई है। इस भव्य मंदिर संग्रहालय का निर्माण देश की मशहूर वास्तुकार वृंदा सुमाया की देखरेख में होगा। हाल ही में सुमाया और उनकी टीम ने सरयू तट पर जमथरा में चिह्नित तीन स्थलों और रामपुर हलवारा में चिह्नित एक स्थल का जायजा लिया है। इन चिह्नित स्थलों में से एक स्थल का चयन मंदिर संग्रहालय के निर्माण के लिए किया जाएगा। भारतीय मंदिरों का महात्म्य और उनकी शानदार वास्तुकला को दर्शाने वाले इस विशिष्ट संग्रहालय का निर्माण करने के पीछे योगी सरकार की मंशा है कि इनके जरिए सनातन संस्कृति के महत्व से दुनिया खासकर युवाओं को परिचित कराया जाए। किसी मंदिर का किसी खास स्थान पर क्यों निर्माण हुआ और उनके निर्माण के पीछे का दर्शन क्या रहा, इसके बारे में युवा पीढ़ी को अवगत कराने के उद्देश्य से ही अयोध्या में मंदिर संग्रहालय का निर्माण होगा। इसमें प्राचीन भारत की टेक्नोलॉजी के साथ ही पूजा-पद्धति और उनके महत्व को सामने लाया जाएगा। मंदिरों साथ ही विकसित हुए प्राचीन भारतीय शैक्षणिक संस्थान, जिसमें मठ और पीठम शामिल हैं, मंदिरों की उत्कृष्ट वास्तुशैलियों को प्रदर्शित किया जाएगा। इस संग्रहालय के जरिए भारतीय मंदिरों की बेमिसाल स्थापत्य विरासत से दुनिया को परिचित कराया जाएगा। मंदिर संग्रहालय 12 दीर्घाओं में विभाजित होगा। ये दीर्घाएं अपनी सहज कलात्मकता से आगंतुकों को मंत्रमुग्ध कर देंगी। ये दीर्घाएं मंदिरों के वैज्ञानिक और दार्शनिक पहलू के साथ ही गर्व और श्रद्धा की भावना भी जगाएंगी। इनमें सनातन धर्म में भगवान की अवधारणा, पूजा पद्धति के पीछे छिपा दर्शन, पूजा-अर्चना के लिए मंदिरों की जरूरत, मंदिरों की वास्तु और शिल्पकला, मंदिरों के कर्मकांड के पीछे का दर्शन, पूजा-अर्चना से आगे भी मंदिरों की सामाजिक उपयोगिता, भारतीय मंदिरों के मूल तत्व, मंदिर निर्माण तकनीक और उच्चकोटि का वैज्ञानिक दृष्टिकोंण, विविध प्रकार के मंदिरों की स्थापत्य कला, भारतीय मंदिर आध्यात्मिक ऊर्जा के केंद्रए भारत भूभाग के विशिष्ट मंदिर और पूरी दुनिया में मौजूद हिन्दू मंदिरों की जानकारी को प्रदर्शित करने वाली दीर्घाओं का निर्माण होगा।

## अवधपुरी में होगा गुजरात का गरबा, केरल का कथकली

**दीपोत्सव 2023**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**दीपोत्सव** के अगुआ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में तैयारी पूरी हो गई है। विश्व फ लक पर अयोध्या के दीपोत्सव की गूंज एक बार फिर अपनी अलग आध्यात्मिक पहचान स्थापित करेगी। संस्कृति और अध्यात्म के संगम के बीच योगी सरकार की पहल पर 9 से 11 नवंबर तक भरत कुंड, गुप्तार घाट, बिड़ला धर्मशाला, रामघाट व रामकथा पार्क में भारतीय संस्कृति बिखेरी जाएगी।

यहां एक तरफ जहां आध्यात्मिक यूपी दुनिया में नया मुकाम बनाएगी, वहीं सांस्कृतिक यूपी लोकगीतों, वाद्ययंत्रों व लोकसंस्कृति के जरिए अपनी गौरवशाली परंपरा को बढ़ाएगी। विलुप्त होने के कगार पर पहुंचे ग्रामीण परिवेश के धोबिया, फरुआही नृत्य के कलाकारों को भी सरकार ने दीपोत्सव जैसा अद्वितीय मंच दिया तो राम की अयोध्या में ब्रज के लोकनृत्य की भी बयार बहाने का अवसर उपलब्ध कराया। अवध में ब्रज के कलाकार राम-कृष्ण की धरती की संस्कृति, भाषा और शैली से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। दीपोत्सव पर कुमार विशु भजन गंगा में स्नान कराएंगे। अयोध्या के सातवें दीपोत्सव में भारत के कई प्रांतों की भाषा, शैली/बोली व संस्कृति का भी अद्भुत संगम दिखेगा। 9 से 11 नवंबर तक यहां उत्तर प्रदेश व कई राज्यों के कलाकार प्रस्तुति देंगे। एक तरफ/जहां



अयोध्या की 12 रामलीलाओं के कलाकारों को मंच मिलेगा तो वहीं सोनभद्र का आदिवासी नृत्य भी अलग छाप छोड़ेगा। आजमगढ़ के मुन्ना लाल व उनकी टीम धोबिया नृत्यए मथुरा के राजेश शर्मा व टीम मयूर नृत्य से मन मोहेगी। झांसी का राई नृत्य भी अयोध्या की पावन धरा पर दर्शकों से मुखातिब होगा तो राम-हनुमान सेना की झांकी से भी दर्शक अवगत होंगे। योगी सरकार ने जहां उत्तर प्रदेश के कई कलाकारों और विधाओं को मंच दिया है, वहीं अन्य प्रांतों की संस्कृति को भी अवध की धरती पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर दिया है।

### 51 घाटों पर दीपों को सजाने का कार्य शुरू

**दीपोत्सव** को एतिहासिक बनाने के लिए जय श्रीराम के उद्घोष के साथ राम की पैड़ी व चौधरी चरण सिंह के 51 घाटों पर वालंटियर्स द्वारा दीपों को सजाने का कार्य शुरू हो गया है। शासन द्वारा निर्धारित 21 लाख दीये प्रज्वलित किए जाने के लक्ष्य को लेकर वालंटियर्स द्वारा 24 लाख से अधिक दीप प्रज्वलित किए जायेंगे।

डॉ राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो प्रतिभा गोयल के अनुसार इस बार भी दीपोत्सव को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशानुरूप भव्य बनाया जायेगा। 25 हजार से अधिक वालंटियर्स दीपोत्सव में पुन: विश्व रिकॉर्ड स्थापित करेंगे। देर शाम तक सभी घाटों पर वालंटियर्स द्वारा 60 से 70 प्रतिशत दीपों को पर्यवेक्षकों, घाट प्रभारी, घाट समन्वयकों की निगरानी में बिछाया गया।

दीपों में प्रयुक्त होने वाले दीयों की साइज 24 एमएल की होगी। इसमें 25 से 30 एमएल सरसों का तेल वालंटियर्स द्वारा डाला जायेगा। 9 नवम्बर तक वालंटियर्स द्वारा घाट प्रभारी की देखरेख में सभी घाटों पर दीपों को बिछाने का कार्य संपन्न हो जाएगा। वहीं 10 नवम्बर को दीपों के सजाने व लक्ष्य प्राप्ति के बाद घाटों की साफ-सफ ाई व गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की टीम द्वारा दीयों की गणना की जायेगी। विवि प्रशासन द्वारा तेल की बर्बादी को रोकने के लिए दीयों में तेल डालने के लिए एक-एक लीटर की बोतल की आपूर्ति की जायेगी। वालंटियर्स द्वारा हर दीये में 30 एमएल तेल डाले जायेंगे। इसके लिए उन्हें प्रशिक्षित किया गया है। वालंटियर्स एवं घाट प्रभारियों को दीपोत्सव के दिन सूती कपड़ों में रहना होगा। दीपों को प्रज्वलित करते समय स्वयं के साथ अन्य का भी ध्यान रखना होगा। दीपोत्सव नोडल अधिकारी प्रो संत शरण मिश्र ने बताया कि दीपोत्सव की तैयारियों को लेकर वालंटियर्स एवं अन्य पदाधिकारियों को अवगत करा दिया गया है। विश्वविद्यालय से वालंटियर्स के लिए दीपोत्सव तक बसों को इंतेजाम किया गया है। प्रतिदिन बसें विश्वविद्यालय में प्रात: 8 बजे से राम की पैड़ी के लिए रवाना की जा रही हैं।

# एकमुश्त समाधान योजना की शुरुआत

● 30 नवंबर तक पंजीकरण कराने वाले विद्युत उपभोक्ताओं को मिलेगा सर्वाधिक लाभ

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रदेश** सरकार ने प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को सुविधा देने के लिए बुधवार से एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) लागू कर दी है। यह योजना 8 नवंबर से 31 दिसंबर 2023 तक कुल 54 दिनों तक तीन खंडों में चलेगी। इस योजना का पहला चरण 8 से 30 नवंबर, दूसरा चरण 1 दिसंबर से 15 दिसंबर तथा तीसरा चरण 16 दिसंबर से 31 दिसंबर तक चलेगा। इस योजना की खास बात ये है जो उपभोक्ता जल्दी आएंगे, वो ज्यादा लाभ पाएंगे।

खासतौर पर 30 नवंबर तक पंजीकरण कराने वाले उपभोक्ताओं को ज्यादा लाभ मिलेगा। इसलिए यूपीपीसीएल की ओर से उपभोक्ताओं से योजना का तुरंत और ज्यादा लाभ लेने के लिए अपील की गई है। इस योजना का लाभ लेने के लिए उपभोक्ता किसी भी विभागीय बिलिंग काउंटर, एसडीओ या एक्सीएन कार्यालय पर या यूपीपीसीएल की वेबसाइट पर योजना में पंजीकरण कर इसका लाभ ले सकते हैं। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बुधवार को ट्वीट के माध्यम से इसकी जानकारी दी। उन्होंने लिखा कि इस योजना के अंतर्गत घरेलू उपभोक्ताओं तथा किसानों का विशेष ध्यान रखा गया है। उन्हें सरचार्ज में 100 प्रतिशत की छूट दी गई है तथा अधिकतम 12 किश्तों में अपने बकाए राशि के भुगतान की सुविधा प्रदान की गई है। योजना के तहत एक किलोवाट तक भार वाले घरेलू उपभोक्ताओं तथा एलएमवी-5 तक के किसान उपभोक्ताओं को 15 दिसंबर तक बकाए के पूर्ण भुगतान पर सरचार्ज राशि में 100 प्रतिशत तक की छूट तथा इस दौरान बकाए को 12 किस्तों में जमा करने पर 90 प्रतिशत की छूट मिलेगी। इसके बाद पूर्ण भुगतान पर 80 प्रतिशत तथा 12 किस्तों में भुगतान पर 70 प्रतिशत की छूट मिलेगी। एक किलोवाट से अधिक भार वाले घरेलू उपभोक्ताओं को 30 नवंबर तक अपने बकाए का पूर्ण भुगतान करने पर 90 प्रतिशत की छूट, तीन किस्तों में भुगतान पर 80 प्रतिशत की छूट तथा 6 किस्तों में भुगतान पर 70 प्रतिशत की छूट मिलेगी। 1 से 15 दिसंबर तक पूर्ण भुगतान पर 80 प्रतिशत की छूट, 3 किस्तों में भुगतान पर 70 प्रतिशत तथा 6 किस्तों में भुगतान पर 60 प्रतिशत की छूट मिलेगी। 16 दिसंबर के बाद पूर्ण भुगतान पर 70 प्रतिशत की छूट, 3 किस्तों में भुगतान पर 60 प्रतिशत तथा 6 किस्तों में भुगतान पर 50 प्रतिशत की छूट मिलेगी। तीन किलोवाट भार तक के वाणिज्यिक उपभोक्ताओं द्वारा 30 नवंबर तक अपने बकाए का पूर्ण भुगतान पर 80 प्रतिशत तथा 3 किस्तों में भुगतान पर 70 प्रतिशत की छूट मिलेगी।

## भाजपा सरकार में स्वास्थ्य सेवाओं की उपेक्षा शर्मनाकः अखिलेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश भाजपा सरकार में स्वास्थ्य सेवाओं की उपेक्षा शर्मनाक है। ऐसा लगता है कि भाजपा सरकार में मुख्यमंत्री, स्वास्थ्यमंत्री से लेकर पूरा स्वास्थ्य विभाग संवदेनशून्य हो गया है। डेंगू बुखार और अन्य बीमारियों से मरीज तड़प-तड़पकर मर रहे है। उनके इलाज की कोई समुचित व्यवस्था नहीं है।

जब कोई वीआईपी चिकित्सकों की उपेक्षा का शिकार बनता है तब अफसर उसकी जांच बैठाने का बहाना कर मामले को रफा-दफा कर देते हैं। उन्होंने कहा कि हमीरपुर में फोन करने पर भी एम्बुलेंस नहीं मिली तो परिजन ठेले पर मरीज को ले जाने पर मजबूर हो गए। व्हीलचेयर न मिलने पर पिता अपनी पीठ पर पुत्र को लादकर ले जाता है। औरैया के विधूना में सीएचसी के बाहर भाई बहन के शव को पीठ में बांधकर बाइक से घर ले जाने का दृश्य विचलित करने वाला है। अखिलेश ने कहा कि इन दिनों अस्पतालों में डेंगू बुखार के मरीजों की लाइनें लगी है। इन्हें न तो समय से इलाज मिल रहा है और नहीं दवाइयां। डॉक्टर जांच पर जांच कराने को कह रहे है। मरीजों को इधर से उधर रेफर करने का खेल शुरू है।

तीमारदार दौड़-दौड़ कर खुद ही रोगी बन रहे हैं। मरीजों के प्रति कहीं भी सहानुभूति नहीं देखी जा रही है। शासन प्रशासन भ्रष्टाचार में लिप्त है। पीजीआई लखनऊ में सत्ताधारी भाजपा के एक पूर्व सांसद के पौत्र ने जब तड़प-तड़प कर दम तोड़ दिया तब बीआईपी मामला होने के कारण शासन प्रशासन ने मामले को संज्ञान लिया। पिता मिन्नते करता रहा परन्तु बेटे को सही इलाज नहीं मिला। इस मामले में बस जांच का नाटक हो रहा है। दोषियों पर शायद ही कभी कार्यवाही होती हो। अखिलेश ने कहा कि यह कैसी विडम्बना है कि बड़े-बड़े दावे करने वाली भाजपा सरकार और बडबोले स्वास्थ्यमंत्री अपने विभाग को चुस्त-दुरूस्त करने में पूरी तरह असफल हैं।

# यूपी-112 में विवाद के बाद हटाए गए एडीजी अशोक कुमार, नीरा रावत को मिला प्रभार

● विजय कुमार से वापस लिया गया सीबीसीआईडी का जिम्मा, निदेशक सतर्कता अधिष्ठान व डीजीपी यूपी का अतिरिक्त प्रभार यथावत बना रहेगा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश की राजधानी समेत पूरे राज्य में धरने पर बैठीं यूपी-112 के आउटसोर्सिंग कर्मियों का मामले को लेकर बड़ी कार्रवाई हुई है। सीएम योगी आदित्यनाथ की नाराजगी के बाद एडीजी यूपी 112 अशोक कुमार सिंह को हटा दिया गया है। उन्हें मुख्यालय से अटैच कर दिया गया है।

वहीं डीजीपी विजय कुमार से सीबीसीआईडी का जिम्मा वापस ले लिया गया है लेकिन वह पूर्व की भांति ही डीजी विजिलेंस और कार्यवाहक डीजीपी के तौर पर बने रहेंगे। इसके अलावा डीजी आनंद कुमार और डीजी नीरा रावत का भी तबादला कर नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। बीते तीन दिनों से यूपी-112 में आउटसोर्सिंग पर कार्यरत महिला कर्मी धरने पर बैठी हैं। न सिर्फ लखनऊ बल्कि कई जिलों में तैनात लड़कियों ने जमकर हंगामा किया। बावजूद इसके यूपी-112 अब तक इस मामले को सुलझा नहीं सकी है।

यहां तक यूपी 112 ने इस पूरे मामले का ठीकरा सेवा प्रदाता प्राइवेट कंपनी पर फोड़ कर किनारा कर लिया था। ऐसे में यूपी-112 के अधिकारियों के इस रवैए से सीएम योगी आदित्यनाथ नाराज हुए हैं। नतीजतन यूपी-112 के एडीजी अशोक कुमार सिंह को हटाते हुए उन्हें मुख्यालय से अटैच कर दिया गया है। अशोक कुमार को हटा कर 1992 बैच की आईपीएस अफसर नीरा रावत को एडीजी यूपी 112 बनाया गया है। इससे पहले वह एडीजी प्रशासन थीं। काफी समय से साइड लाइन चल रहे और वर्तमान में सहाकारिता प्रकोष्ठ में तैनात आनंद कुमार को सीबीसीआईडी का नया डीजी बनाया गया है। अभी तक यह पद कार्यवाहक डीजीपी विजय कुमार संभाल रहे थे।

# श्री अन्न महोत्सव के विजेताओं को कृषि मंत्री ने किया सम्मानित



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कृषि** मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बुधवार को कृषि भवन लखनऊ में श्री अन्न महोत्सव 2023 के दौरान आयोजित श्री अन्न के विविध व्यंजन बनाने की प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया गया।

इस दौरान स्नैक्स श्रेणी के लिए लूलू हाइपर मार्केट, आरती एवं कल्पना तथा मीनूस किचन को क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार दिया गया। इण्डियन स्वीट्स श्रेणी में आरती एवं कल्पनाए ग्रेनी तथा ग्रेन्डयूरर्स को क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार दिया गया। बेकरी श्रेणी में लूलू हाइपर मार्केट, मि. ब्राउन डैनब्रो तथा ग्रेन्डयूरर्स को क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार दिया गया।

इसके साथ ही मेन कोर्स श्रेणी के लिए लूलू हाइपर मार्केट, राखी लखन तथा श्वेता श्रीवास्तव को क्रमशः प्रथमए द्वितीय व तृतीय पुरस्कार दिया गया। प्रथम श्रेणी के लिए दस हजार रूपये नकद, द्वितीय श्रेणी के लिए साढ़े सात हजार रूपये नकद तथा तृतीय श्रेणी के लिए पांच हजार रूपये नकद तथा सभी श्रेणियों के लिए शॉल एवं प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। इस प्रतियोगिता के निर्णायक मण्डल में कृपाशु प्रताप, आशुतोष सिन्हा तथा विशाल अग्रवाल शामिल थे। उत्कृष्ट योगदान के लिए भी कृषि मंत्री द्वारा इन्हें सम्मानित किया गया। इस दौरान कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख, कृषि सचिव तथा निदेशक डॉ. राजशेखर एवं कृषि विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# आईएसआईएस से जुड़े एक और आतंकवादी को एटीएस ने छत्तीसगढ़ से किया गिरफ्तार

● एएमयू से की है पीएचडी, नए लोगो को आतंकी संगठन से जोड़ने का कर रहा था कार्य

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**आईएसआईएस** से जुड़े एक और रेडिकलाइज्ड आतंकवादी वजीहउद्दीन को एटीएस द्वारा छत्तीसगढ़ से गिरफ्तार किया गया। वजीहउद्दीन को गिरफ्तार कर नियमानुसार न्यायालय, छत्तीसगढ़ के समक्ष प्रस्तुत कर ट्रांजिट रिमांड लेकर लखनऊ लाए जाने की कार्यवाही की जा रही है।

वजीहउद्दीन की आतंकी पृष्ठभूमि पर और उससे जुड़े सम्पर्कियों और उनकी आतंकी कार्यवाहियों के सम्बंध में विवेचना जारी है। एटीएस ने बीती 3 नवंबर 2023 को थाना एटीएस, लखनऊ पर आईपीसी की धारा 121ए/122 भादवि व 13/18/18बी/38 यूएपी अधिनियम पंजीकृत कर दो आतंकियों अब्दुल्ला अर्सलान एवं माज बिन तारिक को गिरफ्तार किया था। अभियोग की गहराई से विवेचना करते 7 नवंबर 2023 को यूपी एटीएस की टीम द्वारा उपरोक्त अभियोग मे वांछित आतंकी वजीहउद्दीन को दुर्ग, छत्तीसगढ़ से गिरफ्तार किया। एटीएस के अनुसार वजीउद्दीन प्रतिबंधित आतंकी संगठन आईएसआईएस से जुड़ा हुआ है व आईएसआईएस के हैंडलर की हिदायतों के अनुसार अपने आतंकी मंसूबों को पूरा करने के लिए किसी बड़ी घटना को कारित करने का षड्यंत्र रहा था। अपनी आतंकी कार्यवाहियों को पूरा करने और शरिया का कानून लागू करने के लिए यह अपने आतंकी संगठन आईएसआईएस से लोगो को जोड़ रहा था और आतंकी जेहाद की ट्रेनिंग का काम कर रहा था। वजीहउद्दीन ने एएमयू (अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय) पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है।

# यूपी डायल 112 महिला कर्मचारियों के समर्थन में उतरी समाजवादी पार्टी

● कर्मचारियों के साथ सरकार का कारनामा निन्दनीयः सपा प्रमुख

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी ने यूपी डायल 112 महिला कर्मचारियों की मांगों का समर्थन करते हुए भाजपा सरकार द्वारा महिला कर्मचारियों के साथ किये गए दुर्व्यवहार की कड़ी निंदा की है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि यूपी डायल 112 की महिला कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर शांतिपूर्ण धरना दे रही थी उनके धरने को कुचलने के लिए भाजपा सरकार ने संवेदन शून्यता की सारी हदें पार कर दी।

अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी सरकार में पुलिस तंत्र को मजबूत करने के लिए बनाये गए डायल 100 सिस्टम को भाजपा सरकार ने बर्बाद कर दिया है। इस सरकार ने पुलिस व्यवस्था को ठीक करने के बजाय पहले नाम बदला, निष्क्रिय किया, अब वह वहां कार्यरत महिला कर्मचारियों को नौकरी से निकालने का षड्यंत्र कर रही है। कर्मचारियों के साथ भाजपा सरकार का कारनामा शर्मनाक, निन्दनीय और असहनीय है। अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री से मिलने की मांग करने वाली महिला कर्मचारियों को रात भर ठंड में बैठाया गया। सुबह हिरासत में ले लिया गया। भाजपा के नारी वंदन का यही असली रूप है।

यह भाजपा का नारी वंदन नहीं, नारी बंधन है। भाजपा महिलाओं को प्रत्येक स्तर पर धोखा रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार लगातार महिलाओं और नौजवानों को अपमानित कर रही है। नौकरी और रोजगार मांगने पर पुलिस से पिटवाती है। अपमानित कराती है। अब सुनने में आया है कि भाजपा सरकार डायल 100 सेवा को भी पोर्ट, एयरपोर्ट, रेल की तरह अपने किसी प्रिय पार्टनर को दे रही है। महिलाओं को आरक्षण देने का झूठा सपना दिखाने वाले अब उनकी नौकरी छीन रहे हैं और उनके परिजन सड़क पर आ गये है।

अखिलेश यादव ने कहा कि लगता है कि नाम बदलने वालों ने आरक्षण का नाम बदल कर हिरासत कर दिया है। उन्होंने कहा कि समाजवादी सरकार ने डायल 100 और 1090 सेवा बनाकर हजारों लड़कियों को नौकरी और रोजगार दिया था। ये सभी समाज की सेवा कर रही थी लेकिन आज भाजपा की सरकार उन्हें बेरोजगार कर रही है।

# बंजर-बीहड़ जमीन को उपजाऊ बनाने के लिए फंड जारी

● प्रदेश सरकार ने कृषि क्षेत्र की कई योजनाओं के लिए कुल 5713 लाख की वित्तीय स्वीकृति दी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** में किसानों की आय को दोगुना करने के लिए योगी सरकार संकल्पबद्ध है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर शासन की ओर से कृषि से संबंधित विभिन्न योजनाओं के लिए 5713.02 लाख रुपए की वित्तीय स्वीकृति दे दी गई है।

अपर मुख्य सचिव कृषि डॉ देवेश चतुर्वेदी के अनुसार बंजर और बीहड़ भूमि के उपचार के लिए चल रही पं दीनदयाल उपाध्याय किसान समृद्धि योजनाए मृदा स्वास्थ्य सुदृढ़िकरण सहित प्रदेश के दो कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालयों में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना के लिए धनराशि स्वीकृत की गई है।

उन्होंने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय किसान समृद्धि योजना के अंतर्गत 4519.00 लाख, मृदा स्वास्थ्य सुदृढ़ीकरण के लिए रुपए 671.96 लाख, चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर में सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना के लिए 50 लाख, बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना के लिए 22.06 लाख और बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में टाइप-5 के आवासों के निर्माण के लिए 450 लाख की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

# अंतरराष्ट्रीय सीमा पार कराकर मानव तस्करी करने वाला अभियुक्त जम्मू से गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**एटीएस** ने अवैध रूप से सीमा पार कराकर, कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर भारतीय नागरिक के रूप में स्थापित करने वाले एवं मानव तस्करी गिरोह के सक्रिय अभियुक्त मो. हुसैन मूल निवासी शाब बाजार, थाना ऐकब, जिला बुशीडांग, म्यांमार को कारगिल कालोनी, नरवाल, जम्मू से गिरफ्तार किया है। अभियुक्त को ट्रांजिट रिमाण्ड पर लखनऊ लाकर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

एटीएस उत्तर प्रदेश को सूचना प्राप्त हुई थी कि एक अन्तरराष्ट्रीय गिरोह, सिंडिकेट बनाकर भारत-बांग्लादेश अन्तरराष्ट्रीय सीमा से रोहिंग्या तथा बंग्लादेशी नागरिकों (जिसमें मुख्यत: बालिकाएं एवं बच्चे शामिल हैं) को प्रलोभन देकर,



धोखा-धड़ी करके शोषण करने के उद्देश्य से अवैध रुप से मानव तस्करी करते हैं। उल्लेखनीय है कि पूर्व में 26 जुलाई 2021 को एटीएस ने इस गिरोह के मोहम्मद नूर उर्फ नूरुल इस्लाम निवासी हंसरपारा, कॉक्स बाजार, बांग्लादेश, रहमतुल्ला पुत्र दीन निवासी राजरवि, जिला मोंग्डू, म्यांमार, शबी उल्ला निवासी राजरवि, जिला मोंगडू म्यांमार को गिरफ्तार कर इनके विरुद्ध थाना एटीएस पर मुकदमा दर्ज किया था। इनके पास से एक लड़का रुबेल व दो लड़कियां क्रमश: रुमा व हमीदा को रेस्क्यू कर डिटेंशन सेंटर, दिल्ली भेजा गया था। उक्त अपराध की विवेचना में प्राप्त साक्ष्य के आधार पर 2 अगस्त 2021 को अब्दुल सकुर तथा आले मिया निवासीगण खंजर पारा, कॉक्स बाजार, बांग्लादेश को बरेली से, 5 अगस्त 2021 को इस्माइल निवासी गुडेन, जिला मोंगडूए म्यांमार को हैदराबाद से, 26 फरवरी 2022 को रफ ीक निवासी म्यांमार तथा 28 अगस्त 2022 को बप्पन उर्फ अरसद मियां को त्रिपुरा से एटीएस ने गिरफ्तार किया था। इस प्रकार कुल आठ अभियुक्तों को जेल भेजा जा चुका है लेकिन इसी गिरोह का सक्रिय सदस्य मो. हुसैन फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी पर पुरस्कार भी घोषित किया गया था। एटीएस लगातार उसकी तलाश में जुटी हुई थी। बीती 6 नवंबर को सटीक सूचना के आधार पर एटीएस ने फरार चल रहे मो. हुसैन को कारगिल कालोनी, नरवाल, जम्मू से गिरफ्तार कर लिया।

# महिला सम्मान-सुरक्षा की गारंटी



**निघासन खीरी।** भाजपा द्वारा आज नारी शक्ति वंदन सम्मेलन का आयोजन कस्बे के क्रय विक्रय समिति पर संपन्न हुआ। कार्यक्रम में दूर दराज के गांवों से महिलाओं का उमड़ा जनसैलाब । कार्यक्रम में तमाम महिलाएं पहुंच कर सहभागिता की।कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज की बहनों द्वारा स्वागत गीत की गई। मुख्य अतिथि केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र के पहुंचते ही महिलाओं ने तालियां बजाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि ने दीप प्रज्वलित किया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने मुख्य अतिथि का माल्यार्पण करते हुए पुष्प गुच्छ भेंट किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में जानकारी दी। बताया कि महिलाओं को सम्मान देने के साथ.साथ उनकी सुरक्षा का वीणा सरकार ने उठाया है। भाजपा सरकार ने महिलाओं को प्राथमिकता देने का काम किया है। आज महिलाएं अपने आप को सुरक्षित महसूस करती है। मोदी जी का उद्देश्य है कि महिलाएं स्वस्थ हों सुरक्षित हों और आर्थिक स्थिति ठीक हो। स्वयं सहायता समूह के माध्यम से महिलाओं को रोजगार मिला है। नौ वर्ष पहले महिलाएं बाहर निकलने में संकोच करती थी आज मैं देख रहा हूं चारों सड़कें जाम है चारों तरफमहिलाएं ही महिलाएं नजर आ रही है। इतना परिवर्तन हुआ है आज पुलिस में लड़कियां बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रही है और सीमा की सुरक्षा में भी देश की बेटियां आगे बढ़ रही है। इसके बाद सभी महिलाओं का आभार व्यक्त किया। श्रीनगर विधायक मंजू त्यागी ने अपने संबोधन में कार्यक्रम में पहुंची। महिलाओं का आभार व्यक्त किया।

संबोधित करते हुए, कहा कि जिले की एक छोटे से गांव की नेता हूं। मैं आपके बीच नारी वंदन का अधिकार बताने आयी हूं। और कहा की मोदी जी और योगी जी के नेतृत्व में महिलाओं को सम्मान मिला और महिलाएं सुरक्षित हैं। यह कार्यक्रम भाजपा नेता नागेन्द्र सिंह सेंगर के आयोजन में किया गया।

# मिशन शक्ति 4.0 के अन्तर्गत बाल अधिकार सप्ताह मनाया गया



**शाहजहांपुर।** जनपद के प्राथमिक विद्यालय खिरनी बाग, नवादा में (बाल अधिकार सप्ताह) के तहत जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्रा ने मिशन शक्ति 4.0 के अंतर्गत योजना के अंतर्गत प्रभारी जिला मिशन कोऑर्डिनेटर अम्रता दीक्षित ने छात्र-छात्राओं को उनके अधिकारों के बारे में विस्तार से बताया। जिसमें जीवन जीने का अधिकार, भोजन पोषण का अधिकार, अच्छे स्वास्थ्य का अधिकार, विकास का अधिकार, शिक्षा का अधिकार,पहचान का अधिकार, नाम का अधिकार, राष्ट्रीयता का अधिकार, परिवार का अधिकार, मनोरंजन का अधिकार, सुरक्षा का अधिकार के बारे में जानकारी दी गयी। छात्र -छात्राओं को विभाग की समस्त योजनाओं के विषय में जैसे- निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, वन स्टॉप योजना, वृद्धा पेंशन योजना, स्पॉन्सरशिप योजना के बारे में बताया। केसवर्कर योगेन्द्र प्रताप सिंह चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, बाल विवाह, 181,112, 1090, 1076,108 आदि सभी हेल्पलाइन के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में प्रभारी जिला मिशन कोऑर्डिनेट अम्रता दीक्षित ,केसबर्कर योगेंद्र प्रताप सिंह शिक्षामित्र सरोज मित्रा आदि स्टाफ मौजूद रहा।

# आपदा से निपटने का दिया प्रशिक्षण प्रभारी जिलाधिकारी ने लिया जायजा



**लखीमपुर खीरी।** प्राकृतिक एवं मानवजनित आपदाओं से निपटने, आपदा के दौरान जानी व माली नुकसान को न्यून से न्यूनतम किये जाने के उद्देश्य से जिला आपदा प्रबंध प्राधिकरण खीरी के तत्वावधान में प्रशासन ने धर्म सभा इंटर कॉलेज में ग्राम प्रधान, ग्राम सचिव लेखपाल, राजस्व निरीक्षकों की आपदा प्रबन्धन की पाठशाला लगाई। प्रभारी डीएम/एडीएम संजय कुमार सिंह ने कहा कि यह प्रशिक्षण आपदा के दौरान राहत एवं बचाव कार्य में महत्वपूर्ण साबित होगा। उन्होंने आपदा प्रशिक्षण कार्यक्रम को लाभकारी एवं दूरदर्शिता से जुड़ा हुआ बताया। जो आपदा प्रबंधन तथा आपदा से बचाव उपायों का प्रशिक्षण प्रदान किया गयाए उसे आत्मसात करें। डीएम ने भी शिक्षक की भूमिका में आपदा से अपना बचाव करने तथा दूसरे लोगो को आपदा से सुरक्षित निकालने के अनेक तरीकों को अच्छे अंदाज में समझाया। बताया कि किस प्रकार आपदाओं में स्वयं का बचाव करते हुए जनता को सुरक्षा करनी है।

मास्टर ट्रेनर्स ने किसी भी प्राकृतिक या मानव निर्मित आपदा के प्रबंधन में उपयोग की जाने वाली तकनीकों, तरीकों और उपकरणों के बारे में सीखने के लिए भी प्रोत्साहित किया। उन्होंने आपदाओं के मानवीय, भौतिक, आर्थिक या पर्यावरणीय प्रभावों पर बात की और कैसे आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण उससे संबंधित विभिन्न उपायों की योजना बनाने, व्यवस्थित करने, समन्वय और कार्यान्वयन में मदद करता है। प्रशिक्षण में आपदा में ष्क्या करें, क्या न करें, जैसे महत्वपूर्ण विषयों के साथ.साथ प्राथमिक चिकित्सा, पशुओं के उपचार तथा बाढ़ के दौरान प्रशिक्षुओं को जरूरी जानकारी प्रदान की गई। वही आपदा मित्र अंकित कुमार राज ने भी प्रशिक्षण की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए महती भूमिका निभाई।

# पीएचसी और सीएचसी में चल रहे स्वास्थ्य मेले का किया सीएमओ ने निरीक्षण



**लखीमपुर खीरी।** सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता द्वारा पीएचसी तेतारपुर और सीएचसी फूलबेहड़ का रविवार को औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले और आयुष्मान भवरू मेले की जमीनी हकीकत जानी। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने बताया कि पीएचसी तेतारपुर में निरीक्षण के समय तक 41 मरीज देखे गए थे। सभी कर्मचारी उपस्थित मिले। मरीजों को मेले के दृष्टिगत बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं दी जा रहीं थीं। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बेहतर साफसफाई और आयुष्मान गोल्डन कार्ड लाभार्थियों को ऐप के माध्यम से सेल्फकार्ड बनाने को लेकर जागरूक करने के निर्देश दिए। इसके बाद में सीएचसी फूलबेहड़ पहुंचे। जहां उन्होंने आयुष्मान भव: मेले के दृष्टिगत निरीक्षण किया, आने वाले मरीजों को स्वास्थ्य सेवाएं दी जा रही थीं। उन्होंने लेबर रूम का निरीक्षण कियाए साफसफाई के निर्देश दिए। निर्माणाधीन रैम्प को देखा और गुणवत्ता पूर्ण निर्माण के निर्देश दिए। छह रोगी कार्ड अपडेट ना होने को लेकर नाराजगी जाहिर की और तत्काल इसे पूरा करने के निर्देश दिए। इसी के साथ उन्होंने अधीक्षक डॉ पंकज कुमार को निर्देश दिए कि आयुष्मान गोल्डन कार्ड की प्रगति को लेकर विशेष तौर पर सभी आशाओं, आशा संगिनी, आंगनबाड़ियों और पंचायत सहायक को अधिक से अधिक गोल्डन कार्ड बनाने को लेकर प्रेरित करें और प्रगति जानने के लिए निरीक्षण करें। स्थिलता पाए जाने पर कार्यवाही करें।

# सीएमओ ने किया सस्ते गल्ले की दुकान का निरीक्षण आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनने की प्रगति भी जानी



**लखीमपुर खीरी।** आयुष्मान गोल्डन कार्ड के लाभार्थियों के कार्ड अति शीघ्र बनाने को लेकर नवीन प्रक्रिया के अंतर्गत खाद्यान्न वितरण के समय पात्र लाभार्थियों के कार्ड बनाए जाएंगे। जिसकी शुरुआत रविवार से हो गई है। सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने महेवागंज के बालूडीह गांव की सस्ते गल्ले की दुकान का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हें आशा, आशा संगिनी व आंगनबाड़ी द्वारा कार्य में स्थिलता देखने को मिली, जिस पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जाहिर करी और सीएचसी फूलबेहड़ अधीक्षक को क्षेत्र में नवीन आशा के चयन की प्रक्रिया को शुरू करने के लिए नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के क्रम में उन्होंने बताया कि अधिक से अधिक लाभार्थियों को आयुष्मान गोल्डन कार्ड का लाभ अतिशीघ्र देने के लिए डीएम महेंद्र बहादुर सिंह द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में जिले की सभी सस्ते गल्ले की दुकान पर पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाए जा रहे हैं। इसके लिए क्षेत्र की आशा, आशा संगिनी, आंगनवाड़ी और पंचायत सहायक इस कार्य को कर रहे हैं। जब रविवार को महेवागंज के गांव बालूड़ीह में सस्ते गल्ले की दुकान का निरीक्षण कियाए तो वहां पर आशा सहित अन्य कर्मचारियों द्वारा कार्ड नहीं बनाई जा रहे थे, और सीएमओ द्वारा कारण पूंछने पर मोबाइल न होने की बात बताई गई। इसे लेकर उन्होंने नाराजगी जाहिर की है और अधीक्षक फूलबेहड़ डॉ पवन कुमार को नवीन आशा चयन के लिए नोटिस जारी करने के निर्देश दिया। लाभार्थियों को ऐप के माध्यम से सेल्फकार्ड बनाने को लेकर जागरूक करने के भी निर्देश दिए हैं। शासन के निर्देशों के अनुसार लाभार्थियों की सूची शासन द्वारा जारी की गई है। इसके अंतर्गत पात्र गृहस्थी कार्ड धारक, जिनमें उपभोक्ताओं की संख्या 6 या उससे अधिक है, को इस सूची में रखा गया है। ऐसे सभी लोग अपने सस्ते गल्ले की दुकान पर पहुंच कर योजना के अंतर्गत आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनवा सकते हैं।

# ट्रक की टक्कर से एक की मौत, दो घायल

**बरेली।** पेट्रोल पंप पर बाइक में तेल भरवाने के बाद सड़क पर आए बाइक सवार तीन लोगों को तेजी से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी जिससे एक की मौत हो गई दो गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करने के बाद पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। फतेहगंज पूर्वी थाना क्षेत्र के गांव सरैहा निवासी 25 वर्षीय देवनारायण पुत्र राम बहादुर की बीती रात फतेहगंज पूर्वी पेट्रोल पंप के पास हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई, देवनारायण कल शाम को अपने दोस्त गांव के ही रहने वाले गोविंद और राजेश के साथ फतेहगंज पूर्वी की बाजार जाने के लिए घर से निकला था बाइक को राजेश चल रहा था तीनों पहले मोटरसाइकिल पर पेट्रोल पंप पर पहुंचे जहां तेल डलवाने के बाद जब उनकी बाइक सड़क पर पहुंची तभी तेजी से आ रहे ट्रक में उसकी बाइक को टक्कर मार दी जिससे तीनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाला ट्रक फरार हो गया।

## क्विक न्यूज

### पुलिस ने दो लोगों सहित जेसीबी व डंपर को पकड़ा

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** अवैध खनन कर राजस्व को नुकसान पहुंचानें वाले खनन माफियाओं पर कोतवाली पुलिस द्वारा शिकंजा कसते हुए छापेमारी कर रंगे हाथ खनन कर रहे दो लोगों सहित जेसीबी एवं डंपर को कब्जे में लेकर कोतवाली पहुंचाया गया। जिससे खनन माफियाओं में हड़कंप मच गया और कोतवाली की परिक्रमा करते हुए दिखाई दिए। बीती रात कोतवाली निरीक्षक जेपी शर्मा के नेतृत्व में अपराध नियंत्रण हेतु हमराह सिपाहियों के साथ गस्त कर रहे रामाश्रम चौकी प्रभारी चंद्रभान सिंह ने ग्राम मलिकपुर में अवैध खनन होने की सूचना मिलते ही जिला खनन अधिकारी को सूचित किया। जिस पर जिला खनन अधिकारी ने पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच कर खनन कर रहे दो लोगों से खनन संबंधी प्रपत्र मांगे लेकिन वह प्रपत्र नहीं दिखा सके। जिस पर कोतवाली पुलिस द्वारा जेसीबी एवं डंपर कब्जे में लेकर कोतवाली पहुंचाया गया। इस दौरान पुलिस टीम में कांस्टेबल अभिषेक, श्यामलाल सहित एक्स्ट्रा मोबाइल कर्मी मौजूद रहे।

### बंद कमरे में मिला युवक का सड़ा गला शव

**बरेली।** घरेलू कलह के चलते एक युवक ने घर में कमरे में बंद होकर जहरीला पदार्थ खा लिया जिससे उसकी मौत हो गई कई दिन बाद उसकी सडी गली लाश कमरे में जमीन पर लगे बिस्तर पर पाई गई पड़ोसियों की सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की जांच शुरू कर दी । किला थाना क्षेत्र के मोहल्ला गुलाब नगर के पंजाब पुरा निवासी रोहित शर्मा की लाश आज दोपहर घर के एक कमरे में जमीन पर लगे बिस्तर पर पाई गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के बहनोई रानी जी के फाटक के पास रहने वाले अनुपम ने बताया कि रोहित की पत्नी पूजा लगभग डेढ़ महीने पहले दो बच्चों को लेकर रोहित से झगड़ा करके पीलीभीत के सुनगढी स्थित अपने मायके चली गई रोहित ने पत्नी को कई बार वापस बुलाने की कोशिश की लेकिन वह नहीं लौटी करवा चौथ के अवसर पर उसने पत्नी को फिर से फोन करके वापस बुलाने की कोशिश की लेकिन वह फिर भी नहीं आई तब रोहित ने खुद को कमरे में बंद कर लिया समझ जाता है कि उसने बिस्तर पर ही जहरीला पदार्थ खा लिया जिससे उसकी मौत हो गई उसकी लाश कई दिनों तक वहीं पर पड़ी रही जिससे उसमें दुर्गंध आने लगी पड़ोसियों ने मकान से दुर्गंध आने की सूचना पुलिस को दी तब मौके पर पहुंची पुलिस में दरवाजा तोड़कर कमरे में जमीन पर पड़ी लाश को कब्जे में ले लिया और मृतक के बहनोई अनुपम को सूचना दी जो मौके पर पहुंचे और पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी

### बालिका से दुष्कर्म के प्रयास व धमकी देने का मामला दर्ज

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** बीते माह किशोरी को जबरिया खींच कर गांव के ही एक युवक ने दुष्कर्म करने का प्रयास किया। किशोरी की मां द्वारा विरोध करने पर युवक द्वारा परिजनों के साथ मिलकर अभद्रता व मारपीट करने सहित धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम निवासी पीड़िता की मां द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि विगत 01 अक्टूबर को उसकी 11 वर्षीय पुत्री को गांव का ही सोनू उर्फअंकित पुत्र सुघर सिंह जबरिया छविनाथ के मकान में खींच ले गए और दुष्कर्म करने का प्रयास किया। चीख पुकार सुनकर मौके पर पहुंचने पर उसके साथ सोनू उर्फअंकित, सुघर सिंह, शर्मिला, अनुपम देवी ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए लात घूसों से मारपीट कर घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई।

### मकान के विवाद में युवक से मारपीट कर दी धमकी

गुरसहायगंज (कन्नौज)। मकान के विवाद को लेकर युवक के साथ गांव के ही चार लोगों ने अभद्रता व मारपीट कर घायल कर दिया और धमकी दी। तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम इस्माइलपुर निवासी बाबूराम पुत्र मोतीलाल शाक्य द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि बुधवार को वह अपने घर के बाहर बैठा था तभी गांव की ही राधा देवी, मुरारी लाल शाक्य एवं मुरारी लाल के साडू के दो अज्ञात लड़के आए और मकान के विवाद को लेकर गाली गलौज करते हुए लात घूसों से मारपीट कर घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जॉच शुरू कर दी गई है।

### आज होगा मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** जिला विद्यालय निरीक्षक के आदेशानुसार गुरुवार की प्रातः 09 बजे विद्यालय से मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया जाएगा। जो कि नगर के मुख्य मार्ग जीटी रोड से होते हुए तिराहा से वापस विद्यालय में पहुंचकर समाप्त होगी। जिसमें जिला विद्यालय निरीक्षक सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी सम्मिलित रहेंगे। यह जानकारी बुधवार को नगर के जीटी रोड स्थित डॉक्टर जाकिर हुसैन इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य हाजी मसरूर अहमद ने दी।

# महाप्रबंधक ने किया नवनिर्मित स्टोर शेड का उद्घाटन

**रायबरेली।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखानाए में महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा ने नवनिर्मित स्टोर शेड एवं वर्षा जल संरक्षण केन्द्र का उद्घाटन किया।महाप्रबंधक महोदय ने बताया कि नवनिर्मित स्टोर शेड का प्रयोग फर्निशिंग की सामग्री को रखने के लिए किया जाएगा क्योंकि फर्निशिंग का सामान पर्यावरण से शीघ्र प्रभावित होने वाला होता है उसका रख.रखाव उचित तरीके से करना होता है इस शेड के निर्माण हो जाने से सामग्री विभाग को 3600 वर्गमीटर के स्टोर शेड की अतिरिक्त सुविधा उपलब्ध होगी। आरेडिका के मुख्य अभियंता श्री एसपी यादव ने बताया कि नवनिर्मित स्टोर शेड एवं वर्षा जल संरक्षण केन्द्र दोनों के निर्माण में गुणवत्ता संबंधित सभी मानकों का प्रयोग किया गया है। इस वर्षा जल संरक्षण केन्द्र के द्वारा प्रतिवर्ष 4600 किलो लीटर वर्षा जल को भूमि में संरक्षित करने की क्षमता विकसित हुई है। अब आरेडिका के कारखाना परिसर में कुल 77154 किलो लीटर वर्षा जल को प्रतिवर्ष संरक्षित किया जा रहा है एवं इसको बढ़ाने के प्रयास लगातार जारी हैं। साथ ही साथ वर्षा जल संरक्षण केन्द्र की ऊपरी जमीन पर ग्रीन वेल्ट का निर्माण किया गया है जिसमें 250 पौधों का रोपण कार्य किया है।

# तस्कर गिरफ्तार एक करोड़ 75 लाख रुपये बरामद



**शाहजहांपुर।** पुलिस ने नेपाल के रहने वाले एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके पास से आठ किलो चरस बरामद की है। बरामद चरस की अंतर्राष्ट्रीय बाजार में एक करोड़ 75 लाख रुपये कीमत बताई गई है। आरोपी के पास से नेपाल का पहचान पत्र और नकदी बरामद की है। आरोपी नेपाल से चरस लेकर पंजाब में बेचता था। थाना खुटार पुलिस ने एसओजी टीम के साथ बाबा चौराहा मैलानी रोड से समय करीब अभियुक्त रीजन पुत्र संसबहादुर निवासी ग्राम बुर्तीबांग जिला बागलुई नेपाल राष्ट्र को गिरफ्तार किया। कब्जे से कुल 8 किलो 700 ग्राम चरस बरामद हुई। बरामद चरस की अन्तर्राष्ट्रीय बाजार की कीमत लगभग 1 करोड़ 75 लाख रूपये बतायी जा रही है। अभियुक्त रीजन पुत्र संसबहादुर निवासी ग्राम बुर्तीबांग जिला बागलुई नेपाल राष्ट्र से सघन पूछताछ की गयी तो बताया कि साहब मै यह चरस नेपाल राष्ट्र से लाया हूँ और चंढीगढ मे अच्छे दामो पर बेचकर मुनाफा कमाता हूँ क्योकि वहाँ पर नशे का व्यापार काफी होता है। आज मै पंजाब जाने के लिये सवारी का इंतजार कर रहा था। तभी पुलिस वालो ने मुझे पकड लिया। अभियुक्त के विरुद्ध सुसंगत धाराओ मे अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की

# जनपद के अंतिम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विद्या सागर दी अंतिम विदाई



**मीरजापुर।** थाना कटरा कोतवाली क्षेत्र के शास्त्री पुल गंगा नदी के चौबे घाट पर महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय विद्या सागर शुक्ला के पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार किया गया। अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय राज्य मंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने अंत्येष्ठि स्थल चौबे घाट पहुंच कर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय शुक्ला जी के अंतिम दर्शन कर उनके चरणों में पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उन्होंने स्व0 विद्या सागर शुक्ला जी के परिवारजन से बातचीत कर उन्हें ढांढस बंधाया। इस अवसर पर मा0 दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री श्रीमती रेखा वर्माए भाजपा उपाध्यक्ष हरिशंकर सिंह पटेलए भाजपा पिछड़ा मोर्चा जिला अध्यक्ष रामकुमार विश्वकर्मा सहित जनपद के तमाम गणमान्य लोगों ने भी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के चरणों में श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें अंतिम सलामी दी।

# पराली जलाने का विरोध करने पर युवक को पीटा

**बरेली।** परली जलाने का विरोध करने पर एक युवक को दबंगों ने लाठी डंडों से पीट कर घायल कर दिया घटना की शिकायत पुलिस से करने के बाद घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। अलीगंज थाने के गांव जोगी ठेर निवासी भगवान सिंह के बेटे महेंद्र पाल को आज इलाज के लिए जिला अस्पताल में घायल अवस्था में भर्ती कराया गया जहां उसके घर वालों ने बताएं कि महेंद्र पाल के पड़ोस में रहने वाले देशराज, वीरपाल, जयपाल, सियाराम, व कई अन्य लोगों ने अपने खेत में रखी पराली को आग लगा दी जिससे आसपास का इलाका धुएं से भर गया महेंद्र पाल ने जब उनको परली में आग लगाते हुए देखा तो उनसे पराली जलाने को मना किया लेकिन वह नहीं माने और उनका महेंद्र पाल से विवाद हो गया तब सभी ने मिलकर महेंद्र पाल की लाठी डंडों से जमकर पिटाई की जिससे वह घायल हो गया सूचना मिलने पर उसके घर वाले मौके पर पहुंचे, घर वालों ने महेंद्र पाल को जिला अस्पताल में भर्ती कर दिया।

## सांप केकाटने से मजदूर की मौत

**बरेली।** फैक्ट्री में काम करते समय एक मजदूर को जहरीले सांप में काट लिया इलाज के दौरान उसकी जिला अस्पताल में मौत हो गई, लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। सीबीगंज थाना क्षेत्र में एक ब्रेड फैक्ट्री में लगभग 10 साल से कम कर रहे बिहार के पूर्णिया जिले के मतकोपा थाने के जिगनगंज निवासी 50 वर्षीय हारून राशिद पुत्र महबूब की बीती रात जिला अस्पताल में मौत हो गई उसे कल शाम बेहोशी की हालत में भर्ती कराया गया था मृतक के घर वालों ने बताया कि हारून परसाखेड़ा की फैक्ट्री में काम कर रहा था, कल शाम को फैक्ट्री में ही उसे जहरीले सांप ने काट लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ गई फैक्ट्री प्रबंधन में से इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कर दिया जहां उसने दम तोड़ दिया।

# एसआरएम राजकीय आयुर्वेदिक कालेज में राष्ट्रीय आयुर्वेद सम्मलेन का आयोजन



**बरेली।** आयुष मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के आदेशानुसार अष्टम राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस-2023 समारोह के अंतर्गत एसआरएम राजकीय आयुर्वेदिक कालेज बरेली द्वारा वुधवार को आयुष प्रमोद - 2023 राष्ट्रीय आयुर्वेद सम्मलेन का आयोजन किया गया। जिसमे कई प्रदेश के विशेषज्ञ एवं स्नातक एवं स्नात्तकोत्तर छात्रों ने अपने शोध पत्र पढ़ें।कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि सौम्या अग्रवाल, आयुक्त, बरेली एवं डॉ राघवेंद्र शर्मा, विधायक ने धन्वंतरि भगवान को माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। उदघाटन समारोह कार्यक्रम मे विशिष्ट अतिथि प्रो ए. के. सिंह, कुलपति महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय, गोरखपुर, उत्तराखंड आयुर्वेद विश्वविद्यालय, देहरादून के कुलपति प्रो अरुण त्रिपाठी, प्रो वाई सी मिश्रा, उपनिदेशक आयुर्वेद, लखनऊ डॉ जुगल किशोर राना रहे। स्वागत भाषण डॉ संतोष कुमार ने दिया राष्ट्रीय आयुर्वेद सम्मलेन पत्रिका का विमोचन किया गया। वैज्ञानिक सत्र मे अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान, नई दिल्ली से आये डॉ रमाकांत यादव ने बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय से आये प्रो. जे. एस. त्रिपाठी ने आज के समय मे मानसिक रोग की चिकित्सा एवं डॉ मृदुलता मौर्य ने समाज मे हो रहे ओरल कैंसर पर अपना शोध पत्र पढ़ा। दूसरे वैज्ञानिक सत्र मे प्रो अनिल सिंह बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय द्वारा हर दिन हर किसी के लिए आयुर्वेद - लाइफ स्टाइल डिसऑर्डर पर व्याख्यान दिया। आई सीए आर - आईवीआरआई, बरेली के वैज्ञानिक प्रो भारत भूषण ने पत्र पढ़ा, डॉ राजीव यादव बरेली ने वृक्ष-आयुर्वेद पर प्रस्तुतीकरण दिया। आयोजित राष्ट्रीय आयुर्वेद सम्मलेन मे अतिथि एवं विशेषज्ञ सम्मानित किये गए प्रो एके सिंह एवं प्रो ए के त्रिपाठी को आयुर्वेद शिरोमणि सम्मान दिया गया, प्रो डी के द्वीवेदी एवं प्रो वाई सी मिश्रा को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया।

# नाबालिग चालकों पर की जायेगी कार्रवाई: अरशद



ई-रिक्सा चालकों को नियम समझाते टीएसआई।

● यातायात पुलिस ने ई-रिक्सा चालकों को समझाये नियम

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** यातायात जागरूकता माह नवंबर 2023 के क्रम में बुधवार को पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द के निर्देशन एवं यातायात प्रभारी आफाक खॉन के मार्ग दर्शन में नगर के रामगंज तिराहा, चौकी चौराहा, पीडब्ल्यूडी तिराहा आदि स्थानों में ई-रिक्शा चालकों को यातायात के नियमों के बारे में समझाया गया और रिक्शे को चौराहे से दूर पार्क करने की हिदायत दी गई। उन्होनें समस्त ई-रिक्शा चालकों को यातायात के नियमों से अवगत कराते हुए बताया कि कोई भी 18 वर्ष से कम आयु का व्यक्ति ई-रिक्शा नहीं चलाएगा। इसके बाद उन्होनें ब्रीथ एनालाइजर से नशे की हालत में वाहन चलाने वाले वाहन चालकों की चेकिंग भी की गई। टीएसआई अरशद द्वारा नियमो का उल्लंघन करने वाले 15 वाहन चालकों के चालान भी किए गए।

# लंबी कूद, रस्साकसी व क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन



**शाहजहांपुर।** डॉ. सुदामा प्रसाद विद्यास्थली में चल रही स्पोटर्स मीट के द्वितीय दिन लेमन रेस, बोरा रेस, ऊँची कूद, लम्बी कूद, रस्साकसी, षतरंज एवं क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के रेड, ब्लू, यलो और ग्रीन हाउस के लगभग छात्र-छात्राओं ने विभिन्न खेलों में प्रतिभाग किया। ऊँची कूद प्रतियोगिता में सीनियर बालिका वर्ग में रेड हाउस से राधा यादव प्रथम, येलो हाउस से गौरी द्वितीय एवं ग्रीन हाउस से निषि तृतीय स्थान पर रहीं। ऊँची कूद प्रतियोगिता में सीनियर बालक वर्ग में रेड हाउस से तसलीन खान प्रथम, येलो हाउस से तौफीक खान द्वितीय एवं ग्रीन हाउस से आदर्ष तृतीय स्थान पर रहे।

लम्बी कूद प्रतियोगिता में जूनियर बालिका वर्ग में ग्रीन हाउस से कल्पना प्रथम एवं रेड हाउस से साक्षी द्वितीय एवं येलो हाउस से षिवांगी तृतीय स्थान पर रहीं। लम्बी कूद प्रतियोगिता में जूनियर बालक वर्ग में ब्लू हाउस से अंषदीप प्रथम एवं येलो हाउस से दीपांषु द्वितीय एवं ग्रीन हाउस से नोमान तृतीय स्थान पर रहे। शतरंज सीनियर बालक वर्ग प्रतियोगिता में येलो हाउस प्रथम, रेड हाउस द्वितीय एवं ग्रीन हाउस तृतीय स्थान पर रहा। रस्साकसी सीनियर बालिका वर्ग में रेड हाउस विजयी रहा जबकि क्रिकेट सीनियर बालक वर्ग में ब्लू हाउस विजयी रहा।

स्पोर्टस षिक्षक पंकज सक्सेना, महजबी मंसूरी एवं वन्दना सैनी के संचालन में चल रही स्पोर्टस मीट में दिव्यांष मिश्रा, दीपक वर्मा, विमल कुमार, रूचिर शर्मा, अभिषेक सक्सेना, सुमन दीक्षित, सुषमा रानी, रीना बोस, चेतना अवस्थी, सलमान अहमद खान, शैलजा मिश्रा, अनीता त्रिवेदी, नमिता मिश्रा आदि का विषेष सहयोग रहा। अन्त में विद्यालय की प्रधानाचार्या उज्जवल मिश्रा ने सभी का आभार व्यक्त किया। कल दिनांक 09 नवम्बर को स्पोर्टस मीट के अन्तिम दिवस पर कला एवं विज्ञान प्रदर्षनी का आयोजन भी किया जायेगा जिसके साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जायेगा।

# नीतीश कुमार ने किया देश की करोड़ों महिलाओं का अपमानः दिव्या त्रिपाठी

● भाजपा महिला मोर्चा ने मुख्यालय पर किया प्रदर्शन

**संवाददाता।** चित्रकूट



**बिहार** के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा महिलाओं के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने के विरोध में भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष दिव्या त्रिपाठी के नेतृत्व में दर्जनों महिलाओं ने मुख्यालय के धनुष चौराहा पर विरोध प्रदर्शन किया।वहीं नीतीश कुमार का पुतला फूंकने जा रहीं महिलाओं को रोके जाने के चलते पुलिस और महिला मोर्चा के पदाधिकारियों के बीच जमकर टकराव हुआ।

बिहार के मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा सदन में अमर्यादित एव विवादित बयान देने के विरोध में विरोध बुद्धवार की शाम भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष दिव्या त्रिपाठी, उपाध्यक्ष राखी चौबे,नगर अध्यक्ष अर्चना सिंह, वरिष्ठ नेता माया प्रजापति, साधना सिंह एवं अंजू वर्मा समेत तमाम महिलाओं ने नीतीश कुमार का पुतला लेकर नारेबाजी करते हुए मुख्यालय के धनुष चौराहा पर मार्च निकाल कर प्रदर्शन किया। मार्च के बाद जैसी ही भाजपा महिला मोर्चा के पदाधिकारियों ने सीएम नीतीश कुमार का पुतला दहन शुरू किया वैसे ही पुलिस कर्मियों ने भाजपा नेताओं से पुतला छीनकर अपने कब्जे में ले लिया। इसके बाद पुलिस और भाजपा महिला मोर्चा के पदाधिकारियों के बीच तीखी नोक झोंक भी हुई।

भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष दिव्या त्रिपाठी ने कहा कि जिस तरह की भाषा का प्रयोग बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किया है वह कोई भी महिला बर्दाश्त करने को तैयार नहीं है। बिहार की महिलाएं इसके लिए नीतीश कुमार को कभी माफ नहीं करेगी।उन्होने कहा कि भारत की राजनीति में नीतीश बाबू जैसा अश्लील नेता देखा नहीं होगा।

# बालकों में निहित असीम प्रतिभाओं को निखारने की जरूरतः डीएम






**चित्रकूट।** संत थॉमस हायर सेकेंडरी स्कूल के वार्षिकोत्सव में जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने बतौर मुख्य अतिथि नन्हे-मुन्ने बच्चों के सांस्कृति कार्यक्रम देखे। बच्चों की प्रतिभा की सराहना की। जिलाधिकारी ने दीप जलाकर वार्षिकोत्सव का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि संत थामस स्कूल जिले में शिक्षा समेत सहगामी क्रियाकलापों में भी आगे है।

बुधवार को जिलाधिकारी ने बच्चों के प्रदर्शन देखकर कहा कि यहां के प्रिंसिपल, टीचर्स बच्चों के भविष्य निर्माण में कर्तव्यों का निर्वाहन कर रहे हैं। बच्चों की प्रतिभा से प्रतीत होता है कि यहां के बच्चे आगे चलकर इंजीनियर, डॉक्टर, आईएएस, पीसीएस समेत उच्च पदों पर पहुंचेंगे। जिले के साथ विद्यालय का भी नाम रोशन करेंगे। प्रधानाचार्य दिनेश ने जिलाधिकारी समेत अतिथियों का स्वागत किया। बच्चों ने सांस्कृतिक गतिविधियों से स्वच्छता समेत जल ही जीवन है बचाने का संदेश दिया। बच्चों ने नाटकों से क्रोध-बदले की भावना से दूर रहकर जीने का संदेश दिया। प्रस्तुतियों में क्रोध एवं बदले की भावना से किये कार्य सर्वनाश की ओर ले जाते हैं, संदेश दिया। बच्चों ने नशा से दूर रहने, आपस में भाईचारा समेत जीवन जीने व देश-प्रेम का संदेश दिया। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने रंग-बिरंगी पोषाक में मनमोहक नृत्य पेशकर दर्शकों का मन मोहा।

# जिला पंचायत बोर्ड की बैठक में करोड़ों की विकास कार्य योजनाओं को मिली मंजूरी

● चित्रकूट का चहुमुखी विकास जिला पंचायत की प्राथमिकता-अशोक जाटव

**संवाददाता।** चित्रकूट



**जिला** पंचायत की बोर्ड बैठक बुधवार को बुन्देलखण्ड पेयजल योजना के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से खरीदे गए ट्रैक्टर व टैंकरों को वानकी कार्य के लिए वन विभाग को हस्तांतरित करने का प्रस्ताव पारित किया गया। इसके अलावा जिला पंचायत क्षेत्र के अन्तर्गत स्थापित और भविष्य में बनने वाले गेस्ट हाउस, मैरिज हाल, विवाह स्थल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि स्थलों को विनियमित एवं नियंत्रित करने सम्बन्धी नवीन उपविधि बनाने की स्वीकृति भी प्रदान की गयी।

जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक कुमार जाटव की अध्यक्षता में बुधवार को हुई बैठक में वित्तीय परामर्शदाता पंचानन वर्मा ने बजट को सदन में पढ़कर सुनाया। चर्चा के बाद सर्वसम्मति से वित्तीय वर्ष के लिए 39 करोड़ के अनुमानित बजट की स्वीकृति प्रदान की गयी। अपर मुख्य अधिकारी सुधीर कुमार ने बताया कि जिला पंचायत चित्रकूट क्षेत्र के अन्तर्गत ठेकेदारी कार्य को नियंत्रित एवं विनियमित सम्बन्धी उपविधि 2005-06 प्रकाशन की तिथि से प्रभावी है। इस उपविधि के प्रस्तर संख्या 12, 13 एवं 14 में निहित प्राविधानों के अन्तर्गत ठेकेदारों की श्रेणी व निर्धारित शुल्क की दरों में संशोधन का प्रस्ताव चर्चा के बाद बोर्ड द्वारा स्वीकृत कर दिया गया है।

समीक्षा के दौरान बैठक से गैरहाजिर रहने वाले अधिकारियों के स्पष्टीकरण मांगने और बिना उचित कारण के बैठक से गैरहाजिर रहने वाले अधिकारियों का वेतन रोके जाने का प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल ने कहा कि जिला पंचायत की अगली बैठक में विभागाध्यक्ष अपनी विभागीय प्रगति रिपोर्ट के साथ स्वयं बैठक में उपस्थित हों।

# एसपी ने बांटे हैलमेट, वाहन चालकों को यातायात के प्रति किया जागरूक



**उरई, जालौन।** नवंबर माह को यातायात जागरूकता माह के रूप में हर वर्ष मनाया जाता है। इस माह में वाहन चालकों को ही नहीं बल्कि आम राहगीरों के साथ ही शिक्षण संस्थानों में यातायात पुलिस के अधिकारी पहुंचकर छात्र-छात्राओं को भी यातायात नियमों की जानकारी देकर अपील करते हैं कि वह इस बारे में अपने परिजनों को अवश्य जानकारी दें ताकि वह भी जब घर से वाहर दोपहिया वाहन लेकर निकले तो यातायात नियमों का पालन करना न भूले।

इसी क्रम में बुधवार को पुलिस अधीक्षक जालौन ईरज राजा ने कोंच बस स्टैंड स्थित माही होटल के सामने आने जाने वाले दोपहिया वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी देने के साथ ही उन्हें हैलमेट सिर में लगाकर गंतव्य के लिये रवाना किया। कार्यक्रम के संयोजक महेंद्र अग्रवाल (नारायण मार्बल हाउस) व एडवोकेट महेंद्र निगम का आभार व्यक्त करते हुए पुलिस अधीक्षक ने कहा कि समाज के हर वर्ग को यातायात नियमों का पालन करना चाहिए और यह हर्ष का विषय है कि सामाजिक कार्यकर्ता भी लोगों को यातायात के प्रति जागरूक कर रहे है।

# त्यौहार पर खाद्य सुरक्षा टीम हुई सक्रिय, भरे खाद्य पदार्थो के सैंपल



**कोंच, जालौन।** दीपावली पर्व को देखते हुए खाद्य सुरक्षा टीम सक्रिय नजर आने लगी है। टीम ने नगर की कई मिठाई की दुकानों सहित कनफेक्शनरी की दुकानों पर छापा मार कर मिठाई सहित अन्य खाद्य सामग्री का जांच हेतु सैंपल भरा। पर्व को लेकर मिठाईयों सहित अन्य खाद्य पदार्थों में मिलावट किए जाने और साफ सफाई से लेकर एक्सपायरी पदार्थों की धरपकड़ किए जाने को लेकर सहायक आयुक्त खाद्य डॉ. जतिन कुमार, खाद्य सुरक्षा अधिकारी कन्हैयालाल सहित विभागीय कर्मी अशोक, सुनील ने तहसीलदार अभिनव तिवारी की अगुवाई में क्राइम इंस्पेक्टर वीरेंद्र सिंह के साथ मिलकर बुधवार को नगर के अलग अलग इलाकों में दुकानों पर छापामार कार्यवाही की। टीम ने महा कालेश्वर मिष्ठान भंडार से दूध की बर्फी, बलराम मिष्ठान्न भंडार से खोवा, बहरे मिष्ठान्न भंडार से बर्फी का सैंपल जांच हेतु भरा। सहायक आयुक्त खाद्य ने साफ सफाई रखे जाने और एक्सपायरी सामान की बिक्री किसी न करने की दुकानदार को कड़ी चेतावनी दी।

# समीक्षा बैठक में डीएम ने राजस्व वसूली के बाबत दिये कड़े निर्देश

**संवाददाता।** उरई, जालौन



**जिलाधिकारी** राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट सभागार में कर करेत्तर की समीक्षा बैठक कर राजस्व वसूली में प्रगति लाने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने राजस्व विभागों के विभागवार समीक्षा करते हुए वाणिज्य कर विभाग, स्टांप परिवहन विभाग, विद्युत, खनन, मंडी कोंच व एट की राजस्व वसूली की प्रगति लक्ष्य के सापेक्ष कम होने पर सभी संबंधित अधिकारियों का स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व वसूली की प्रगति ठीक न पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों को कड़ी चेतावनी देते हुए राजस्व की वसूली में तेजी लाए जाने के निर्देश दिए। आबकारी अधिकारी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए राजस्व वसूली में प्रगति लाने के निर्देश दिए। परिवहन विभाग लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत राजस्व की वसूली करें, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। सभी संबंधित अधिकारियों को प्रवर्तन की कार्यवाही में तेजी लाते हुए लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली सुनिश्चित किए जाने हेतु निर्देशित किया। संबंधित विभागों से आरसी प्राप्त होने के पश्चात भी तहसीलदारों द्वारा राजस्व वसूली में रुचि न लेने पर स्पष्टीकरण मांगा साथ ही निर्देशित किया कि जनपद के बड़े बकायदारों को सूचीबद्ध करके शत-प्रतिशत राजस्व की बसूली की जाए। उन्होंने कहा कि राजस्व वसूली में किसी भी प्रकार की शिथिलता व उदासीनता क्षम्य नहीं होगी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे विशाल यादव, प्रभागीय वन अधिकारी जयप्रकाश नारायण तिवारी, उप जिलाधिकारी ज्वाइंट, मजिस्ट्रेट अभिषेक कुमार, आदि संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने शुरू कराया मढ़ैयन घाट पुल का निर्माण



**फर्रुखाबाद।** आखिर काफी लम्बे अरसे के बाद वह शुभ घड़ी आ गयी जब कमालगंज व जनपद हरदोई को जोड़नें वाले मढ़ैयन घाट पुल का निर्माण जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह नें पूजापाठ के बाद शुरू करा दिया। जिलाधिकारी नें कार्यदायी संस्था को निर्माण कार्य में गुणवत्ता एवं मानकों को ध्यान में रखनें के निर्देश दिये गये। दरअसल कमालगंज क्षेत्र के महमदगंज मढ़ैयनघाट गंगा नदी तट पर पक्का पुल निर्माण कार्य बुधवार से शुरू हो गया । साढ़े 7 मीटर चौड़ा पुल 1825 मीटर यानि करीब 2 किलोमीटर लंबा होगा। पुल के अलावा 400 मीटर लंबा पहुंच मार्ग भी 7.5 मीटर चौड़ा रहेगा। पहुंच मार्ग पुल से 200 मीटर कमालगंज की ओर अप्रोच के रूप में सड़क से आकर मिलेगा तथा 200 मीटर तेरा अकबरपुर हरदोई की ओर होगा। पुल निर्माण से हरदोई, शाहजहांपुर, बदायूं, बरेली आदि जिलों के लोगों का आवागमन सुगम होने के साथ ही व्यापार में भी सहायता मिलेगी। वहीं दूसरी ओर जनपद फर्रुखाबाद के अलावा कन्नौज, औरैया, कानपुर देहात के अलावा मध्य प्रदेश की सीमा को भी इसी रास्ते से जोड़ा जाएगा। अभी तक इन क्षेत्रों के लोग फर्रुखाबाद के पांचाल घाट तथा कन्नौज से ही हरदोई, शाहजहांपुर व बरेली जाते थे।

# मिलावट पर अंकुश लगाने को संग्रहीत किये गए विभिन्न खाद्य वस्तुओं के नमूने

**संवाददाता।** कानपुर देहात



**आगामी** दीपावली पर्व के अवसर पर मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थों के विकय पर प्रभावी रोकथाम के उद्देश्य से खाद्य एवं पेय पदार्थ विशेषकर खाद्य पदार्थ खोया, नमकीन, ड्राई फ्रूट, खाद्य तेल एवं वनस्पति घी, विभिन्न प्रकार की मिठाईयों, रंगीन मीठे खिलौने, अन्य खाद्य पदार्थ आदि में मिलावट पर प्रभावी रोकथाम हेतु विशेष अभियान के अनुपालन में जनपद कानपुर देहात में कार्यरत मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री शैलेश दीक्षित, के नृतत्व में जनपद के विभिन्न स्थानों में कार्यवाही करते हुए विभिन्न खाद्य पदार्थों के नमूने संग्रहीत किए गए। मैथा में क्षेत्रीय पुलिस बल के सहयोग से टीम द्वारा सहायक आयुक्त (खाद्य) - ।। एवं मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी के नृतत्व में ग्राम बीरपुर नकसिया, तहसील - मैथा में भट्ठी संचालक श्री जय करन के प्रतिष्ठान पर देर रात्रि छापा मारा गया, मौके पर मिलावटी पदार्थों से खोये का निर्माण किया जा रहा था। क्षेत्रीय पुलिस बल के सहयोग से कार्यवाही करते हुए खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा खाद्य पदार्थों के नमूने संग्रहीत किए गए, खोया, एवं स्किम्ड मिल्क पाउडर तथा दूध (सेलखड़ी व स्किम्ड मिल्क पाउडर से निर्मित) का नमूना संग्रहीत कर जांच हेतु खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला प्रेषित किया गया।

# महिला मोर्चा ने नीतीश कुमार का फूंका पुतला

**फतेहपुर।** बिहार के सीएम नीतीश कुमार की महिलाओं पर अभद्र टिप्पणी मामले को लेकर भाजपा महिला मोर्चा ने जमकर हंगामा किया। महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष के नेतृत्व ने कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी करते हुए सीएम का पुतला फूंककर इस्तीफे की मांग कीा। बुधवार को पटेलनगर स्थित चौराहे पर भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ज्योति प्रवीण के नेतृत्व में महिला कार्यकर्ताओ ने बिहार सीएम नीतीश कुमार के खिलाफ जमकर नारेबाजी व प्रदर्शन करते हुये बिहार सीएम का पुतला फूंकते हुए बयान पर माफी मांगने की मांग की। मोर्चा कार्यकर्ताओं ने कहा कि नीतीश कुमार मानसिक संतुलन खो चुके हैं।

# शातिर चोर पुलिस के शिकंजे में चोरी का सामान भी किया बरामद

**कानपुर देहात।** एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में अपराध नियन्त्रण के लिये चलाये जा रहे अभियान के तहत चर्चित रूरा थाना प्रभारी कपिल दुबे के नेतृत्व में थाना रूरा पुलिस ने शातिर चोर को चोरी किये गये माल के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। एएसपी राजेश पाण्डेय ने प्रेस कांफ्रेंस कर मामले की जानकारी दी। दीपावली पर्व पर अराजकतत्वों के खिलाफ लगाम लगाने के उद्देश्य से चलाये जा रहे अभियान के तहत रूरा पुलिस ने कर्मठ, युवा, जुझारू थानाध्यक्ष कपिल दुबे के नेतृत्व में विजयीपुर थाना रूरा निवासी शातिर चोर स्वामीराम पुत्र रामेश्वर को चोरी किये गये पीतल की परात, इन्वर्टर बैटरी सहित, 2 सिलेण्डर, 2 कुन्तल गेहू, मसाला, बीड़ी व सिगरेट के साथ गिरफ्तार किया गया। रूरा प्रभारी निरीक्षक कपिल दुबे, एसआई अतेन्द्र कुमार, राजकुमार आरक्षी रवि पटेल के साथ विजयीपुर गॉव से कहिंजरी जाने वाले मार्ग पर वाहन चेकिंग कर रहे थे उसी समय तीन लोग संदिग्ध अवस्था में वहॉ से गुजरने लगे, पुलिस ने उन्हे रोकने का प्रयास किया तो दो लोग सामान छोड़कर भाग निकले, स्वामीराम को पुलिस बल ने दौड़ाकर पकड लिया।

# स्वामी परमहंस आश्रम में गरजा बुल्डोजर, कठघरे में एसडीएम

**फतेहपुर।** ललौली थाना क्षेत्र के उरौली गांव में मध्यरात्रि स्वामी परमहंस आश्रम में अर्धनिर्मित मंदिर को ढहाने जाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। करीब आधा सैकड़ा ग्रामीणों के हस्ताक्षरयुक्त शिकायती पत्र आज मुख्यमंत्री योगी अदित्यनाथ व जिलाधिकारी को देते हुये ग्रामीणों ने उप जिलाधिकारी सदर प्रभाकर त्रिपाठी व ललौली थाना के प्रभारी निरीक्षक पर गंभीर आरोप लगाये हैं। इस घटना से ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। मध्यरात्रि को नाथ संप्रदाय के निर्माणाधीन राधा-कृष्ण मंदिर को तहस-नहस करना अपने आप में प्रश्न चिन्ह लगाता है। सीएम को भेजे गये शिकायती पत्र में कहा गया कि गांव के कतिपय लोगों के इशारे पर उप जिलाधिकारी व प्रभारी निरीक्षक ने निजी स्वार्थ की पूर्ति के लिये 3/4 नवंबर की रात्रि करीब 12 बजे मौके पर खड़े होकर जेसीबी से अर्धनिर्मित मंदिर को यह कह कर ढ़हा दिया गया कि उक्त भूमि युवक मंगलदल की है। ठीक इसके विपरीत ग्रामीणों का कहना है कि युवक मंगलदल की दो बीघा भूमि मैदान के रूप में आज भी खाली पड़ी है। जनता के सार्वजनिक सहयोग से मंदिर का निर्माण उस स्थान पर कराया जा रहा था जहां पहले से ही दो मंदिर बने हुये है।

# पेज एक का शेष

## दिल्ली में...

चरम पर होता है और इसी समय पंजाब और हरियाणा में पराली जलाने के मामले बढ़ते हैं। उधर, राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण के मद्देनजर सभी स्कूलों की दिसंबर में होने वाली शीतकालीन छुट्टियों में फेरबदल किया गया है और ये अब नौ नवंबर से 18 नवंबर तक होंगी। बुधवार को दिल्ली शिक्षा निदेशालय के एक परिपत्र में यह जानकारी दी गई। परिपत्र में कहा गया कि शीतकालीन अवकाश की लंबित अवधि के लिए तय समय में आदेश जारी किया जाएगा। इससे पहले खराब वायु गुणवत्ता के कारण तीन नवंबर से 10 नवंबर तक छुट्टियों की घोषणा की गई थी। परिपत्र में कहा गया है, दिल्ली में वायु गुणवत्ता के गंभीर स्तर के कारण क्रमिक कार्रवाई कार्ययोजना (ग्रैप)-4 उपायों के कार्यान्वयन और निकट भविष्य में ऐसी प्रतिकूल मौसम स्थितियों से कोई राहत नहीं मिलने की आशंका के मद्देनजर सत्र 2023-24 के लिए समयपूर्व शीतकालीन अवकाश का आदेश दिया गया है ताकि स्कूल पूरी तरह से बंद रहें और बच्चे और शिक्षक दोनों घर पर रह सकें। परिपत्र के अनुसार, इसलिए सभी स्कूलों में नौ नवंबर 2023 (कल) से 18 नवंबर 2023 (शनिवार) तक शीतकालीन अवकाश रहेगा। निदेशालय के फैसले पर आईटीएल पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य सुधा आचार्य ने कहा कि इसकी वजह से निर्धारित गतिविधियां बाधित होंगी और कई कार्यक्रमों को स्थगित करना होगा। उन्होंने कहा, अचानक हुई इस घोषणा से पूरा स्कूल कैलेंडर बाधित हो रहा है लेकिन चूंकि यह सरकारी आदेश है, इसलिए हमें इसका पालन करना होगा। दिल्ली में हवा की गुणवत्ता बुधवार सुबह फिर से गंभीर श्रेणी में पहुंच गई। पड़ोसी राज्यों में धान की कटाई के बाद पराली जलाने से निकलने वाले धुएं का राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण में एक तिहाई योगदान रहता है। दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक मंगलवार शाम चार बजे 395 था जो बढ़कर 421 पर पहुंच गया। मामूली गिरावट के बावजूद श्वसन प्रणाली में गहराई तक प्रवेश कर स्वास्थ्य समस्याएं पैदा करने में सक्षम सूक्ष्म कण पीएम 2.5 की सांद्रता राष्ट्रीय राजधानी में सरकार द्वारा निर्धारित 60 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर की निर्धारित सीमा से सात से आठ गुना अधिक हो गई है। यह विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा निर्धारित 15 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर की सीमा से 30 से 40 गुना अधिक है। गंगा के मैदानी इलाकों के कई शहरों में हवा की गुणवत्ता खतरनाक बताई गई है। पड़ोसी गाजियाबाद (382), गुरुग्राम (370), नोएडा (348), ग्रेटर नोएडा (474) और फरीदाबाद (396) में भी वायु गुणवत्ता की खतरनाक स्थिति की सूचना मिली है।

## पराली जलाने...

निगरानी करता है और दैनिक रिपोर्ट प्रदान करता है, के एक डेटा से पता चला है कि इस साल खेतों में आग लगने की कुल संख्या 22,981 हो गई है। पंजाब में पिछले 24 घंटों में ऐसे 2,003 नए मामले सामने आए हैं। 15 सितंबर से 8 नवंबर तक दर्ज की गई कुल 22,981 खेतों में आग में से, संगरूर सबसे अधिक 4,070 पराली जलाने के मामलों में अग्रणी है। इसके बाद फिरोजपुर में 2,176, तरनतारन में 1,888, मनसा में 1,719, पटियाला में 1,524, अमृतसर में 1,454 मामले हैं। बठिंडा में 1,436, बरनाला में 1,129, लुधियाना में 1,089 और फरीदकोट में 1,014। इसी अवधि के दौरान हरियाणा में 1605 और उत्तर प्रदेश में 1439 मामले दर्ज किए गए। पिछले 24 घंटों में हरियाणा में खेतों में आग लगने की 44 घटनाएं और उत्तर प्रदेश में 47 घटनाएं दर्ज की गईं। फसल अवशेष जलाने के मुख्य कारण दो प्रकार के होते हैं। सबसे पहले ख़रीफ़ सीज़न के अंत में धान की कटाई और गेहूं की खेती के बीच बहुत कम समय होता है। धान, या चावल, एक जल-गहन फसल है। इसकी खेती में पानी के अधिक उपयोग के परिणामस्वरूप केंद्र और विभिन्न राज्य सरकारों ने गर्मी के महीनों में धान की खेती को प्रतिबंधित कर दिया है। गर्मियों में दुर्लभ जल संसाधनों के दोहन को रोकने के लिए, धान की खेती कानूनी तौर पर केवल मध्य जून के आसपास शुरू हो सकती है, जब मानसून आमतौर पर उत्तर भारत में आता है। इससे जड़ तक काटने में और देरी होती है, हार्वेस्टर की बड़ी इकाइयां 6-10 सेमी धान के डंठल को खेत में छोड़ देती हैं। इस बीच, आप और भाजपा दिल्ली में वायु प्रदूषण के लिए एक-दूसरे पर आरोप लगाने में व्यस्त हैं क्योंकि सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी के एक दिन बाद आम आदमी पार्टी ने बुधवार को एक बार फिर हरियाणा सरकार पर दिल्ली में प्रदूषण के लिए 'सबसे बड़ा दोषी' होने का आरोप लगाया। आप नेता दुर्गेश पाठक ने वायु प्रदूषण के लिए भाजपा शासित हरियाणा सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि जब से पंजाब में आप सरकार आई है, पराली जलाने की घटनाओं में 65 फीसदी तक की कमी आई है। सुप्रीम कोर्ट ने कैबिनेट सचिव को दैनिक आधार पर प्रदूषण के मुद्दे को हल करने की जिम्मेदारी लेने का आदेश दिया है। पाठक ने कहा, दिल्ली और उसके आसपास प्रदूषण का काला साया मंडरा रहा है और ऐसे समय में देश के पर्यावरण मंत्री चुनाव प्रचार में व्यस्त हैं। इससे पहले दिन में हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि प्रदूषित हवा सीमाओं से प्रतिबंधित नहीं है और दावा किया कि उनके राज्य के साथ-साथ दिल्ली में भी लोग पंजाब में फसल-अवशेष जलाने के कई मामलों की रिपोर्ट आई है। हालांकि, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस मुद्दे पर राजनीति नहीं होनी चाहिए और पर्यावरण को स्वच्छ रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

## नीतीश ने...

राजनेताओं के सामने अकल्पनीय बात कही। उसने आपत्तिजनक टिप्पणियाँ कीं। कोई शर्म नहीं है उनको। महिलाओं के इस अपमान के खिलाफ इंडिया गठबंधन का एक भी नेता एक शब्द भी बोलने को तैयार नहीं था। जो लोग महिलाओं के बारे में ऐसे विचार रखते हैं, क्या वे आपका कुछ भला कर सकते हैं? क्या वे आपका सम्मान बचा सकते हैं? हमारे राष्ट्र पर कौन सा दुर्भाग्य आ गया है? बिहार और दिल्ली समेत कई शहरों से विरोध प्रदर्शन की खबरें आईं हैं। वहीं नीतीश विधानसभा पहुंचे तो उन्हें शर्मिंदगी का सामना करना पड़ा। कई भाजपा विधायकों ने उनके बयानों की निंदा करते हुए और उनके इस्तीफे की मांग करते हुए तख्तियां लेकर उनका स्वागत किया। दिल्ली भाजपा कार्यकर्ताओं ने चाणक्यपुरी स्थित बिहार भवन के पास प्रदर्शन किया। नीतीश ने कहा कि मुझे आज पता चला है कि मैंने कल जो कुछ कहा था वह कई लोगों को पसंद नहीं आया। मेरा इरादा महिला सशक्तीकरण पर मेरी सरकार के जोर और जनसंख्या नियंत्रण में महिलाओं के बीच साक्षरता में सुधार की भूमिका को उजागर करना था। हालांकि अगर किसी की भावनाएं आहत हुई है तो, मैं माफी मांगता हूं और अपने शब्द वापस लेता हूं।' सीएम ने कहा कि भले ही मेरा आशय कोई अपराध न हो। मैं खुद की निंदा करता हूं (हम अपनी निंदा करते हैं)। राजद एमएलसी पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी ने कहा कि वह इस बात से सहमत हैं कि नीतीश कुमार ने जो कहा वह उचित नहीं था, 'लेकिन हमें जो कुछ हुआ उसे भूल जाना चाहिए क्योंकि उन्होंने माफी मांग ली है।' राबड़ी ने कहा कि भाजपा सदस्यों को बहुत ज्यादा आत्मतुष्ट व्यवहार नहीं करना चाहिए। उनकी पार्टी मणिपुर में शासन करती है, जहां महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाया गया था। राज्य में आग लगी हुई है और उनका नेतृत्व बेफिक्र है। राष्ट्रीय महिला आयोग ने बिहार विधानसभा अध्यक्ष को पत्र लिखकर 'अपमानजनक और घटिया भाषा' का इस्तेमाल करने के लिए 'मुख्यमंत्री के खिलाफ कड़ी कार्रवाई' की मांग की है। एनसीडब्ल्यू की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने भी कड़े शब्दों में एक बयान जारी कर प्रियंका गांधी वाद्रा जैसे विपक्षी नेताओं से इंडिया गठबंधन के प्रमुख नेता कुमार की निंदा करने का आग्रह किया है। शिवसेना नेता प्रियंका चतुर्वेदी ने शर्मा पर पलटवार करते हुए उन पर 'पक्षपातपूर्ण और राजनीति से प्रेरित' होने का आरोप लगाया।

## महुआ मामले...

तीसरी सदस्य परनीत कौर है जो पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह की पत्नी हैं। अमरिंदर सिंह कांग्रेस छोड़ चुके हैं। बसपा सदस्य कुवर दानिश अली भी अपना असहमति नोट दे सकते हैं। गत दो नवंबर को समिति की बैठक में मौजूद सभी पांच विपक्षी सदस्य यह आरोप लगाते हुए बैठक से बाहर चले गए थे कि सोनकर ने मोइत्रा की यात्रा, होटल में ठहरने और टेलीफोन पर बात करने के संबंध में उनसे व्यक्तिगत और अशोभनीय प्रश्न पूछे थे। मोइत्रा ने बैठक के बाद आरोप लगाया कि उनका एक तरह से वस्त्रहरण किया गया। समिति अध्यक्ष ने विपक्षी सदस्यों के दावों को खारिज करते हुए कहा था कि यह सब तृणमूल कांग्रेस की सांसद को बचाने के लिए किया गया। भाजपा सांसद सांसद निशिकांत दुबे ने मोइत्रा पर रिश्वत के बदले कारोबारी दर्शन हीरानंदानी के इशारे पर अडाणी समूह को निशाना बनाने के लिए लोकसभा में सवाल पूछने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि यह हीरानंदानी ही थे जिन्होंने मोइत्रा के सांसद वाले लॉगिन का उपयोग विभिन्न स्थानों, ज्यादातर दुबई से प्रश्न दर्ज करने के लिए किया था। मोइत्रा ने स्वीकार किया है कि हीरानंदानी ने उनके लॉगिन का उपयोग किया, हालांकि उन्होंने किसी तरह के आर्थिक लाभ के आरोप को खारिज किया है। तृणमूल कांग्रेस की सांसद का कहना है कि अधिकतर सांसद अपने लॉगिन का विवरण दूसरों के साथ साझा करते हैं।

## भारत ऑर्गेनिक्स...

चावल और सोना मसूरी चावल होंगे। मदर डेयरी की 150 सफल दुकानों और ऑनलाइन मंच के जरिए इनकी बिक्री की जाएगी। उन्होंने कहा कि खुदरा दुकानों का एक नेटवर्क तैयार किया जा रहा है। शाह ने कहा कि एनसीओएल शुरुआत में भारत में जैविक उत्पाद बेचेगा और बाद में अन्य देशों में विपणन करेगा। मंत्री ने कहा कि एनसीओएल के जरिए जैविक उत्पादों की बिक्री से होने वाले मुनाफे का करीब 50 प्रतिशत सीधे सदस्य किसानों को हस्तांतरित किया जाएगा। जैविक उत्पादों को प्रमाणित करने के लिए एनपीपीओ द्वारा अनुमोदित प्रयोगशालाओं के विस्तार की आवश्यकता पर बल देते हुए मंत्री ने कहा कि देश में 246 में से केवल 34 प्रयोगशालाएं एनपीपीओ द्वारा अनुमोदित हैं। उन्होंने कहा कि सरकार खाद्य सुरक्षा नियामक एफएसएसएआई और अन्य संगठनों के सहयोग से आने वाले वर्षों में अतिरिक्त 305 प्रयोगशालाएं (100 मोबाइल प्रयोगशालाएं और 205 स्थिर प्रयोगशालाएं) स्थापित करेगी। शाह ने कहा, अगले 10 वर्षों में हम भारत ऑर्गेनिक्स को विश्व बाजार में एक मजबूत ब्रांड के रूप में स्थापित होते देख पाएंगे। सहकारी संस्था इस संबंध में एक दीर्घकालिक रणनीति तैयार कर रही है। उन्होंने कहा कि एनओसीएल ने प्राकृतिक खेती का एक डेटाबेस बनाया है और अगले साल तक 25,000 से अधिक सहकारी समितियां एनओसीएल की सदस्य बन जाएंगी। इस कार्यक्रम में सहकारिता राज्यमंत्री बी.एल. वर्मा, सहकारिता सचिव ज्ञानेश कुमार, उपभोक्ता मामलों के सचिव रोहित कुमार सिंह, वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल, एनडीडीबी के अध्यक्ष एवं एनसीओएल प्रमुख मिनेश सी शाह और एफएसएसएआई के सीईओ (मुख्य कार्यपालक अधिकारी) जी कमला वर्धन राव उपस्थित थे। एनसीओएल उन तीन नई सहकारी समितियों में से एक है जिसे सरकार ने हाल ही में स्थापित किया है। अन्य दो सहकारी समितियां प्रमाणित बीज और निर्यात के क्षेत्र में काम करती हैं। देशभर में 7.89 करोड़ सहकारी समितियां हैं।

# जी-7 देशों ने इजराइल-हमास युद्ध पर एकीकृत रुख घोषित किया

**एपी। तोक्यो**

**तोक्यो** में गहन बैठकों के बाद जी7 देशों के प्रतिनिधियों ने बुधवार को इजराइल-हमास युद्ध पर एकजुट रुख अख्यितायर करने की घोषणा करते हुए हमास की निंदा की और इजराइल के आत्मरक्षा के अधिकार का समर्थन किया। राजनयिकों ने गाजा पट्टी में निराश नागरिकों की मदद की गति बढ़ाने में मानवीय रुकावटों को दूर करने का आह्वान भी किया। दो दिवसीय वार्ता के बाद एक बयान में जी7 राष्ट्रों ने इजराइल के खिलाफ हमास के बिना उकसावे के किए गए हमलों की आलोचना की और युद्धग्रस्त फलस्तीनी क्षेत्र में नागरिकों की मदद के लिए तुरंत कार्वाई की जरूरत रेखांकित की। सभी पक्षों को युद्धग्रस्त क्षेत्र में फंसे नागरिकों को भोजन, पानी, दवाएं, ईंधन, आश्रय और मानवतावादी कार्यकर्ताओं तक पहुंच सहित निर्बाध मानवीय मदद की इजाजत देनी चाहिए।

अमेरिका के एंटोनी ब्लिंकन सहित ब्रिटेन, कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, जापान और इटली के विदेश मंत्रियों ने मिलकर यह बयान जारी किया है। बयान के मुताबिक, हम तत्काल आवश्यक सहायता, नागरिकों की आवाजाही और बंधकों को रिहा करने जैसे कार्यों में आ रही मानवीय रुकावटों को दूर करने का समर्थन करते हैं। जी7 देशों के विदेश मंत्रियों की यह बैठक बिगड़ते मानवीय संकट को रोकने के साथ-साथ गाजा पर व्यापक मतभेदों को गहराने से रोकने का एक प्रयास है। जी7 विदेश मंत्रियों की दूसरे व अंतिम दिन की वार्ता में विभिन्न वैश्विक संकट पर बातचीत हुई। बैठक का मुख्य एजेंडा सात अक्टूबर को हमास के अभूतपूर्व एवं अप्रत्याशित हमले के बाद इजराइल की प्रतिक्रिया के कारण उत्पन्न मानवीय संकट और गाजा में महीने भर से जारी संघर्ष रहा। साथ ही बैठक में रूस-यूक्रेन युद्ध, उत्तर कोरिया परमाणु व मिसाइल कार्यक्रम और चीन की क्षेत्रीय विवाद को लेकर अपने पड़ोसियों के साथ बढ़ती आक्रमकता जैसे विषयों पर भी बातचीत हुई।

पश्चिम एशिया का तूफानी दौरा करने बाद तोक्यो पहुंचे ब्लिंकन ने कहा कि इजराइल में युद्ध पर एक स्पष्ट रुख बहुत ही जरूरी है ठीक वैसे ही, जैसे यूक्रेन और अन्य बड़े मुद्दों पर राजनयिकों ने किया। मंत्री भी गाजा को लेकर मतभेदों को गहराने से रोकने का प्रयास कर रहे हैं। ब्लिंकन ने जापान के प्रधानमंत्री फुमिओ किशिदा के साथ मुलाकात करने के बाद जापान के विदेश मंत्री योको कामिकावा से कहा, इस संकट की घड़ी में जी7 राष्ट्रों के लिए एक साथ आने और एक स्वर में आवाज उठाने के लिए यह एक बहुत ही जरूरी क्षण है, जैसा कि हम करते आए हैं। तोक्यो में ब्लिंकन और ब्रिटेन, कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, जापान और इटली के विदेश मंत्रियों ने पश्चिम एशिया की सीमा पर पहले से ही बेहद कमजोर हो चुके सुरक्षा हालात को और अधिक अस्थिरता की ओर जाने से बचाने के उद्देश्य से गाजा युद्ध रोकने के लिए साझा आधार तलाशने की कोशिश की।

इस बीच, संयुक्त राष्ट्र की एक एजेंसी ने कहा कि गाजा में उत्तरी क्षेत्र में भोजन, पानी और दवाओं के लिए परेशान हो चुके हजारों की संख्या में फलस्तीनी नागरिक दक्षिण की ओर पैदल ही जा रहे हैं। वह अपने साथ वही सामान ले जा रहे हैं जो वह उठा सकते हैं। इजराइल का कहना है कि गाजा शहर के अंदर उसके सैनिक हमास के उग्रवादियों के साथ युद्ध कर रहे हैं। लड़ाई शुरू होने से पहले गाजा शहर में करीब 6,50,000 लोग रहते थे। इजराइली सेना के अनुसार, गाजा शहर में ही हमास का सेंट्रल कमांड सेंटर है और शहर में उग्रवादी समूह ने भूमिगत सुरंगों का जाल बिछा रखा है।

## हमारे सैनिक गाजा शहर के अंदरूनी इलाकों में हमास से लड़ रहे हैंः इजरायली सेना ने कहा

**खान यूनिस ( गाजा पट्टी )।** इजरायली सेना ने मंगलवार को कहा कि उसके सैनिक अब गाजा शहर के अंदरूनी इलाकों में हमास से लड़ रहे हैं। इसे संघर्ष के नए चरण के तौर पर देखा जा रहा है क्योंकि इजराइल की सेना के मुताबिक वह हमास चरमपंथी समूह के मुख्यालय की ओर बढ़ रही है। मुख्य सैन्य प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल हगारी ने संवाददाताओं से कहा कि इजराइली सैनिक अब गाजा शहर के अंदरूनी इलाकों तक पहुंच चुके हैं, जिससे हमास पर दबाव बढ़ता जा रहा है। इससे पहले, प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने दावा किया कि इजराइल युद्ध में बढ़त बनाए हुए है और सेना ने हजारों हमास लड़ाकों को मार गिराया है।



टोक्यों में जी-7 विदेश मंत्री यूक्रेन में युद्ध को लेकर एक सत्र में बैठक करते हुए।

# अनुषा शाह ब्रिटेन के इंस्टीट्यूट ऑफ सिविल इंजीनियर्स का नेतृत्व करने वाली पहली भारतवंशी बनी

**लंदन।** ब्रिटेन के इंस्टीट्यूट ऑफ सिविल इंजीनियर्स (आईसीई)के अध्यक्ष पद के लिए प्रोफेसर अनुषा शाह को चुना गया है और इसी के साथ वह 205 साल के इतिहास में संस्थान की अध्यक्ष निर्वाचित होने वाली पहली भारतवंशी बन गई हैं। आईसीई, सिविल इंजीनियर के पेशेवरों का स्वतंत्र संघ और धर्मार्थ निकाय है जिसके करीब 95 हजार सदस्य हैं। संस्थान के 159वें अध्यक्ष के तौर पर शाह ने कार्यभार संभाला और मंगलवार की शाम को लंदन स्थित आईसीई के मुख्यालय में प्रकृति के प्रति सकारात्मक इंजीनियरिंग थीम पर अपना अध्यक्षीय भाषण दिया।

शाह को जल और पर्यावरण अभियंत्रिकी में विशेषज्ञता प्राप्त है और उनके पास ब्रिटेन और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 22 साल तक प्रमुख परियोजनाओं एवं कार्यक्रमों का डिजाइन, प्रबंधन और नेतृत्व करने का अनुभव है। उन्होंने भाषण में कहा, बतौर अध्यक्ष मेरा कार्यकाल इसपर केंद्रित होगा कि कैसे इस पेशे को प्रकृति के अनुकूल और इसके जन सकारात्मक होने की छवि लोगों के दिलों में बनाएं।

शाह ने कहा, हम बुनियादी ढांचे और प्रकृति के बीच के अंतर्संबंध को समझने में विफल रहे हैं। हम वैश्विक स्तर पर प्रकृति-आधारित और हरित समाधान लागू कर रहे हैं, लेकिन सीमित दायरे में। यह अभी तक परिपाटी के तौर पर नहीं हुआ है। प्रोफेसर शाह ने कहा कि दुनिया भर में जैव विविधता के 30 प्रतिशत नुकसान के लिए निर्माण कार्य जिम्मेदार है, लेकिन प्रकृति और लोगों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने से इंजीनियरों को पर्यावरण की क्षति रोकने में मदद मिलेगी।

शाह कश्मीर में पली-बढ़ी हैं। उन्होंने 23 साल की उम्र में नई दिल्ली में कश्मीर के डल झील के संरक्षण का काम करने वाली परामर्श कपंनी का पता लगाया और इंजीनियर की भूमिका पर बात करने उसके कार्यालय पहुंच गईं।

शाह 1999 में प्रतिष्ठित राष्ट्रमंडल छात्रवृत्ति प्राप्त करने वाले दो लोगों में से एक थीं और उसके बाद सें विश्वविद्यालय में जल एवं पर्यावरण इंजीनियरिंग में परास्नातक करने ब्रिटेन चली आईं। यूनिवर्सिटी ऑफ ईस्ट लंदन ने 2021 में उन्हें इंजीनियरिंग में जलवायु परिवर्तन को रोकने के प्रयासों के लिए मानद डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मान किया। इसी साल यूनिवर्सिटी ऑफ वॉल्वर हैम्प्टन ने भी ज्ञान प्रसार के लिए उन्हें मानद प्रोफेसर का पद दिया। शाह की अन्य उपलब्धियों में 2016 में आईसीई की फेलो बनने से पहले, सबसे कम उम्र की और इंस्टीट्यूशन ऑफ सिविल इंजीनियर्स, लंदन क्षेत्र की पहली महिला अध्यक्ष बनना शामिल हैं। दो साल बाद, उन्होंने पृथ्वी के लिए जलवायु परिवर्तन परामर्श योजना की स्थापना की।

# ऑस्ट्रेलिया में सड़क हादसे में भारतीय मूल के पांच लोगों की मौत

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया में एक पब के बाहरी हिस्से में बनाए गए भोजन करने के स्थान पर एसयूवी कार के घुसने से दो बच्चों सहित भारतीय मूल के दो परिवारों के पांच सदस्यों की मौत हो गई। सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड ने खबर दी है कि रविवार रात को फुटपाथ पर बीएमडब्ल्यू कार चढ़ गई और उसने रॉयल डेलेसफोर्ड होटल के सामने के लॉन में खाना खा रहे लोगों को टक्कर मार दी जिसमें विवेक भाटिया (38), उनका बेटा विहान (11), प्रतिभा शर्मा (44), उनकी बेटी अवनी (9) और साथी जतिन चुघ (30) की मौत हो गई। शर्मा और उनका परिवार, दूसरे पारिवारिक मित्रों भाटिया और उनके बेटे विहान के साथ छुट्टी मनाने आया था। घटना में भाटिया की 36 वर्षीय पत्नी रुचि और उनका छह वर्षीय बेटे अबीर को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया है। शुरू में तो अबीर की हालत गंभीर थी और उसके दोनों पैरों की हड्डियां टूट गईं और अंदरूनी चोटें आई थी लेकिन अब वह स्थिर है। हादसे में एक शिशु समेत कई लोग घायल हुए हैं जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बीएमडब्ल्यू स्पोर्ट यूटिलिटि व्हिकल (एसयूवी) के चालक से पुलिस ने अस्पताल में पूछताछ की है। फिलहाल, माउंट मैसेडोन के 66 वर्षीय चालक के नाम को उजागर नहीं किया गया है और उसे पुलिस ने गिरफ्तार नहीं किया है और न ही उसपर कोई आरोप लगाया गया है। फिलहाल चालक पर कोई आरोप नहीं लाया गया है और अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद उससे पूछताछ जारी रहेगी।

# चीन के शीर्ष सैन्य अधिकारी मॉस्को पहुंचे

**मॉस्को ( एपी )।** चीन के एक वरिष्ठ सैन्य अधिकारी ने बुधवार को मॉस्को में रूसी पक्ष से बातचीत की, दोनों देशों के बीच मजबूत संबंधों की प्रशंसा की और परस्पर बढ़ते सहयोग को रेखांकित किया। चीन के दूसरे रैंक के सैन्य अधिकारी और केंद्रीय सैन्य आयोग के उपाध्यक्ष जनरल झांग यूशिया ने कहा कि रूस और चीन के संबंध अपने समय के शीर्ष स्तर पर हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देश मूलभूत हितों और प्रमुख चिंताओं के मुद्दों पर हमेशा एक-दूसरे का समर्थन करते हैं। बीजिंग ने पिछले साल घोषणा की थी कि रूस के साथ मित्रता को लेकर कोई सीमा नहीं है। चीन ने पश्चिमी देशों द्वारा रूस पर लगाए गए प्रतिबंधों की निंदा की और नाटो व अमेरिका पर आरोप लगाया कि उन्होंने यूक्रेन पर सैन्य कार्वाई करने के लिए रूस को उकसाया। वहीं दूसरी ओर, रूस ने ताइवान संबंधी मुद्दों पर लगातार बीजिंग का समर्थन किया है।

**PUBLIC NOTICE**
My Client Mr. Kuldeep Singh S/o Mr. Devendra Singh is the owner of Plot Area measuring 200 sq. yard comprising Khasra no. 754 situated at village Khatana Dheerkhera Pargana & Tehsil Dadri & Distt. Gautam Budh Nagar U.P. vide Registered Gift Deed Regd. no. 29052 dated 20.08.2022 SR-Dadri executed by Mr. Devendra Singh S/o Late Mr. Rajveer this above-mentioned property is going to be mortgage with FED BANK FINANCIAL SERVICES LIMITED. If any person/bank/financial institution having any claim/right, lien, any objection whatsoever in regard to above property, should notified to the undersigned/Adv. Vishal Mehan, E-713, Karkardooma Court, Delhi-110092 along with documentary evidence under address through Registered A/d within 07 days from the date of publication of this notice failing which any claim, lien or objection shall be deemed to have been waived. **Adv. Vishal Mehan,** E-713, Karkardooma Court, Delhi-110092; Mobile no. 9811215181

**PUBLIC NOTICE**
My clients Mrs. Kallo W/o Sh. Mange Ram is the owner of the property bearing Residential House Area Measuring 300 sq.yds. out of Khasara no.146 min. Situated in Village Hazratpur Wajidpur, Noida, Paragana & Tehsil Dadri, Distt. Gautambudh Nagar executed by Sh. Mange Ram S/o Sh. Teja Delhi-110015, vide Registered Gift Deed Regd. No. 7501 dated-30.10.2023 SR-G.B Nagar. This above-mentioned property is going to be mortgage with FED BANK FINANCIAL SERVICES LIMITED. If any person/bank/financial institution having any claim/ right, lien, Any objection whatsoever in regard to above property, should notified to the undersigned/ Adv. Vishal Mehan, E-713, Karkardooma Court, Delhi-110092 along with documentary evidence under address through registered A/d within 07 days from the date of publication of this notice failing which any claim, lien or objection shall be deemed to have been waived. **Adv. Vishal Mehan,** E-713, Karkardooma Court, Delhi-110092; Mobile no. 9811215181

**PUBLIC NOTICE**
My Client Smt. Babita W/o Dheeraj Yadav is the owner of a built-up Residential House area measuring 260 sq yards i.e 217.38 sq. mtrs out of Khasra no. 146 min, Situated at Village Hajratpur Wajidpur Noida, Pargana Tehsil Dadri District Gautam Budh Nagarvide Registered Gift Deed Regd.no.7507 dated 31.10.2023 SR-III Noida executed by Sh. Dheeraj Yadav S/o Sh. Shishpal. This above-mentioned property is going to be mortgage with FED BANK FINANCIAL SERVICES LIMITED. If any person/bank/financial institution having any claim/right, lien, any objection whatsoever in regard to above property, should notified to the undersigned/Adv. Vishal Mehan, E-713, Karkardooma Court, Delhi-110092 along with documentary evidence under address through registered A/d within 07 days from the date of publication of this notice failing which any claim, lien or objection shall be deemed to have been waived. **Adv. Vishal Mehan,** E-713, Karkardooma Court, Delhi-110092; Mobile no. 9811215181

## आईएस समूह के हमले में सीरियाई सरकार समर्थक मिलीशिया के 21 लड़ाके मारे गए

**बेरूत।** इस्लामिक स्टेट समूह ने पूर्वी सीरिया में मंगलवार रात सरकार समर्थक लड़ाकों पर घात लगाकर हमला किया, जिसमें कम से कम 21 लड़ाके मारे गए। जानकारी सरकार समर्थक मीडिया और एक विपक्षी युद्ध निगरानी संस्था ने बुधवार को दी। शाम एफएम रेडियो ने बताया कि सरकार समर्थक नेशनज डिफेंस प्लेसेज के लड़ाकों पर मध्य सीरियाई रेगिस्तान में सरकार के नियंत्रण वाले होम्स और रक्का शहर के बीच स्थित अल-कौम गांव में घात लगाकर हमला किया गया। युद्ध निगरानी संस्था सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने भी हमले के लिए आईएस को दोषी ठहराया, लेकिन मरने वालों की संख्या अधिक बताई और कहा कि इसमें 34 लड़ाके मारे गए हैं। ऐसे हमलों के बाद हताहतों की संख्या अलग-अलग होना आम बात है। सीरियाई अधिकारियों ने हमले पर तुरंत कोई टिप्पणी नहीं की और आईएस की ओर से हमले की जिम्मेदारी का तत्काल कोई दावा नहीं किया गया।



गाजा में इजराइली हमले में क्षतिग्रस्त मस्जिद को देखते फिलस्तीनी

**सार्वजनिक सूचना**
सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि मैं सुनीता वर्मा पत्नी स्व. श्री नरेश कुमार निवासी प्लॉट न. 200, फ्लैट न. 203, सेकंड फ्लोर,अपोजिट महादेवी डिस्पेंसरी, पाना उद्यान,नरेला, दिल्ली-110040, अपने पुत्र अरविंद सोनी व पुत्र वधु दीपिका सोनी को गलत संगत में पड़ने के कारण उनसे अपने संबंध विच्छेद करती हूं व अपनी सभी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए दोनों स्वयं जिम्मेदार होंगे।
सुनीता वर्मा

**सार्वजनिक सूचना**
आम जनता को एतद्द्वारा सुचित किया जाता है कि श्रीमती सुमित्रा बहुगुणा पत्नी श्री विपिन कुमार बहुगुणा ने पश्चिम विनोद नगर की आबादी में, गांव मंडावली फाजलपुर, इलाका शाहदरा, दिल्ली-110092 में स्थित बिना छत अधिकार के या छत के साथ प्रथम तल, संपत्ति सं. ए-42 पर निर्मित, एरिया परिमाप 55 वर्ग गज, खसरा नंबर 808 में से, पंजीकृत जनरल पावर ऑफ अटॉर्नी दिनांक 13.09.2007 दस्तावेज सं. 5821 पुस्तक सं. 4, खंड सं. 2538, पृष्ठ 26-28 पर, दिनांक 13.09.2007 को पंजीकृत। 13.09.2007 श्री विपिन कुमार बहुगुणा पुत्र श्री राधे किशन बहुगुणा द्वारा निष्पादित, पंजीकृत जनरल पावर ऑफ अटॉर्नी दिनांक 13.09.2007 क्रम सं. 5821 के माध्यम से मालिक हैं सभी व्यक्तियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता हैं कि श्री अनिल कुमार मिश्रा और श्रीमती लक्ष्मी देवी ने उक्त संपत्ति को एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट कंपनी लिमिटेड (पूर्व में फुलर्टन इंडिया क्रेडिट कंपनी लिमिटेड) के पास गिरवी रख दिया है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त संपति में कोई प्रभार/हित/ अधिकार है या किसी भी प्रकार का विवाद है, तो कृपया अधोहस्ताक्षरी को नीचे दिए गए पते पर लिखित रुप में वर्तमान से 07 दिनों के भीतर सूचित करें।
श्रीमती प्रसून लता, अधिवक्ता
एसजी एसोसिएट्स (लॉ फर्म)
एफएफ18, लोटस पौन्ड प्लाजा, वैभव खंड, इंदिरापुरम, गाजियाबाद 201014
ईमेल:sgassociatespl@gmail.com,फोन 7011172764, 8130200837

**Public Notice**
This is to inform the general public that **Mrs. Sunita Sharma** is the sole owner of Plot of Land area measuring 266 Sq. Yds., i.e., 222.40 Sq. Mtrs., out of Khasra no. 158min, situated in the village Choda Raghunapur, pargana & Tehsil Dadri, Distt. Gautam Budh Nagar, U.P. This ownership was legally acquired through a Gift Deed dated 16.09.2023 vide doc. No. 5193, executed by Mr. Mahender Sharma. **Mrs. Sunita Sharma** is currently in the process of mortgaging the aforementioned property with **SMFG India Credit Co. Ltd, Our Client.** Any objections or concerns regarding this transaction should be raised within a period of 14 days from the date of this public notice. Any objections submitted after the completion of this 14-day period will not be considered binding with respect to the said property or the interests of our client.
If anyone wishes to raise an objection, please do so within the stipulated 14-day period by contacting **Law Veritas:North (Advocates & Legal Consultants)at Office No. 11, 1st Floor, Building No. A-44/A, Sector-16, Noida, Uttar Pradesh-201301; Landline(s):+910120-3101683 / 4562809; e-mail: accounts@lvnorth.in**

**PUBLIC NOTICE**
My client Mrs. Sona Devi is the owner of the Property Bearing Built Up House No. WZ 46-E/1-A with Roof Right Khasra No. 2783/738, Area Measuring 100 Sq. Yards Basai Dara Pur New Delhi-110015 vide Registered Sale Deed Regd. No. 3588 Dated-23.03.2023 SR-II executed by Mrs. Sunita Devi Gupta. This Above-mentioned Property is going to be Mortgage with FED BANK FINANCIAL SERVICES LIMITED. If any person/bank/financial Institution having any claim/right, lien, Any objection whatsoever in regard to above property, should notified to the Undersigned/Adv. Vishal Mehan, E-713, Karkardooma Court, Delhi-110092 along with documentary evidence under address through registered A/d within 07 days from the date of publication of this notice failing which any claim, lien or objection shall be deemed to have been waived. **Adv. Vishal Mehan,** E-713, Karkardooma Court, Delhi-110092; Mobile no. 9811215181

**डीएलएम एवं एसएफसी-एलडीएच की कार्यवाही में उपस्थित होने/उपस्थित होने के लिए नोटिस**
इस प्रकाशन के माध्यम से प्रतिवादी मेसर्स समायरा एंटरप्राइजेज , पंजीकृत रजि आफिस दुकान नंबर 1052, पहली मंजिल, पैन मंडी, सदर बाजार, उत्तरी दिल्ली, दिल्ली, 110006 को सुचित किया जाता है, कि व्यक्तिगत रूप से या अधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से सूक्ष्म और लघु सुविधा परिषद लुधियाना, जिला उद्योग केंद्र, लुधियाना दिनांक 28-11-2023 को एमएसए-मईडी अधिनियम 2006 की धारा 18(1) के तहत दावेदार मैसर्स परनवी होजरी द्वारा प्रस्तुत दावा संदर्भ याचिका के संबंध में संदर्भ दिया: एमएसईएफसी/डीआईसी/05 /23/2637. उपस्थित हो सकें। यदि प्रतिवादी फिर भी उपरोक्त के अनुसार उपस्थित होने में विफल रहता है या चूक जाता है तो मध्यस्थता और सुलह अधिनियम की धारा 23 और 25 के अनुसार मध्यस्थता कार्यवाही आयोजित की जाएगी और उसके समक्ष साक्ष्य के आधार पर पुरस्कार भी पारित किया जाएगा।
**सदस्य सचिव सह महाप्रबंधक**
**जिला उद्योग केंद्र औद्योगिक एस्टेट, लुधियाना , फोन नं. 0161-2540695, ईमेल-dicludhiana5@gmail.co, ludhiana.msefc@gmail.com**

**ICICI Bank** | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग दिल्ली -110005

**सार्वजनिक सूचना - प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-ई-नीलामी**
[नियम 8(6) का परंतुक देखें]
**अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु सूचना**

अचल संपत्तियों के विक्रय के लिए ई-नीलामी विक्रय सूचना वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुन: निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत सहपठित प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन नियमावली, 2002 की धारा 8(6) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी की गई है।
सर्वजन तथा व्यक्तिगत रूप से कर्ज़दार एवं ज़मानतदार को इस सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शाई गई अचल संपत्ति के संरक्षित ऋणदाता केपास बंधक/ अधिभारित है। उनका भौतिक अधिग्रहण आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (संरक्षित ऋणदाता) द्वारा प्राधिकृत अधिकारी के रूप में कर लिया गया है एवं दर्शाए विवरण अनुसार उनके द्वारा "जहाँ है जैसी है", "जैसी है वैसी है" एवं "जिस भी स्थिति में है" के आधार पर अचल संपत्ति के विक्रय के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए जा रहे हैं :-

| क्र. सं. | कर्जदार (रों)/ सह-कर्ज़दारों/ गारंटरों के नाम/ ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई है | बकाया राशि (रु. में) | सुरक्षित मूल्य (रु. में) / धरोहर राशि जमा (रु. में) | संपत्तियों निरीक्षण की तिथि एवं समय | ई-नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | धीरज कुमार (कर्ज़दार), मेसर्स एयर गुरु ट्रैवल सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, शिल्पा श्रीवास्तव, मधुसूदन प्रसाद श्रीवास्तव, (सह-कर्ज़दार) ऋण खाता संख्या LBDEL00005057084 | प्लॉट नंबर 3, टावर-डी, फ्लैट नंबर 101, फिलिप्स सीजीएचएस लिमिटेड, पहली मंजिल, सेक्टर-23, द्वारका, दिल्ली-110075/ क्षेत्रफल 1036.13 वर्ग फुट. | रु. 1,96,44, 908/- (नवंबर 01, 2023 तक) | रु. 1,64,75, 000/- / रु. 16,47, 500/- | नवंबर 23, 2023 को दोप. 12:00 बजे से दोप. 02:00 बजे तक | दिसंबर 21, 2023 को दोप. 12:00 बजे से |

ऑनलाइन नीलामी हमारी ई-नीलामी संस्था **मेसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** की वेबसाइट **(URL Link-https://disposalhub.com)** पर संचालित होगी। बंधकदाताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं को **दिसंबर 20, 2023** को **शाम 05:00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर इस/ इन संरक्षित संपत्ति/यों की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।
संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (सारणी **ई** संदर्भ) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग दिल्ली -110005** में **दिसंबर 20, 2023** तक **शाम 05:00** बजे से पूर्व जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावती की स्कैन इमेज, **दिसंबर 20, 2023** तक **शाम 05:00** बजे से पूर्व जमा करें। कृपया नोट करें कि संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहने पर वे **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल शाल टॉवर, न्यू रोहतकरोड, करोल बाग दिल्ली -110005** में निविदा प्रलेखों की हस्ताक्षरित प्रति को **दिसंबर 20, 2023** को **शाम 05:00** बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं। बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट/ पे ऑर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैडूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** की **दिल्ली** शाखा के पक्ष में भुगतान हेतु होना चाहिए।
संपत्ति अवलोकन, ई-नीलामी के नियम एवं शर्तों तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** को फोन नंबर **8126013708/8584874809** पर संपर्क करें।
कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसियाँ **1. मेसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, 2. ओजीओ असेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड व 3. हेक्टा प्रॉपटेक प्राइवेट लिमिटेड** इस संपत्ति की बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्न हैं।
प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाए किसी एक अथवा अधिक निविदा व बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।
बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करें।
**तिथि : नवंबर 09, 2023**
**स्थान : दिल्ली/एनसीआर**
**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड**

# बाइडेन-शी की मुलाकात की तैयारियां सही दिशा में लेकिन रिश्तों में कोई बड़े बदलाव की उम्मीद नहीं

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन और चीन के शीर्ष नेता शी चिनफिंग के बीच अगले सप्ताह होने वाली अपेक्षित मुलाकात की तैयारियां सही दिशा में आगे बढ़ रही हैं लेकिन व्हाइट हाउस को इस मुलाकात से दोनों देशों के बीच संबंधों में किसी प्रकार के बड़े बदलाव के आने की उम्मीद नहीं है। बैठक की योजना से जुड़े एक परिचित ने यह जानकारी दी। बाइडेन और शी के बीच यह मुलाकात, सैन फ्रांसिस्को में अगले सप्ताह होने वाले एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग शिखर सम्मेलन से इतर होनी है।

व्हाइट हाउस ने पिछले महीने के अंत में घोषणा की थी कि अमेरिका और चीन इस समझौते पर पहुंचे हैं कि बाइडेन और शी, एक-दूसरे से मुलाकात करेंगे। दोनों नेताओं के बीच यह पहली मुलाकात ऐसे वक्त में हो रही है जब विश्व की दो सबसे बड़ी आर्थिक शक्तियों के बीच पूरा वर्ष तनावपूर्ण रहा है। शिखर सम्मेलन के लिए बाइडेन एक सप्ताह में सैन फ्रांसिस्को पहुंचने वाले हैं इसलिए मुलाकात का सटीक समय और अन्य विवरण अभी तक औपचारिक रूप से घोषित नहीं किया गया है। सार्वजनिक रूप से टिप्पणी करने के लिए गैर-अधिकृत व्यक्ति ने नाम नहीं जाहिर करने की शर्त पर बताया कि अमेरिका का मानना है कि दोनों नेताओं की मुलाकात के बाद कुछ मामूली घोषणाएं की जा सकती हैं लेकिन संबंधों में किसी प्रकार का बड़ा बदलाव आने की उम्मीद नहीं है।

## चिनफिंग ने देशों से एआई की चुनौतियों से निपटने के लिए एकजुट होने की अपील की

**बीजिंग।** चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने बुधवार को कहा कि देशों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से जुड़े संभावित खतरों और चुनौतियों का सामना मिलकर करना चाहिए। चिनफिंग की यह टिप्पणी चीन द्वारा इंटरनेट पर अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को कड़ाई से नियंत्रित करने के बीच आई है। चीन ने सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के निरंकुश एजेंडे के प्रचार करने के लिए इंटरनेट के आर्थिक लाभों और सोशल मीडिया का अधिकतम इस्तेमाल किया। चीन के पूर्वी शहर वुझेप में आयोजित विश्व इंटरनेट शिखर सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में चिनफिंग के पूर्व रिकॉर्ड किए भाषण को प्रसारित किया गया। चिनफिंग ने विवाद के बजाय साइबर जगत में समान सुरक्षा का आह्वान किया। चीन एआई के विकास से उत्पन्न खतरों का मुकाबला करने के लिए अन्य देशों के साथ काम करेगा एवं साइबर जगत में आधिपत्य को लेकर आपत्ति जताई। चीन के राष्ट्रपति ने कहा कि उनका देश एआई के सुरक्षित विकास को प्रोत्साहित करने के लिए तैयार है।

## अफगानिस्तान में तालिबान सरकार आने के बाद से पाक में आतंकी घटनाएं साठ प्रतिशत बढ़ीः काकड़

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवारुल हक काकड़ ने बुधवार को कहा कि पड़ोसी अफगानिस्तान में तालिबान के सत्ता में आने के बाद से पाकिस्तान में आतंकी हमलों में 60 प्रतिशत और आत्मघाती बम विस्फोटों में 500 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। कट्टरपंथी तालिबान ने अगस्त 2021 में अफगानिस्तान में सत्ता पर कब्जा कर लिया था। काकड़ ने इस्लामाबाद में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, अगस्त 2021 में अंतरिम अफगान सरकार की स्थापना के बाद हमें पूरी उम्मीद थी कि अफगानिस्तान में दीर्घकालिक शांति रहेगी, पाकिस्तान-विरोधी समूहों, विशेषकर तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के खिलाफ सख्त कार्वाई की जाएगी, और उन्हें पाकिस्तान के खिलाफ अफगान धरती का उपयोग करने की अनुमति बिलकुल नहीं दी जाएगी।

**ICICI Bank** | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, शाल टॉवर, तीसरी मंज़िल, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**सार्वजनिक सूचना - प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-ई-नीलामी**
[नियम 8(6) का परंतुक देखें]
**अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु सूचना**

अचल संपत्तियों के विक्रय के लिए ई-नीलामी विक्रय सूचना वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुन: निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत सहपठित प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन नियमावली, 2002 की धारा 8(6) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी की गई है।
सर्वजन तथा व्यक्तिगत रूप से कर्ज़दार एवं ज़मानतदार को इस सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शाई गई अचल संपत्ति के संरक्षित ऋणदाता केपास बंधक/ अधिभारित है। उनका भौतिक अधिग्रहण आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (संरक्षित ऋणदाता) द्वारा प्राधिकृत अधिकारी के रूप में कर लिया गया है एवं दर्शाए विवरण अनुसार उनके द्वारा "जहाँ है जैसी है", "जैसी है वैसी है" एवं "जिस भी स्थिति में है" के आधार पर अचल संपत्ति के विक्रय के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए जा रहे हैं :-

| क्र. सं. | कर्जदार (रों)/ सह-कर्ज़दारों/ गारंटरों के नाम/ ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई है | बकाया राशि (रु. में) | सुरक्षित मूल्य (रु. में) / धरोहर राशि जमा (रु. में) | संपत्तियों निरीक्षण की तिथि एवं समय | ई-नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | विभोर कुमार (कर्ज़दार), अनुराधा जसूजा (सह-कर्ज़दार) LBGUR00004983636 | इकाई क्र. जी-68, ग्राउंड फ्लोर, स्पेज़ पलाज़ो सेक्टर 69, ग्राम फाजिलपुर, झारसा, हरियाणा गुड़गाँव- 122001, क्षेत्रफल 394 वर्ग फुट | रु. 96,20, 462 (नवंबर 04, 2023 तक) | रु. 80,10, 000/- / रु. 8,01,000/- | नवंबर 24, 2023 को दोप. 12:00बजे से दोप. 02:00 बजे तक | दिसंबर 06, 2023 को दोप. 12:00 बजे से |

ऑनलाइन नीलामी हमारी ई-नीलामी संस्था **मेसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** की वेबसाइट **(URL Link-https://disposalhub.com)** पर संचालित होगी। बंधकदाताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं को **दिसंबर 05, 2023** को **शाम 05:00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर इस/ इन संरक्षित संपत्ति/यों की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।
संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (सारणी **ई** संदर्भ) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, शाल टॉवर, तीसरी मंज़िल, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005** में **दिसंबर 05, 2023** तक **शाम 05:00** बजे से पूर्व जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावती की स्कैन इमेज, **दिसंबर 05, 2023** तक **शाम 05:00** बजे से पूर्व जमा करें। कृपया नोट करें कि संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहने पर वे **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, शाल टॉवर, तीसरी मंज़िल, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005** में निविदा प्रलेखों की हस्ताक्षरित प्रति को **दिसंबर 05, 2023** को **शाम 05:00** बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं। बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट/ पे ऑर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैडूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** की **दिल्ली** शाखा के पक्ष में भुगतान हेतु होना चाहिए।
संपत्ति अवलोकन, ई-नीलामी के नियम एवं शर्तों तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** को फोन नंबर **8126013708/ 8584874809** पर संपर्क करें।
कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसियाँ **1. मेसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, 2. ओजीओ असेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड व 3. हेक्टा प्रॉपटेक प्राइवेट लिमिटेड** इस संपत्ति की बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्न हैं।
प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाए किसी एक अथवा अधिक निविदा व बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।
बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करें।
**तिथि : नवंबर 09, 2023**
**स्थान : गुड़गाँव**
**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड**

# इस दिवाली स्थानीय उत्पाद खरीदें, सेल्फी नमो ऐप पर करें साझा: प्रधानमंत्री

**भाषा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने लोगों से इस दिवाली स्थानीय स्तर पर विनिर्मित उत्पाद खरीदने और उस उत्पाद या उसके निर्माता के साथ एक सेल्फी नमो ऐप पर साझा करने का बुधवार को आह्वान किया। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, इस दिवाली आइए हम नमो ऐप पर वोकल फॉर लोकल के साथ भारत की उद्यमशीलता तथा रचनात्मक भावना का जश्न मनाएं। उन्होंने कहा, ऐसे उत्पाद खरीदें जो स्थानीय स्तर पर बनाए गए हों और फिर नमो ऐप पर उत्पाद या निर्माता के साथ एक सेल्फी साझा करें। अपने मित्रों और परिवार को इस कड़ी में शामिल होने और सकारात्मकता की भावना फैलाने का आह्वान करें।

मोदी ने कहा, आइए हम स्थानीय प्रतिभाओं का समर्थन करने, साथी भारतीयों की रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने और अपनी परंपराओं को समृद्ध बनाए रखने के लिए डिजिटल मीडिया की ताकत का इस्तेमाल करें। अक्टूबर में अपने रेडियो कार्यक्रम मन की बात में भी मोदी ने वोकल फॉर लोकल यानी स्थानीय उत्पादों को खरीदने पर जोर देने की बात दोहराई थी। उन्होंने कहा था, हर बार की तरह इस बार भी त्योहारों में हमारी प्राथमिकता वोकल फॉर लोकल होनी चाहिए। मैं एक बार फिर अनुरोध करना चाहता हूं कि आप जहां भी घूमने या तीर्थयात्रा पर जाएं स्थानीय कारीगरों द्वारा बनाए गए उत्पाद खरीदें। उन्होंने लोगों से लेनदेन के दौरान यूपीआई डिजिटल भुगतान प्रणाली का अधिक इस्तेमाल करने का आग्रह किया था और कहा था कि स्थानीय उत्पाद खरीदने से कारीगरों की दिवाली भी रोशन हो जाएगी।

## भारत में पेटेंट आवेदनों में वृद्धि युवाओं में नवोन्मेष के बढ़ते उत्साह को दर्शाती है : मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि भारत में पेटेंट आवेदनों में वृद्धि यहां के युवाओं में नवोन्मेष को लेकर बढ़ते उत्साह को दर्शाती है और आने वाले समय के लिए यह बेहद सकारात्मक संकेत है। प्रधानमंत्री विश्व बौद्धिक संपदा संगठन की एक रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया दे रहे थे जिसमें कहा गया है कि भारत के निवासियों द्वारा पेटेंट आवेदनों में 2022 में 31.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो शीर्ष 10 पेटेंट आवेदक देशों में किसी भी अन्य देश की तुलना में अधिक है। विश्व बौद्धिक संपदा संगठन की रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन, अमेरिका, जापान, दक्षिण कोरिया और जर्मनी 2022 में सबसे अधिक पेटेंट दाखिल करने वाले देश थे। चीन के नवप्रवर्तक सभी वैश्विक पेटेंट आवेदनों में से लगभग आधे दाखिल कर रहे हैं हालांकि देश की विकास दर लगातार दूसरे वर्ष 2021 में 6.8 प्रतिशत से गिरकर 2022 में 3.1 प्रतिशत हो गई। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, भारत में पेटेंट आवेदनों में वृद्धि हमारे युवाओं के नवोन्मेष को लेकर बढ़ते उत्साह को दर्शाती है और आने वाले समय के लिए यह एक बहुत ही सकारात्मक संकेत है।

# उत्तराखंड में आर्थिक विकास चुनौती और अवसर दोनों: राष्ट्रपति



**देहरादून।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि पर्यावरण की दृष्टि से अति संवेदनशील उत्तराखंड में आर्थिक विकास और रोजगार सृजन एक चुनौती भी है और एक अवसर भी। पौड़ी के श्रीनगर में स्थित हेमवती नंदन बहुगणा विश्वविद्यालय में दीक्षांत समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि उत्तराखंड पर्यावरण की दृष्टि से अति संवेदनशील राज्य है और यहां मैदानी और तटीय इलाकों की तरह बड़े उद्यम स्थापित करने की अपनी सीमा है। सतत विकास के लिए संसाधनों के उचित उपयोग के लिए नई पहलों की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, स्थानीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए कैसे आर्थिक विकास किया जाए और रोजगार के अवसर पैदा किए जाएं, यह आपके सामने चुनौती भी है और अवसर भी।

उत्तराखंड को सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व का स्थान बताते हुए राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि जीवनदायिनी गंगा और यमुना का उदगम स्थल होने के अलावा यहां बदरीनाथ, केदारनाथ और हेमकुंड साहिब जैसे तीर्थस्थल हैं। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र की गुफाओं और कंदराओं में भारत के ऋषि-मुनियों के तप का बल है और क्षेत्र के जलस्रोत मैदानी क्षेत्रों में वनस्पतियों और मानव को जीवन प्रदान करते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि पहाड़ों पर जीवन संघर्षपूर्ण है। इस संबंध में उन्होंने हाल में राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में पलायन और यहां के संघर्षपूर्ण जीवन को दर्शाने वाली सृष्टि लखेड़ा द्वारा निर्देशित फिल्म एक था गांव को सर्वश्रेष्ठ गैर फीचर फिल्म का पुरस्कार मिलने का जिक्र किया। राष्ट्रपति ने कहा कि उन्हें इस बात का संतोष है कि केंद्र और राज्य की सरकारें संतुलित विकास और स्थानीय रोजगार सृजन पर ध्यान दे रही हैं। उन्होंने दीक्षांत समारोह में स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले 44 विद्यार्थियों में से 30 लड़कियों के होने पर भी खुशी जाहिर की। राष्ट्रपति मुर्मू ने उपाधि प्राप्त करने वाले सभी छात्रों को बधाई देते हुए उन्हें आगामी जीवन के लिए तीन महत्वपूर्ण सलाहें भी दीं। उन्होंने कहा कि पहली बात यह कि अपनी जड़ों का न भूलें, दूसरा-अपने नैतिक मूल्यों जैसे सच्चाई, ईमानदारी और निष्पक्षता से कभी समझौता न करें और तीसरा- आपके शिक्षा प्राप्त करने में समाज के योगदान को देखते हुए उसमें पीछे छूट गए लोगों की भरसक मदद करें।

# पश्चिम बंगाल में फंदे से लटका मिला भाजपा कार्यकर्ता का शव, सीबीआई जांच की मांग

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के बांकुड़ा जिले में भाजपा के एक कार्यकर्ता का शव फंदे से लटका मिला। भाजपा ने इसके पीछे सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस का हाथ होने का आरोप लगाते हुए मामले की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जांच की मांग की। तृणमूल कांग्रेस ने हालांकि पार्टी पर लगे आरोपों को खारिज करते हुए इसे आधारहीन करार दिया। पार्टी ने जोर देकर कहा कि पुलिस जांच के नतीजों का इंतजार करना चाहिए। मृतक भाजपा कार्यकर्ता की पहचान सुभदीप मिश्रा के तौर पर की गई है और उसका शव बांकुड़ा जिले के निधिरामपुर गांव में पेड़ से लटका मिला। उसके हाथ बंधे हुए थे। स्थानीय पुलिस जब शव को लेने पहुंची तब स्थानीय लोगों ने प्रदर्शन किया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया, हमने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और मामले की सभी कोण से जांच की जा रही है। पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने आरोप लगाया कि तृणमूल समर्थकों ने मिश्रा की हत्या की है।

मिश्रा को इलाके में लोग दीपू के नाम से जानते थे। अधिकारी ने आरोप लगाया, तृणमूल कांग्रेस के गुंडों ने मिश्रा की हत्या कर उनके हाथ बांध शव को पेड़ से लटका दिया। वह 2023 के पंचायत चुनाव में निधिरामपुर से भाजपा के प्रत्याशी थे। वह भ्रष्टाचार के खिलाफ मुखर थे और उनकी लोकप्रियता बढ़ रही थी। यही कारण है कि तृणमूल ने उन्हें निशाना बनाया। पुलिस जांच में पक्षपात की आशंका जताते हुए भाजपा नेता ने कहा, मैं सीबीआई जांच की मांग करता हूं क्योंकि पुलिस सबूतों से छेड़छाड़ कर सकती है और अपने राजनीतिक आकाओं को खुश करने के लिए तृणमूल कंग्रेस से जुड़े दोषियों को बचा सकती है। भाजपा की पश्चिम बंगाल इकाई के अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने भी अधिकारी की चिंता को साझा करते हुए इसे तृणमूल कांग्रेस के गुंडों द्वारा की गई हत्या करार दिया और सीबीआई जांच की मांग दोहराई। भाजपा नेताओं के आरोप का जवाब देते हुए तृणमूल कांग्रेस ने आरोपों को आधारहीन करार दिया। तृणमूल की वरिष्ठ नेता और मंत्री शशि पांजा ने कहा, स्थानीय लोगों और परिवार के सदस्यों ने मौत की वजह को लेकर निजी कारण की ओर संकेत किया है। लेकिन लगता है कि भाजपा की रुचि राजनीति करने की है।

# 96 साल के हुए आडवाणी, मोदी सहित कई नेताओं ने दी बधाई

**भाषा।** नई दिल्ली



**पूर्व** उपप्रधानमंत्री और भाजपा के पूर्व अध्यक्ष लालकृष्ण आडवाणी बुधवार को 96 साल के हो गए। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कई वरिष्ठ नेताओं ने आडवाणी को बधाई देते हुए कहा कि वह ईमानदारी और प्रतिबद्धता के प्रतीक हैं तथा उनके दूरदर्शी नेतृत्व ने राष्ट्रीय प्रगति और एकता में अहम योगदान दिया है। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, लालकृष्ण आडवाणी जी को जन्मदिन की बधाई। वह ईमानदारी और प्रतिबद्धता के प्रतीक हैं जिन्होंने महान योगदान दिया जिससे हमारे देश को मजबूती मिली। उनके दूरदर्शी नेतृत्व ने राष्ट्रीय प्रगति और एकता को आगे बढ़ाया है। मैं उनके अच्छे स्वास्थ्य और लंबी उम्र की कामना करता हूं।

मोदी ने कहा कि राष्ट्र निर्माण की दिशा में उनके प्रयास 140 करोड़ भारतीयों को प्रेरित करते रहेंगे। गृह मंत्री अमित शाह ने उनकी लंबी उम्र और अच्छे स्वास्थ्य की कामना करते हुए कहा, आडवाणी जी ने अपने अथक परिश्रम और संगठन कौशल से पार्टी को सींचा और कार्यकर्ताओं को गढ़ा। भाजपा की स्थापना से लेकर सत्ता तक आने में उनका अतुलनीय योगदान हर कार्यकर्ता के लिए प्रेरणा का अक्षुण्ण स्रोत है। पूर्व उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने आडवाणी से उनके आवास पर मुलाकात की और उन्हें जन्मदिन की बधाई दी।

केंद्रीय मंत्री और पूर्व भाजपा अध्यक्ष नितिन गडकरी ने भी आडवाणी को उनके जन्मदिन की बधाई दी। उन्होंने एक्स पर लिखा, भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, हमारे प्रेरणास्रोत श्रद्धेय श्री लालकृष्ण आडवाणी जी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। आप स्वस्थ और दीर्घायु रहें, ईश्वर से यही कामना करता हूं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं हम सबके प्रेरणास्रोत, लालकृष्ण आडवाणी को जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। भारतीय राजनीति के वे एक प्रमुख स्तंभ रहे हैं और भाजपा संगठन को भी उन्होंने बहुत मज़बूती प्रदान की है। उन्होंने कहा, सार्वजनिक जीवन में लंबे समय तक सक्रिय रहे आडवाणीजी का योगदान अप्रतिम है। मैं ईश्वर से उनके उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घजीवी होने की कामना करता हूं। भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने आडवाणी को जन्मदिन की बधाई देते हुए कहा कि राष्ट्र और संगठन के प्रति उनका समर्पण सभी भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा है। केंद्रीय मंत्रियों एस जयशंकर, निर्मला सीतारमण और भूपेन्द्र यादव तथा अन्य भाजपा नेताओं ने भी आडवाणी को जन्मदिन की बधाई दी।

## क्विक न्यूज

### बिहार में 95.49% लोगों के पास कोई वाहन नहीं, जाति आधारित सर्वेक्षण रिपोर्ट में दावा

**पटना।** बिहार के 95.49 प्रतिशत लोगों के पास कोई वाहन नहीं है जबकि केवल 3.8 प्रतिशत के पास दोपहिया वाहन हैं और 0.11 प्रतिशत के पास कारें हैं। बिहार जाति सर्वेक्षण की विस्तृत रिपोर्ट जिसमें प्रदेश से पलायन पर भी प्रकाश डाला गया है। रिपोर्ट में कहा गया कि 45.78 लाख लोग दूसरे राज्यों में काम कर रहे हैं जबकि 2.17 लाख लोग विदेश में हैं। बिहार विधानमंडल के दोनों सदनों में मंगलवार को पेश की गई उक्त रिपोर्ट में कहा गया है कि राज्य के 13.07 करोड़ लोगों में से 12.48 करोड़ लोगों के पास कोई वाहन नहीं है। केवल 49.68 लाख लोगों या लगभग 3.8 प्रतिशत आबादी के पास दोपहिया वाहन है जबकि सिर्फ 5.72 लाख लोगों या 0.11 प्रतिशत आबादी के पास चार पहिया वाहन हैं। रिपोर्ट के अनुसार केवल 1.67 लाख लोगों या 0.13 प्रतिशत के पास ट्रैक्टर हैं। रिपोर्ट के मुताबिक सामान्य वर्ग के 2.01 करोड़ लोगों में से कुल 11.99 लाख के पास दोपहिया वाहन हैं। विदेश गए 2.17 लाख लोगों में से 23,738 लोग उच्च शिक्षा अर्जित कर रहे हैं। दूसरे देशों में काम करने वालों में 76,326 लोग सामान्य वर्ग के हैं। इसी तरह बिहार के 45,78,669 लोग यानी आबादी का 3.5 फीसदी लोग दूसरे राज्यों में काम कर रहे हैं। बिहार सरकार ने मंगलवार को विधानमंडल में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और अत्यंत पिछड़ा वर्ग की 215 जातियों की आर्थिक स्थिति पर रिपोर्ट पेश की थी।

### बिहार कैबिनेट ने आरक्षण 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 75 प्रतिशत करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी

**पटना।** बिहार मंत्रिमंडल ने अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अत्यंत पिछड़ा वर्ग (ईबीएस) और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (ईडब्ल्यूएस) के लिए आरक्षण मौजूदा 50 प्रतिशत से बढ़ाकर कुल 75 प्रतिशत करने का प्रस्ताव मंगलवार को पारित कर दिया। बिहार विधानमंडल के चालू सत्र के दौरान इस पर सदन में विधेयक लाया जाएगा। मंगलवार को विधानसभा में पेश जाति सर्वेक्षण रिपोर्ट पर चर्चा समाप्त करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस संबंध में बयान दिया। कुमार की यह घोषणा 2024 में होने वाले लोकसभा चुनावों से कुछ महीने पहले आई है। प्रस्ताव में ओबीसी और ईबीएस के आरक्षण को 30 प्रतिशत से बढ़ाकर संयुक्त रूप से 43 प्रतिशत, अनुसूचित जाति (एससी) के लिए 16 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत और अनुसूचित जनजाति (एसटी) के लिए एक प्रतिशत से बढ़ाकर 2 प्रतिशत करने का प्रस्ताव है। ईडब्ल्यूएस के लिए आरक्षण मौजूदा 10 फीसदी ही रहेगा। राज्य की कुल आबादी 13.07 करोड़ है जिसमें ओबीसी (27.13 प्रतिशत) और अत्यंत पिछड़ा वर्ग उप-समूह (36 प्रतिशत) की हिस्सेदारी 63 प्रतिशत है, जबकि एससी और एसटी कुल मिलाकर 21 प्रतिशत से थोड़ा अधिक हैं। संसदीय कार्य मंत्री द्वारा विधानसभा में पेश की गई रिपोर्ट के अनुसार, राज्य में लगभग 2.97 करोड़ परिवार हैं, जिनमें से 94 लाख से अधिक (34.13 प्रतिशत) की मासिक आय 6,000 रुपए या उससे कम है।

### आईएसआईएस का संदिग्ध आतंकी दुर्ग से गिरफ्तार

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ पुलिस और उत्तर प्रदेश के आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) के संयुक्त दल ने बुधवार को दुर्ग जिले में आतंकवादी संगठन आईएसआईएस के एक संदिग्ध आतंकी को गिरफ्तार किया। जिले के सुपेला थाना क्षेत्र के अंतर्गत स्मृति नगर से पुलिस ने वजीहउद्दीन को गिरफ्तार किया। वजीहउद्दीन एसएएमयू (स्टूडेंट ऑफ अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी) नामक संगठन से जुड़ा है। वह इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया (आईएसआईएस) की विचाराधारा का समर्थक और प्रचारक है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि वजीहउद्दीन दिल्ली पुलिस द्वारा गिरफ्तार आईएसआईएस के सक्रिय सदस्य मोहम्मद रिजवान से प्रत्यक्ष रूप से जुड़ा हुआ है। एटीएस लखनऊमें वजीहउद्दीन के खिलाफ दर्ज अपराध की जांच के लिए एटीएस झांसी का दल मंगलवार को दुर्ग जिला पहुंचा था। आरोपी के खिलाफ विधि विरुद्ध क्रिया कलाप (निवारण) अधि. 1967 तथा भारतीय दंड विधान की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज है।

## सहकारी बैंक धोखाधड़ी मामले में ईडी ने केपीसीसी के पूर्व महासचिव को गिरफ्तार किया

**कोच्चि, नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) के पूर्व महासचिव के के अब्राहम को वायनाड जिले में एक सहकारी बैंक में हुए कथित ऋण घोटाले के सिलसिले में गिरफ्तार किया है। यह कथित घोटाला उस समय हुआ था जब अब्राहम पुलपल्ली सर्विस कोऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष थे। अब्राहम को मंगलवार रात हिरासत में लिया गया। उन्होंने विस्तृत जानकारी दिए बिना कहा कि अब्राहम को बुधवार को एक अदालत में पेश किया गया। अब्राहम के बैंक के शासी निकाय के अध्यक्ष रहने के दौरान वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों के बाद ईडी ने जांच शुरू की। पीड़ितों ने घोटाले की जांच की मांग करते हुए ईडी से संपर्क किया था। घोटाले के पीड़ितों में से एक ने कुछ महीने पहले आत्महत्या कर ली थी। ईडी की कार्रवाई से पहले, केरल पुलिस की सतर्कता शाखा ने एक बुजुर्ग दंपति की शिकायत पर अब्राहम को गिरफ्तार किया था।

# असम में सांप्रदायिक बयान देने के आरोप में कांग्रेस विधायक गिरफ्तार

**गुवाहाट।** असम में कांग्रेस विधायक आफ्ताबुद्दीन मोला को एक जनसभा में एक समुदाय को निशाना बनाने वाले कथित घृणास्पद भाषण के लिए बुधवार को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। गुवाहाटी के पुलिस आयुक्त दिगंत बराह ने कहा कि विपक्षी दल के विधायक को यहां एमएलए क्वार्टर्स में अन्य कांग्रेस विधायक के आवास से मंगलवार रात को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया था। मोला ने पिछले हफ्ते एक जनसभा में कथित तौर पर कुछ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। उन्होंने कथित तौर पर कहा था कि एक विशेष प्रकार का अपराध एक खास समुदाय के लोगों का एक समूह करता है। सभा का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया जिसके बाद हंगामा मच गया। इसे लेकर विभिन्न स्थानों पर पुलिस में कई शिकायतें दी गईं।

बराह ने यहां पत्रकारों से कहा, हमें एक शिकायत मिली जिसमें आरोप लगाया गया कि संबंधित व्यक्ति ने छह नवंबर को एक जनसभा में कुछ भड़काऊबयान दिए। इसमें दावा किया गया कि उन्होंने दो समुदायों के बीच दुश्मनी पैदा करने की कोशिश की और तनाव उत्पन्न किया। बराह ने कहा कि शुरुआती जांच के बाद, दिसपुर थाने में मामला दर्ज किया गया और मोला को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया। उन्होंने पुलिस कार्वाई पर कहा, मैं यह भी बताना चाहता हूं कि उच्चतम न्यायालय के आदेश के तहत नफरत भरे भाषण की शिकायत मिलने पर पुलिस को तुरंत कार्वाई करनी होती है। अगर पुलिस को कोई शिकायत नहीं मिलती तो उसे स्वत: संज्ञान लेते हुए कार्वाई करनी होती है।

दिसपुर थाने के एक अधिकारी ने पीटीआई-भाषा को बताया कि जलेश्वर सीट से विधायक को भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज मामले में बुधवार सुबह गिरफ्तार किया गया। अधिकारी ने बताया, हमने उन्हें अदालत में पेश किया है और पुलिस हिरासत की मांग की है। सुनवाई जारी है।

गिरफ्तारी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, कांग्रेस विधायक जाकिर हुसैन सिकदर ने आरोप लगाया कि मोला को ऐसे समय में प्रताड़ित किया जा रहा है जबकि कई राजनीतिक नेताओं, खासकर सत्तारूढ़ भाजपा के नेताओं ने और भी गंभीर सांप्रदायिक बयान दिए हैं और पुलिस ने उनका संज्ञान तक नहीं लिया है। सिकदर ने कहा, मोला ने तुरंत असम के लोगों से माफी मांगी थी। उन्होंने यह भी बताया कि उन्हें यह बयान क्यों देना पड़ा। मुझे लगता है कि मामला वहीं खत्म हो जाना चाहिए था। उन्होंने कहा, हम नहीं चाहते कि कोई किसी व्यक्ति या समुदाय पर इस तरह का बयान दे। लेकिन हमें यह भी उम्मीद है कि पुलिस इस तरह कानून का उल्लंघन करने वाले अन्य लोगों पर भी कार्वाई करेगी।

# तमिलनाडु के मंदिरों में पुजारियों की नियुक्ति पर मौजूदा स्थिति बनी रहेगी: न्यायालय

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को अपने 25 सितंबर के आदेश को रद्द करने से इनकार कर दिया, जिसमें उसने तमिलनाडु सरकार से राज्य में अगमिक परंपरा द्वारा शासित मंदिरों में अर्चकों या पुजारियों की नियुक्ति पर मौजूदा शर्तों को बनाए रखने के लिए कहा था। न्यायमूर्ति ए.एस. बोपन्ना और न्यायमूर्ति एम.एम. सुंदरेश की पीठ प्रथम दृष्टया तमिलनाडु सरकार की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता दुष्यंत दवे की इस दलील से सहमत नहीं हुई कि राज्य अर्चकों को नियुक्त करने का हकदार है। वरिष्ठ अधिवक्ता ने कहा, अर्चकों की नियुक्ति एक धर्मनिरपेक्ष कार्य है और राज्य उन्हें नियुक्त करने का हकदार है।

पीठ ने कहा, तर्क यह है कि राज्य सरकार एक विशेष संप्रदाय के मंदिरों में अर्चकों की नियुक्ति में अगम परंपराओं के तहत निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन नहीं कर रही है। अगम हिंदू शास्त्रों के तांत्रिक साहित्य का संग्रह है और ऐसे ग्रंथों की तीन शाखाएं हैं - शैव, वैष्णव और शाक्त।

शीर्ष अदालत उन याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी जिसमें आरोप लगाया गया था कि तमिलनाडु प्रशासन द्वारा संचालित स्कूलों में अर्चकों के लिए एक साल का प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम करने के बाद अन्य संप्रदायों के लोगों को अर्चक बनने की अनुमति देकर राज्य सरकार अगम मंदिरों में अर्चकों की नियुक्ति की वंशानुगत योजना में हस्तक्षेप कर रही है। पीठ ने 25 सितंबर को अर्चकों की नियुक्ति के संबंध में यथास्थिति (मौजूदा शर्तों) का आदेश दिया, जिससे राज्य सरकार के अनुसार राज्य भर के मंदिरों में 2405 अर्चकों की नियुक्ति रुक जाएगी। शीर्ष अदालत ने अब याचिकाओं पर आगे की सुनवाई 25 जनवरी, 2024 को तय की है और कहा है कि वह इसी तरह के मुद्दे पर मद्रास उच्च न्यायालय के समक्ष लंबित कार्यवाही पर रोक नहीं लगाएगी।

# मानव तस्करी में एनआईए की छापेमारी, 44 गिरफ्तार

**नई दिल्ली, जम्मू।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) द्वारा बुधवार को की गई देशव्यापी छापेमारी में मानव तस्करी से जुड़े पांच मॉड्यूल का भंडाफोड़ कर 44 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। एनआई के एक प्रवक्ता ने बताया कि भारत-बांग्लादेश सीमा पर घुसपैठ और अवैध प्रवासियों के बसाने में संलिप्त मानव तस्करी नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए सीमा सुरक्षा बल और राज्य पुलिस के साथ मिलकर आठ राज्य और दो केंद्र शासित प्रदेशों में 55 स्थानों पर छापेमारी की गई। अधिकारी ने कहा कि मानव तस्करी के नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए त्रिपुरा, असम, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, तमिलनाडु, तेलंगाना, हरियाणा, राजस्थान और केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर और पुडुचेरी में छापेमारी की गई।

44 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है जिनमें से 21 त्रिपुरा से, 10 कर्नाटक से, पांच असम से, तीन पश्चिम बंगाल से, दो तमिलनाडु से और एक-एक आरोपी को पुडुचेरी, तेलंगाना और हरियाणा से गिरफ्तार किया गया। जम्मू और सांबा जिलों में छापेमारी के दौरान कुछ और लोगों को हिरासत में लिया गया, जिनमें म्यांमा के एक रोहिंग्या मुस्लिम जफर आलम भी शामिल है। एनआईए ने कहा कि बुधवार तड़के देश भर में समन्वित छापे मारे गए, जिससे डिजिटल उपकरणों, आधार और पैन कार्ड (जाली होने का संदेह) सहित पहचान से संबंधित दस्तावेजों, 20 लाख रुपए से अधिक नकदी, 4,550 अमेरिकी डॉलर मूल्य की विदेशी मुद्रा सहित विभिन्न महत्वपूर्ण वस्तुओं की बरामदगी की गई।

गुवाहाटी, चेन्नई, बेंगलुरु और जयपुर में मानव तस्करी के चार मामले दर्ज होने होने के बाद एक साथ और समन्वित छापेमारी की गई। अधिकारी ने कहा कि प्रारंभिक मामला नौ सितंबर को असम पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने दर्ज किया था जो रोहिंग्या मूल के लोगों सहित भारत-बांग्लादेश सीमा पर अवैध प्रवासियों की घुसपैठ और पुनर्वास के लिए जिम्मेदार मानव तस्करी के नेटवर्क से जुड़ा था।

प्रवक्ता ने कहा कि यह नेटवर्क देश के विभिन्न हिस्सों में फैला है। उन्होंने बताया कि मामले के अंतरराष्ट्रीय और अंतर राज्यीय संबंध होने और इसकी जटिलता को देखते हुए एनआईए ने औपचारिक रूप से मामले की जांच छह अक्टूबर को अपने हाथ में ली। मामले की जांच के दौरान खुलासा हुआ तमिलनाडु, कर्नाटक, राजस्थान, हरियाणा और जम्मू-कश्मीर सहित विभिन्न राज्यों में गैर कानूनी मानव तस्करी नेटवर्क के अलग-अलग मॉड्यूल सक्रिय हैं। उन्होंने बताया कि इस खुलासे के बाद एनआईए ने तीन नए मामले दर्ज किए ताकि इस विस्तृत नेटवर्क के देश के अलग-अलग क्षेत्रों और राज्यों में कार्य कर रहे मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया जा सके। प्रवक्ता ने कहा कि इस गैर कानूनी मानव तस्करी नेटवर्क की गतिविधियों और कार्य करने के तरीकों की जांच जारी रहेगी ताकि इनकी पूरी पारिस्थितिकी को नष्ट किया जा सके।

# शीर्ष अदालत ने राजस्थान सरकार की याचिका को अनसुना करार दिया

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने 2008 के जयपुर सिलसिलेवार विस्फोट मामले में निचली अदालत से मौत की सजा पाने वाले चार लोगों को बरी करने के उच्च न्यायालय के फैसले पर रोक लगाने की राजस्थान सरकार की याचिका को बुधवार को अनसुना करार दिया और कहा कि यह देखने की जरूरत है कि क्या निर्णय गलत और विकृत था। तेरह मई 2008 को जयपुर तब दहल गया था, जब माणक चौक खंडा, चांदपोल गेट, बड़ी चौपड़, छोटी चौपड़, त्रिपोलिया गेट, जौहरी बाजार और सांगानेरी गेट पर एक के बाद एक सिलसिलेवार बम विस्फोट हुए थे। विस्फोटों में 71 लोग मारे गए थे और 185 लोग घायल हुए थे।

न्यायमूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की पीठ ने राजस्थान सरकार की ओर से पेश अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी से कहा, बरी करने के आदेश पर रोक लगाने का आपका आग्रह अनसुना है। आपके असाधारण निवेदन पर विचार करने के लिए, हमें यह देखना होगा कि क्या फैसला प्रथम दृष्टया ग़लत और विकृत है।

पीठ ने वेंकटरमणी से कहा कि जब किसी अदालत द्वारा बरी किया जाता है तो आरोपियों की बेगुनाही की धारणा मजबूत हो जाती है। वेंकटरमणी वरिष्ठ अधिवक्ता मनीष सिंघवी के साथ राज्य सरकार की ओर से पेश हुए। राजस्थान सरकार ने चार आरोपियों को बरी करने के फैसले को चुनौती देते हुए चार अलग-अलग अपील दायर की हैं। बरी किए गए लोगों की ओर से पेश वरिष्ठ वकील रेबेका जॉन और अन्य वकील ने उन पर लगाई गई शर्त का हवाला दिया कि वे जयपुर में आतंकवाद रोधी दस्ते के थाने में दैनिक आधार पर सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे के बीच अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे।

पीठ ने अटॉर्नी जनरल से कहा कि यह शर्त उनके आवागमन पर अनुचित प्रतिबंध लगाती है। इसने यह भी कहा कि वह सुनवाई की अगली तारीख पर इस पर विचार करेगी। वेंकटरमणी ने कहा कि हालांकि उच्च न्यायालय द्वारा बरी कर दिया गया, लेकिन इन लोगों को

**जयपुर विस्फोट**

स्वतंत्र रूप से घूमने की अनुमति नहीं दी जा सकती और इसीलिए हम उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ अपील पर फैसला आने तक संबंधित निर्णय पर रोक लगाने की मांग कर रहे हैं। सिंघवी ने याचिका में कहा कि निचली अदालत से संबंधित मामले का पूरा रिकॉर्ड तलब करने के बावजूद, सभी दस्तावेज अभी तक शीर्ष अदालत तक नहीं पहुंचे हैं। पीठ ने एक बार फिर रजिस्ट्री को निचली अदालत से मामले के मूल रिकॉर्ड तलब करने का निर्देश दिया और कहा कि उच्च न्यायालय के फैसले पर रोक लगाने के आवेदन पर जनवरी के दूसरे सप्ताह में विचार किया जाएगा।

शीर्ष अदालत ने राज्य सरकार को यह सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया कि गवाही और अन्य दस्तावेजों का अंग्रेजी अनुवाद केस फाइल में शामिल किया जाए। इसने 17 मई को उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था और कहा था कि वह दोषी नहीं ठहराए गए लोगों को सुने बिना इस तरह की कठोर कार्रवाई लिए आदेश पारित नहीं कर सकती।

हालाँकि, शीर्ष अदालत ने उच्च न्यायालय के 29 मार्च के फैसले में दिए गए उस निर्देश पर रोक लगा दी थी, जिसमें राज्य के पुलिस महानिदेशक को घटिया जांचै को लेकर जांच अधिकारी और अन्य पुलिसकर्मियों के खिलाफ जांच का आदेश देने के लिए कहा गया था। इसने कुछ शर्तें लगाई थीं और निर्देश दिया था कि बरी किए गए चार लोग यदि किसी और मामले में वांछित न हों तो उन्हें रिहा कर दिया जाए। शीर्ष अदालत ने चारों को अपने पासपोर्ट जमा करने और जेल से रिहा होने पर जयपुर में आतंकवाद रोधी दस्ते के थाने में दैनिक आधार पर सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे के बीच अपनी उपस्थिति दर्ज कराने को कहा था। राजस्थान सरकार ने 25 अप्रैल को उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देते हुए अपील दायर की थी। पीड़ित परिवारों ने भी फैसले के खिलाफ अपील दायर की है।

राजस्थान उच्च न्यायालय ने 29 मार्च को चार आरोपियों को मौत की सजा देने के निचली अदालत के फैसले को रद्द कर दिया था और घटिया जांच के लिए जांच एजेंसियों की आलोचना की थी। उच्च न्यायालय ने निचली अदालत द्वारा पांचवें आरोपी को बरी किए जाने की भी पुष्टि की थी। शीर्ष अदालत ने कहा था कि यह सच हो सकता है कि यदि किसी जघन्य अपराध में आरोपियों को सजा नहीं मिलती है या उन्हें बरी कर दिया जाता है, तो सामान्य रूप से समाज और विशेष रूप से पीड़ित परिवारों को एक प्रकार की पीड़ा एवं निराशा हो सकती है। इसने कहा था कि हालाँकि, कानून अदालतों को नैतिक विश्वास या केवल संदेह के आधार पर आरोपी को दंडित करने की अनुमति नहीं देता है। दिसंबर 2019 में, एक विशेष अदालत ने चार लोगों-मोहम्मद सैफ, मोहम्मद सलमान, सैफुर्रहमान और मोहम्मद सरवर आज़मी को मौत की सजा सुनाई थी तथा शाहबाज हुसैन को बरी कर दिया था।

# गिल और सिराज आईसीसी वनडे रैंकिंग में शीर्ष पर

भाषा। दुबई





भारतीय सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल और तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज बुधवार को आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) की नवीनतम एकदिवसीय रैंकिंग में क्रमशः बल्लेबाजों और गेंदबाजों की सूची में शीर्ष पर पहुंच गए।

गिल ने शीर्ष स्थान पर बाबर आजम की जगह ली जबकि सिराज ने दक्षिण अफ्रीका के खब्बू स्पिनर केशव महाराज को पहले पायदान से हटाया। मौजूदा विश्व कप में भारत के कई मैचों में ठोस शुरुआत दिलाने वाले गिल ने बाबर की बादशाहत खत्म की। वह सचिन तेंदुलकर, महेंद्र सिंह धोनी और विराट कोहली के बाद बल्लेबाजों में वनडे में शीर्ष स्थान हासिल करने वाले देश के चौथे खिलाड़ी बन गए। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने पिछले सप्ताह श्रीलंका के खिलाफ 92 और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 23 रनों का योगदान दिया था। उन्होंने मौजूदा टूर्नामेंट में छह पारियों में कुल 219 रन बनाए हैं।

बाबर ने विश्व कप में आठ पारियों में कुल 282 रन बनाए हैं और गिल से छह रेटिंग अंक नीचे दूसरे स्थान पर खिसक गए हैं। इससे वनडे रैंकिंग में पिछले दो साल से चली आ रही उनकी की बादशाहत खत्म हो गई।

अन्य भारतीय बल्लेबाजों में विराट कोहली विश्व कप में अपने शानदार प्रदर्शन के बाद चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि कप्तान रोहित शर्मा छठे स्थान पर हैं।

मौजूदा खिलाड़ियों में वनडे में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले कोहली विश्व कप में शानदार लय में है। उन्होंने आठ पारियों में 108.60 की औसत से 543 रन बनाए, जिसमें दो शतक और चार अर्धशतक शामिल हैं।

कोहली तीसरे स्थान पर मौजूद दक्षिण अफ्रीका के क्विंटन डी कॉक से एक रेटिंग अंक पीछे हैं। मध्यक्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर भी 17 स्थान ऊपर चढ़कर रैंकिंग में 18वें स्थान पर पहुंच गए।

पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज फखर जमां (तीन स्थान ऊपर 11वें स्थान पर) और अफगानिस्तान के इब्राहिम जादरान (छह स्थान ऊपर 12वें स्थान पर) भी अच्छी स्थिति में हैं। विश्व कप में सिराज ने 5.23 की इकोनॉमी दर से रन दिए है। उन्होंने इस दौरान आठ मैचों में 10 विकेट चटकाए है। भारत के अन्य गेंदबाजों में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह तीन स्थान ऊपर चढ़कर आठवें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि मोहम्मद शमी सात स्थान ऊपर 10वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव भी तीन पायदान ऊपर चढ़कर चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि साथी गेंदबाज रविंद्र जडेजा आठ पायदान ऊपर 19वें स्थान पर पहुंच गए हैं। बांग्लादेश के कप्तान शाकिब अल हसन हरफनमौला खिलाड़ियों की सूची में शीर्ष पर हैं, जबकि जडेजा 10वें स्थान के साथ सर्वोच्च रैंकिंग वाले भारतीय हैं।

जडेजा विश्व कप में भारत के तीसरे सबसे ज्यादा विकेट चटकाने वाले खिलाड़ी है। उन्होंने आठ मैचों में 3.76 रन प्रति ओवर के हिसाब से खर्च किए है और 14 विकेट चटकाए है। उन्होंने इस दौरान 55.50 की औसत से 111 रन भी बनाए है। चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो चुके हरफनमौला हार्दिक पंड्या 13वें पायदान पर हैं।

# श्रीलंका व न्यूजीलैंड के लिए करो या मरो के मुकाबले पर बारिश का खतरा

भाषा। बेंगलुरू

**शुरूआती** शानदार प्रदर्शन के बाद विश्व कप में न्यूजीलैंड का अभियान मंद पड़ गया और अब श्रीलंका के खिलाफ बृहस्पतिवार को करो या मरो के मुकाबले में उसे हर हालत में लय फिर हासिल करनी होगी।



न्यूजीलैंड के आखिरी लीग मैच पर बारिश का भी खतरा है। न्यूजीलैंड के आठ अंक है और उसे पता है कि हार या बारिश से मैच रद्द होने की दशा में वह टूर्नामेंट से बाहर हो जाएगा।

इस समय न्यूजीलैंड तालिका में चौथे स्थान पर है। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के भी आठ अंक हैं। पाकिस्तान का रनरेट प्लस 0 . 036 है जबकि अफगानिस्तान का माइनस 0.338 है। इन दोनों के भी सेमीफाइनल में पहुंचने की संभावना है बशर्ते पाकिस्तान आखिरी लीग मैच में इंग्लैंड को या अफगानिस्तान दक्षिण अफ्रीका को हरा दे।

ऐसे में न्यूजीलैंड को विशाल अंतर से जीत दर्ज करनी होगी जिसका रनरेट इस समय प्लस 0. 398 है। न्यूजीलैंड के लिए हालात बहुत अच्छे नहीं हैं और सेमीफाइनल की दौड़ में बने रहने के लिए उसे हर हालत में जीतना है। इंग्लैंड की तरह न्यूजीलैंड के बल्लेबाज तो दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच को छोड़कर बाकी मैचों में नाकाम नहीं रहे लेकिन गेंदबाज जरूरत के समय चल नहीं सके। इसी मैदान पर न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान के खिलाफ 400 रन बनाए थे लेकिन पाकिस्तान के फखर जमां के आगे उसके गेंदबाज चल नहीं सके। कठिन हालात में न्यूजीलैंड के गेंदबाजों ने लय खो दी है। यहां तक कि ट्रेंट बोल्ट और टिम साउदी जैसे अनुभवी गेंदबाजों के पास भी प्लान बी नहीं था। बाएं हाथ के स्पिनर मिचेल सेंटनर ने अकेले किला लड़ने की कोशिश की है। अनियमित स्पिनर ग्लेन फिलिप्स पर निर्भरता भी पाकिस्तान के खिलाफ उजागर हो गई। बीच के और आखिरी ओवरों में कीवी गेंदबाज दबाव बनाने में नाकाम रहे हैं और श्रीलंका के खिलाफ इसमें सुधार करना होगा। विश्व कप 2019 की उपविजेता कीवी टीम के प्रदर्शन पर प्रमुख खिलाड़ियों की चोटों का असर रहा है। कप्तान केन विलियमसन, जिम्मी नीशाम, मैट हेनरी और लॉकी फर्ग्युसन जैसे खिलाड़ी चोट के कारण नहीं खेल सके।

विलियमसन ने अभी तक दो ही मैच खेले हैं और अंगूठे की चोट के बावजूद उन्होंने दो अर्धशतक जमाए। उनकी गैर मौजूदगी में न्यूजीलैंड ने लगातार चार मैच गंवाए। रचिन रविंद्र ने काफी रन बनाए हैं और श्रीलंका के खिलाफ भी उन्हें इस लय को कायम रखना होगा। इंग्लैंड के खिलाफ पहले मैच में शतक जमाने के बाद डेवोन कोंवे नहीं चल सके। वह 30 - 40 के स्कोर को बड़ी पारियों में नहीं बदल पाए। दूसरी ओर सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो चुकी श्रीलंकाई टीम के पास पाथुम निसांका और सदीरा समरविक्रमा जैसे बल्लेबाज हैं। उसे भी अहम खिलाड़ियों की चोटों ने प्रभावित किया है। अब वह इस मैच में जीत के साथ सम्मानपूर्वक विदा लेने के इरादे से उतरेंगे।

**टीमें : न्यूजीलैंड:** टॉम लाथम (कप्तान), डेवोन कॉनवे, विल यंग, मार्क चैपमैन, डेरिल मिशेल, जेम्स नीशाम, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रविंद्र, मिशेल सेंटनर, ईश सोढी, टिम साउथी, ट्रेंट बोल्ट, लॉकी फर्ग्युसन और मैट हेनरी।
**श्रीलंका:** कुसल मेंडिस (कप्तान), कुसल परेरा, पथुम निसांका, दुशमंत चमीरा, दिमुथ करुणारत्ने, सदीरा समरविक्रमा, चैरिथ असलांका, धनंजय डी सिल्वा, महेश तीक्षणा, डुनिथ वेलालेज, कसुन राजिथा, एंजेलो मैथ्यूज, दिलशान मदुशंका, दुशान हेमंथा, चमिका करुणारत्ने. मैच का समय : दोपहर दो बजे से।

# इंग्लैंड ने नीदरलैंड को 160 रन से हराया

● तालिका में सातवें स्थान पर पहुंचा

भाषा। पुणे



**बेन** स्टोक्स की आक्रामक शतकीय पारी के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर इंग्लैंड ने आईसीसी वनडे विश्व कप मैच में बुधवार को यहां नीदरलैंड्स को 160 रन से हराकर टूर्नामेंट की दूसरी जीत दर्ज की। दोनों ही टीमें खिताबी दौड़ से बाहर हैं लेकिन विश्व कप में पाकिस्तान को छोड़कर शीर्ष सात स्थानों पर रहने वाली टीमें चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए क्वालीफाई करेंगी। गत चैम्पियन टीम इस मैच से पहले 10वें पायदान पर थी लेकिन बड़ी जीत के बाद इंग्लैंड ने तालिका में सातवें स्थान पर पहुंच कर चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए अपनी दावेदारी मजबूत कर ली है। स्टोक्स ने 83 गेंद में 108 रन की पारी के दौरान छह छक्के और इतने ही चौके लगाए जिससे इंग्लैंड ने नौ विकेट पर 339 रन बनाने के बाद नीदरलैंड की पारी को 37.2 ओवर में 179 रन पर समेट दिया। इंग्लैंड के लिए मोईन अली और राशिद खान ने तीन-तीन विकेट लिए। नीदरलैंड के लिए तेजा निदामानुरू ने 34 गेंद में नाबाद 41 रन बनाए लेकिन उन्हें कप्तान स्कॉट एडवर्ड (42 गेंद में 38 रन) के अलावा किसी और का साथ नहीं मिला। दोनों ने छठे विकेट के लिए 50 गेंद में 59 रन जोड़े। इंग्लैंड को इस मैच में सलामी बल्लेबाज डाविड मलान ने 10 चौके और दो छक्के की मदद से 74 गेंद में 84 रन की पारी खेल तेज शुरुआत दिलाई जबकि स्टोक्स ने मध्यक्रम में टीम को स्थिरता दिलाने के बाद आखिरी ओवरों में तेजी से रन जुटाए। स्टोक्स को आखिरी ओवरों में वोक्स का अच्छा साथ मिला, जिन्होंने 45 गेंद में 51 रन बनाए। दोनों ने सातवें विकेट के लिए 81 गेंद में 129 रन की आक्रामक साझेदारी की। नीदरलैंड की ओर से बास डी लीडे ने 74 रन देकर तीन जबकि आर्यन दत्त और लोगन वैन बीन ने दो-दो विकेट लिए।

लक्ष्य का पीछा करते हुए नीदरलैंड के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज एक बार फिर से टीम को अच्छी शुरुआत दिलाने में नाकाम रहे।

पांचवें ओवर में मैक्स ओडोड (पांच) को क्रिस वोक्स ने चलता किया तो छठे ओवर में डेविड विली की गेंद पर कोलिन एकरमैन खाता खोले बगैर विकेटकीपर जोस बटलर को कैच थमा बैठे।

सलामी बल्लेबाजी वेस्ले बारेसी ने दूसरे छोर से कुछ अच्छे शॉट लगाए। उन्होंने 14वें ओवर में मोईन के खिलाफ लगातार गेंदों पर छक्का और चौका लगाकर टीम के रनों का अर्धशतक पूरा किया। क्रीज पर उनके साथ मौजूद साइब्रांड एंगेलब्रेक्ट ने गस एटकिंसन की गेंद को दर्शकों के पास भेजा। यह साझेदारी खतरनाक हो ही रही थी कि बारेसी दो रन चुराने के चक्कर में गफलत का शिकार होकर रन आउट हो गए। उन्होंने 62 गेंद में 37 रन बनाए। कप्तान बटलर ने 23वें ओवर में गेंद फिर से डेविड विली को थमाई और इस गेंदबाज ने एंगेलब्रेक्ट की 33 रन की पारी को खत्म कर उनका फैसला सही साबित किया। आदिल राशिद ने डी लीडे (10) को बोल्ड कर इंग्लैंड को पांचवीं सफलता दिलाई लेकिन तेजा निदामानुरु ने क्रीज पर आते ही चौका और फिर छक्का जड़ हाथ खोले। उन्होंने और स्कॉट एडवर्ड्स ने राशिद और मोईन के खिलाफ कुछ शानदार छक्के लगाकर मैच में नीदरलैंड की वापसी कराई। मोईन ने एडवर्ड्स को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ने के बाद रोल्फ वान डर मर्वे तो वहीं राशिद ने वैन बीक (दो) और आर्यन दत्त (एक) को आउट कर इंग्लैंड की जीत पक्की कर दी। इससे पहले बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड को जॉनी बेयरस्टो और मलान ने तेज शुरुआत दिलाई।

### स्कोर बोर्ड

**इंग्लैंड पारी:** जॉनी बेयरस्टो का मीकेरेन बो दत्त 15, डाविड मलान रन आउट (एडवर्ड्सा बीक) 87, जो रूट बो बीक 28, बेन स्टोक्स का एंगेलब्रेक्ट बो वैन बीक 108, हैरी ब्रुक्स का एकरमैन बो डी लीडे 11, जोस बटलर का निदामनुरुबो मीकेरेन 05, मोईन अली का डी लीडे बो दत्त 04, क्रिस वोक्स का एडवर्ड्स बो डी लीडे 51, डेविड विली का एंगेलब्रेक्ट बो डी लीडे 06, गस एटकिंसन नाबाद 02, आदिल राशिद नाबाद 01 **अतिरिक्त:** (नो बॉल 01, वाइड: 20) 21 **कुल योग:** (50 ओवर में नौ विकेट पर) 339 रन **विकेट पतन:**1-48, 2-133 , 3-139, 4-164 , 5-178 , 6-192, 7-321, 8-327 , 9-334 **गेंदबाजी:** दत्त 10-0-67-2 वैन बीक 10-0-88-2, मीकेरेन 10-0-57-1, डी लीडे 10-0-74-3 मर्वे 3-0-22-0, एकरमैन 7-0-31-0

**नीदरलैंड पारी:** वेस्ले बारेसी रन आउट (वोक्साअली) 37, मैक्स ओडोड का अली बो वोक्स 05, कोलिन एकरमैन का बटलर बो विली 00, साइब्रांड एंगेलब्रेक्ट का वोक्स बो विली 33, स्कॉट एडवर्ड्स का मलान बो मोईन 38, बास डी लीडे बो राशिद 10, तेजा निदामानुरु नाबाद 41, लोगन वैन बीक का मलान बो राशिद 02, रोल्फ वैन डर मर्व का राशिद बो मोईन 00, आर्यन दत्त बो राशिद 01, पॉल वैन मीकेरेन स्टं. बटलर बो मोईन 04 **अतिरिक्त:** (लेग बाई: 04 , वाइड: 04) 08 **कुल योग:** (37.2 ओवर में सभी आउट) 179 रन, **विकेट पतन:**1-12, 2-13, 3-68, 4-90, 5-104, 6-163, 7-166 , 8-167 , 9-174 **गेंदबाजी:** वोक्स 7-0-19-1 विली 7-2-19-2 एटकिंसन7-0-41-0 मोईन 8.2-0-42-2 राशिद 8-0-54-3

# भारतीय बल्लेबाजों ने चखा बुमराह की गेंदों का स्वाद

**बेंगलुरू।** भारतीय क्रिकेटरों ने नीदरलैंड के खिलाफ रविवार को होने वाले विश्व कप के अंतिम लीग मैच से पहले बुधवार को यहां वैकल्पिक अभ्यास सत्र में भाग लिया, जिसमें बल्लेबाजों ने तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की तीखी गेंदों का स्वाद भी चखा। बुमराह की शार्ट पिच गेंद पेट पर लगने के कारण इशान किशन कुछ समय के लिए जमीन पर लेट गए थे। उन्हें इस चोट से उबरने और फिर से अभ्यास शुरू करने में थोड़ा समय लगा। शुभमन गिल ने मोहम्मद सिराज, शार्दुल ठाकुर और प्रसिद्ध कृष्णा के खिलाफ आक्रामक रवैया अपनाया और उन पर लंबे शॉट लगाए लेकिन जब उन्होंने बुमराह का सामना किया तो रक्षात्मक बल्लेबाजी की। यह भले ही वैकल्पिक अभ्यास सत्र था लेकिन बुमराह ने एक सेकंड के लिए भी इसे हल्के से नहीं लिया। उन्होंने पूरे 20 मिनट तक अपनी पूरी क्षमता के साथ गेंदबाजी की।

वैकल्पिक अभ्यास सत्र होने के कारण विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, मोहम्मद शमी और कुलदीप यादव ने इसमें भाग नहीं लिया जबकि अन्य खिलाड़ियों ने एम चिन्नास्वामी स्टेडियम की नेट पर समय बिताया।

कोलकाता में दक्षिण अफ्रीका पर 243 रन की बड़ी जीत दर्ज करने के बाद भारतीय टीम मंगलवार को यहां पहुंची थी। इसके बाद खिलाड़ियों ने एक दिन विश्राम किया। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली पहली टीम थी।

# प्रणय की ओलंपिक क्वालीफिकेशन पर है निगाहें

भाषा। मुंबई



**पीठ** की चोट से उबर रहे भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी एचएस प्रणय वापसी को लेकर किसी तरह की जल्दबाजी में नहीं हैं क्योंकि वह जानते हैं कि अगले साल होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई करना आसान काम नहीं होगा।

विश्व के आठवें नंबर के खिलाड़ी प्रणय को लगता है कि बैडमिंटन में ओलंपिक क्वालीफिकेशन प्रणाली बड़ा मसला है क्योंकि खिलाड़ी अपने पसंदीदा टूर्नामेंट का चयन नहीं कर सकते हैं।

पीठ की चोट के बावजूद प्रणय ने एशियाई खेलों में पुरुष एकल में कांस्य पदक जीता था और इस तरह से इस स्पर्धा में भारत का पदक जीतने का 41 साल का इंतजार खत्म किया था।

प्रणय ने पीटीआई से कहा, मेरी पीठ की चोट पहले से बेहतर है, लेकिन मैं वापसी को लेकर किसी तरह की जल्दबाजी में नहीं हूं। मैं यही कहूंगा कि एशियाई खेलों के दौरान मेरी पीठ की स्थिति जैसी थी, वह अब उससे बेहतर है। मैंने अभ्यास भी शुरू कर दिया है। देखना है कि अगली कुछ प्रतियोगिताओं में चीजें कैसे आगे बढ़ती हैं।

प्रणय को इस महीने जापान ओपन सुपर 500 और चीन ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट में हिस्सा लेना है। ओलंपिक क्वालीफिकेशन की समय सीमा एक मई 2023 से शुरू हो गई है और यह अगले साल 28 अप्रैल तक चलेगी। विश्व रैंकिंग में शीर्ष 16 में रहने वाले खिलाड़ी ओलंपिक में जगह बनाएंगे।

उन्होंने कहा, बैडमिंटन में यह सबसे बड़ी समस्या है की क्वालिफिकेशन की अवधि 30 अप्रैल तक है। बैडमिंटन में सबसे मुश्किल काम क्वालिफाई करना है। इसके लिए आपको विश्व रैंकिंग में शीर्ष 16 में रहना होगा।

प्रणय ने कहा, ओलंपिक चक्र में यह सबसे बड़ा मसला है। आप अपनी पसंदीदा प्रतियोगिताओं का चयन नहीं कर सकते हैं। हमें खुद को सुरक्षित क्षेत्र में रखने के लिए कई प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेना होता है।

उन्होंने कहा, लेकिन अप्रैल के बाद आप अपनी पसंद की प्रतियोगिताओं का चयन कर सकते हैं और आपके पास अभ्यास के लिए दो से तीन महीने का समय रहेगा। लेकिन उससे पहले ओलंपिक में जगह बनाने की दौड़ जारी रहेगी। जो भी खिलाड़ी ओलंपिक में खेलना चाहता है उसके पास अभी मौका है।

# एआईएफएफ ने महासचिव शाजी को भरोसे की कमी के कारण निकाला

भाषा। नई दिल्ली

**अखिल** भारतीय फुटबॉल महासंघ ने अपने महासचिव शाजी प्रभाकरण को विश्वास के हनन के कारण बर्खास्त कर दिया। प्रभाकरण ने हालांकि इस कार्रवाई को अपने खिलाफ षड्यंत्र करार दिया।

प्रभाकरण को नियुक्ति के 14 महीने के भीतर ही बर्खास्त कर दिया गया। एआईएफएफ ने यह नहीं बताया कि विश्वास के हनन की किस घटना के कारण यह कदम उठाना पड़ा। एआईएफएफ ने एक बयान में कहा, अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ इसकी घोषणा करता है कि डॉक्टर शाजी प्रभाकरण की सेवाएं विश्वास के हनन के कारण सात नवंबर 2023 को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त कर दी गई है। इसमें कहा गया, एआईएफएफ उप महासचिव सत्यनारायण एम तत्काल प्रभाव से कार्यवाहक महासचिव होंगे।

एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे ने मंगलवार को प्रभाकरण को बर्खास्तगी का पत्र दिया। उन्हें तीन सितंबर 2022 को ही यह पद दिया गया था। प्रभाकरण ने हालांकि कहा कि इस फैसले की संवैधानिक मान्यता नहीं है। दिल्ली फुटबॉल से जुड़े इस 51 साल के प्रशासक ने कहा, एआईएफएफ संविधान के अनुसार महासचिव को केवल कार्यकारी समिति ही बर्खास्त कर सकती है। इस फैसले को ना तो कार्यकारी समिति ने मंजूर किया है ना ही इसकी कोई संवैधानिक वैधता है।

प्रभाकरण ने इसे अपने खिलाफ साजिश करार देते हुए कहा, मुझे कहना होगा कि इस निर्णय के पीछे जरूर कुछ साजिश है। मैं अब तक इस षड्यंत्र को समझ नहीं पा रहा हूं। निर्वाचित सदस्य के रूप में आपको जिम्मेदारी है कि आप आसन से सही सवाल पूछें, यह मेरे लिए नहीं बल्कि खेल की भलाई के लिए है।

# शादाब वापसी के लिए तैयार, बाबर ने नेट्स पर बहाया पसीना

भाषा। कोलकाता



**पाकिस्तान** के ऑलराउंडर शादाब खान सिर में लगी चोट से उबरकर वापसी के लिए तैयार दिख रहे हैं जबकि इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले विश्व कप मैच से पहले कप्तान बाबर आजम ने बुधवार को यहां अभ्यास सत्र में जमकर पसीना बहाया।

पाकिस्तान के खिलाड़ियों ने दो दिन तक कोलकाता घूमने के बाद बुधवार की शाम को तीन घंटे तक अभ्यास सत्र में हिस्सा लिया। सेमीफाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखने के लिए उसे इंग्लैंड के खिलाफ हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। शादाब ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच में चोटिल होने के बाद पहली बार गेंदबाजी की।

यह 25 वर्षीय बल्लेबाज क्षेत्ररक्षण करते समय गिर गया था और उनके सिर में चोट लगी थी। इसके कारण वह बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के खिलाफ अगले दो मैच में नहीं खेल पाए थे। शादाब ने अभ्यास सत्र के दौरान अपनी पूरी क्षमता से गेंदबाजी की और उसके बाद बल्लेबाजी का भी अभ्यास किया।

बाबर के प्रदर्शन में निरंतरता नहीं होने के कारण पाकिस्तान को बल्लेबाजी में जूझना पड़ा है। उन्होंने अभी तक आठ पारियों में चार अर्धशतक लगाए हैं लेकिन वह अपनी किसी भी अच्छी शुरुआत को शतक में नहीं बदल पाए हैं। यही वजह है कि उन्होंने विश्व रैंकिंग में अपना नंबर एक स्थान गंवा दिया है।

बाबर बड़ी पारी खेलने के लिए बेताब दिख रहे हैं और इसलिए उन्होंने नेट पर सबसे अधिक समय बिताया और विशेषकर तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी का सामना किया। उन्होंने स्पिनरों के खिलाफ स्वीप शॉट भी लगाए ताकि वह आदिल राशिद और मोईन अली का डटकर सामना कर सकें। पसलियों में दर्द के कारण एमआरआई कराने वाले तेज गेंदबाज हारिस रऊफ ने भी अभ्यास सत्र के दौरान अपनी पूरी क्षमता से गेंदबाजी की। पाकिस्तान और इंग्लैंड के बीच शनिवार को होने वाला मैच नए विकेट पर खेला जाएगा जिस पर अभी तक विश्व कप का कोई मैच नहीं खेला गया है। बंगाल क्रिकेट संघ के क्यूरेटर सुजान मुखर्जी ने इसे बल्लेबाजों के लिए अनुकूल विकेट करार दिया।

उन्होंने कहा, इस विकेट से स्पिनरों को भी मदद मिलेगी और ओस के कारण इसका व्यवहार थोड़ा भिन्न होगा। मैं पक्के तौर पर नहीं कह सकता कि इस पर कितनी घास रखी जाएगी क्योंकि मैच होने में अभी थोड़ा समय है।

# तीन टीमें, तीन दिन और एक स्थान : विश्व कप सेमीफाइनल में किससे भिड़ेगा भारत?

भाषा। कोलकाता

**आस्ट्रेलिया** की अफगानिस्तान पर चमत्कारिक जीत के बाद यह तय हो गया कि विश्व कप सेमीफाइनल में उसका सामना दक्षिण अफ्रीका से होगा लेकिन भारत के खिलाफ खेलने के लिए अभी न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और अफगानिस्तान तीनों दौड़ में हैं।

न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और अफगानिस्तान के आठ आठ अंक हैं लेकिन नेट रनरेट के आधार पर ही उनके क्रम में अंतर है।

न्यूजीलैंड का रनरेट (प्लस 0.398) सबसे ज्यादा है तो बेंगलुरू में आखिरी ग्रुप मैच में श्रीलंका से खेलेगी। उसे अच्छे अंतर से जीत दर्ज करने के अलावा यह दुआ भी करनी होगी कि पाकिस्तान (प्लस 0.036) और अफगानिस्तान (माइनस 0.038) हार जाएं।

न्यूजीलैंड लगातार चार मैच हार चुका है और बेंगलुरू में मैच के दौरान बारिश की भी संभावना है।

ईडन गार्डंस पर भारत और पाकिस्तान के बीच सेमीफाइनल की संभावना बनी हुई है। इसके लिए पाकिस्तान को शनिवार को इंग्लैंड पर धमाकेदार जीत दर्ज करनी होगी।

बाबर आजम की टीम लय में लौट रही है और उसे एक बड़ी जीत की जरूरत है। उसके पास फायदा यह है कि उसे न्यूजीलैंड और अफगानिस्तान के मैचों के बाद खेलना है लिहाजा उसे सारे समीकरण पता होंगे।

# पावरग्रिड टी-20 अंतर क्षेत्रीय क्रिकेट टूर्नामेंट में आज खेले जाएंगे सेमीफाइनल मुकाबले

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**पिछले** संस्करण की विजेता कॉरपोरेट सेंटर, उपविजेता उत्तर क्षेत्र-1 सहित उत्तर क्षेत्र -2 एवं पश्चिम क्षेत्र-2 ने पावरग्रिड टी-20 अंतर क्षेत्रीय क्रिकेट टूर्नामेंट के लीग मुकाबलों के पूरे होने के साथ सेमीफाइनल में जगह बना ली। भारत सरकार की महारत्न कंपनी पावरग्रिड, उत्तरी क्षेत्र- 3 द्वारा आयोजित इस टूर्नामेंट में उत्तर क्षेत्र - 2 पूल ए में 4 मैचों में चार जीत के चलते आठ अंक के साथ शीर्ष पर और उत्तर क्षेत्र -1 चार मैचों में 3 जीत के चलते 6 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहते हुए सेमीफाइनल में पहुंचे।

पूल बी में कॉरपोरेट सेंटर ने 5 मैचों में 5 जीत के चलते 10 अंक के साथ शीर्ष पर और पश्चिम क्षेत्र- 2 ने पांच मैचों में चार जीत के चलते आठ अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहते हुए सेमीफाइनल में जगह बना ली। लार्ड बालाजी ग्राउंड पर मैन ऑफ द मैच ओवैस (4 विकेट) की उम्दा गेंदबाजी से उत्तर क्षेत्र -2 ने उत्तर क्षेत्र -3 को 3 विकेट से हराया। उत्तर क्षेत्र -3 ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 18.5 ओवर में 105 रन बनाए। जवाब में उत्तर क्षेत्र -2 ने 18.5 ओवर में 7 विकेट पर 106 रन बनाकर मैच जीत लिया। जीत में मंजोत बरार ने 27, निखिल झा व उमर सिद्दीक ने 14-14 रन बनाए।

जयपुरिया मैदान पर पश्चिम क्षेत्र -2 ने दक्षिण क्षेत्र -1 को 7 विकेट से हराया। दक्षिण क्षेत्र -1 पहले बल्लेबाजी करते हुए 11.2 ओवर में 61 रन ही बना सका। पश्चिम क्षेत्र-2 से राकेश पटेल ने 4, सपन ने 3 व सचिन सिंह ने 2 विकेट हासिल किए। जवाब में पश्चिम क्षेत्र-2 ने अंकित मिश्रा (नाबाद 27) की पारी से 12 ओवर में 3 विकेट पर 62 रन बनाकर मैच जीत लिया।

अन्य मुकाबलों में दक्षिण क्षेत्र - 2 ने पूर्वोत्तर क्षेत्र को नौ विकेट से, कॉरपोरेट सेंटर ने पश्चिम क्षेत्र- 2 को 5 विकेट से, पश्चिम क्षेत्र -1 ने उत्तर क्षेत्र- 3 को आठ विकेट से और दक्षिण क्षेत्र-2 ने दक्षिण क्षेत्र -1 को 8 विकेट से हराया। टूर्नामेंट के सेमीफाइनल मुकाबले गुरुवार को जयपुरिया ग्राउंड पर खेले जाएंगे। पहले सेमीफाइनल उत्तर क्षेत्र -2 बनाम पश्चिम क्षेत्र 2 और दूसरा सेमीफाइनल कॉरपोरेट सेंटर बनाम उत्तर क्षेत्र-1 के बीच खेला जाएगा।

# एशियाई खेल और पैरा एशियाई खेलों में 100 से अधिक पदक जीतना बड़ी उपलब्धि: पीटी उषा

नई दिल्ली। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने चीन के हांगझोउ में हाल में समाप्त हुए एशियाई खेल और पैरा एशियाई खेलों में भारतीय खिलाड़ियों के प्रदर्शन को बेहतरीन करार देते हुए बुधवार को यहां कहा कि इन दोनों प्रतियोगिताओं में 100 से अधिक पदक जीतना बड़ी उपलब्धि है।

उषा यहां राष्ट्रीय खेलों की गोल्फ प्रतियोगिता देखने के लिए दिल्ली गोल्फ क्लब पहुंची थी। यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार उषा ने कहा, हमारे खिलाड़ियों ने एशियाई खेल और एशियाई पैरा खेल दोनों में बेहतरीन प्रदर्शन किया। दोनों प्रतियोगिताओं में 100 से अधिक पदक जीतना बड़ी उपलब्धि है। जब भी मैं एशियाई खेलों के किसी स्थल पर जाती तो कोई भारतीय पदक जीत रहा होता था जिससे मुझे गर्व महसूस होता था। भारत ने एशियाई खेलों में 28 स्वर्ण पदक सहित कुल 107 पदक जीते थे जबकि इसके बाद पैरा एशियाई खेलों में 29 स्वर्ण पदक सहित 111 पदक अपने नाम किए थे।

उषा ने एशियाई खेलों में भारतीय गोल्फरों विशेष कर अदिति अशोक के प्रदर्शन की सराहना की। अदिति ने महिलाओं की व्यक्तिगत स्पर्धा में रजत पदक जीतकर इतिहास रचा था। उषा ने कहा, राष्ट्रीय खेलों में मैंने किसी खिलाड़ियों को प्रतिस्पर्धा करते देखना शानदार अनुभव था। मैंने कभी किसी गोल्फ प्रतियोगिता को इतने करीब से नहीं देखा था। वास्तव में, मैंने आज गोल्फ में भी हाथ आजमाए।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गांगुली द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ए, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गांगुली, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।